CMYK

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 23°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, शुक्रवार 27 जून 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 236 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 1 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



शहरों में घर खरीदना गरीबों के बजट से कोसो दूर: राहुल गांधी पेज 2



कार्लसन के साथ नौ साल के आरित ने खेला ड्रॉ खेल टाइम्स



इस्लामी हिज़्री के पहले महीने मुहर्रम की अज़ीम है फज़ीलत संपादकीय



डोनाल्ड ट्रम्प की टेंशन बढ़ा रही खुफिया रिपोर्ट पेज 12

# एक्सिओम-4 मिशन अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन से सफलतापूर्वक जुड़ा, रचा इतिहास

## शुभांशु 28 घंटे सफर करके इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पहुंचे



फ्लोरिडा, वार्ता

**एक्सिओम**-4 मिशन का स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़ गया और इसके साथ ही,भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने इतिहास रच दिया। वह आईएसएस में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए।

भारतीय अंतरिक्ष आकांक्षाओं के लिए एक बड़ी छलांग लगाते हुए भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला गुरुवारको इतिहास में तब दर्ज हो गए जब ड्रैगन कैप्सूल आईएसएस पर हार्मनी मॉड्यूल से भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे धीरे-धीरे जुड़ गया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने इसकी पुष्टि की है। ग्रुप कैप्टन शुक्ला इस मिशन के पायलट हैं। इस मिशन ने बुधवार को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। मिशन में ग्रुप कैप्टन शुक्ला के साथ पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन,पोलैंड के स्लावोज़ उज्नान्स्की- विस्निएव्स्की और हंगरी के टिबोर कपू गए हैं। इस बीच शुक्ला ने अंतरिक्ष से दिल को छू लेने वाला संदेश भेजा, जिसने लाखों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से नमस्कार! जब मैं कैप्सूल में बैठा था, तो मेरे दिमाग में बस यही विचार था कि 'चलो बस चलते हैं' और फिर अचानक, कुछ नहीं-आप तैर रहे थे। पृथ्वी के ऊपर तैरते हुए मैं दृश्यों का आनंद ले रहा था, एक बच्चे की तरह सीख रहा था। भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम पर बारीकी से नजर रखने वाले वैज्ञानिक डा. आरसी कपूर ने कहा कि डॉकिंग एक नाजुक ऑपरेशन है, जिसके लिए अत्यधिक सटीकता की आवश्यकता होती है।

**भारतीय अंतरिक्ष आकांक्षाओं के लिए एक बड़ी छलांग, ISS में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने शुभांशु शुक्ला**

### नीट-यूजी: सुप्रीम कोर्ट का दिल्ली हाईकोर्ट से मामला ट्रांसफर करने से इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 2025 को चुनौती देने वाली एक रिट याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने असद खत्री की गुहार ठुकराते हुए कहा कि यह याचिका सार्वजनिक हित के तथ्यों पर आधारित नहीं है और इसलिए इस विवाद का शीर्ष अदालत की बजाय उच्च न्यायालय में ही निपटारा किया जाना चाहिए।

### चुनाव आयोग ने 345 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों को सूची से हटाया

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने ऐसे 345 पंजीकृत गैर- मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की पहचान कर उनको सूची से हटाने का काम शुरू कर दिया है, जो पिछले छह वर्षों में एक भी चुनाव लड़ने की आवश्यक शर्त को पूरा करने में विफल रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्त डा. सुखबीर सिंह संधू और डा. विवेक जोशी ने मिलकर 345 पंजीकृत गैर- मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस दायरे में वे सभी राजनीतिक दल होंगे जो 2019 से कहीं भी सक्रिय नहीं हैं।

### जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में एक आतंकी ढेर

**उधमपुर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में बसंतगढ़ इलाके में गुरुवार सुबह से जारी एनकाउंटर में एक आतंकी मारा गया है। इलाके में तीन और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। सेना और पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी है। आईजीपी जम्मू जोन भीम सेन ने बताया कि बसंतगढ़ के बिहाली इलाके में पिछले एक साल से 4 आतंकियों के छिपे होने की खबर थी। गुरुवार सुबह साढ़े 8 बजे इनकी जानकारी मिलने के बाद सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान आतंकियों ने सिक्योरिटी फोर्सेज के जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक आतंकी मारा गया है।

### सुप्रीम कोर्ट मराठा आरक्षण पर जुलाई में करेगा विचार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय महाराष्ट्र में शिक्षा और रोजगार में मराठाओं को 10 फीसदी आरक्षण प्रावधान को चुनौती देने वाली याचिका पर 14 जुलाई के बाद विचार करेगा। न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने गुरुवार को एक अधिवक्ता की संबंधित मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की गुहार पर यह अनुमति दी। पीठ ने कहा कि याचिका को फिर से खुलने वाले सप्ताह (गर्मी की छुट्टियों के बाद 14 जुलाई से शुरू होने वाले सामान्य कार्य दिवस) में सूचीबद्ध किया जाएगा।

### भारतीय अंतर्राष्ट्रीय परिधान मेला एक जुलाई से

**नई दिल्ली।** एशिया के सबसे बड़े परिधान मेले - भारतीय अंतर्राष्ट्रीय परिधान मेले का 73 वां संस्करण एक जुलाई से राष्ट्रीय राजधानी में आरंभ होगा जिसमें 79 देशों में प्रतिनिधि शामिल होंगे। मेला आयोजकों ने गुरुवार को यहां बताया कि ये मेला तीन जुलाई तक चलेगा। मेले का उद्घाटन कपड़ा एवं विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गरीटा करेंगे। मेले का आयोजन परिधान निर्यात संवर्धन परिषद, अंतर्राष्ट्रीय परिधान मेला एसोसिएशन, परिधान निर्यातक एवं निर्माता संघ, भारतीय वस्त्र निर्माता संघ, गारमेंट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान मिलकर कर रहे हैं।

# पाक रक्षा मंत्री से नहीं मिले राजनाथ

## एससीओ समिट: साझा दस्तावेज में पहलगाम हमले का जिक्र नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में चीन और पाकिस्तान के गठजोड़ के नापाक इरादों को नाकाम करते हुए सदस्य देशों के आतंकवाद पर संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया। एससीओ के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों की दो दिन की बैठक चीन के किंगदाओ में हो रही है। चीन की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

एससीओ के रक्षा मंत्रियों की बैठक हुई। इसमें भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ, दोनों शामिल हुए थे। हालांकि, राजनाथ सिंह ने पाकिस्तानी रक्षा मंत्री से मुलाकात नहीं की। सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवाद पर सदस्य देशों के संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया है। सूत्रों ने बताया कि चीन और पाकिस्तान संयुक्त वक्तव्य में जम्मू- कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले का उल्लेख नहीं करना चाहते थे और इसके बजाय पाकिस्तान में जाफर ट्रेन हाइजैक के मामले को वक्तव्य में शामिल करने पर आमादा थे। सूत्रों ने कहा कि भारत ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इन्कार कर दिया। इससे एससीओ की बैठक के संपन्न होने पर संयुक्त वक्तव्य जारी नहीं किया जाएगा।



**भारत ने एससीओ में आतंकवाद पर संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से इन्कार किया**

**शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के संपन्न होने पर संयुक्त वक्तव्य जारी नहीं किया जाएगा**

### आतंकवाद के खात्मे को SCO का एकजुट होना जरूरी: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के समक्ष आतंकवाद पर भारत का रुख एकदम स्पष्ट करते हुए दो टूक शब्दों में कहा कि आतंकवाद का हर कृत्य आपराधिक तथा अनुचित है और संगठन को सामूहिक सुरक्षा के लिए इस खतरे को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट होना चाहिए।

# सीजेआई गवई का बड़ा बयान संविधान सबसे ऊपर, संसद नहीं

अमरावती, वार्ता

**भारत के मुख्य** न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि भारत का संविधान सबसे ऊपर है। हमारे लोकतंत्र के तीनों अंग (न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका) संविधान के अधीन काम करते हैं। सीजेआई गवई ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि संसद सर्वोच्च है, लेकिन मेरी राय में संविधान सर्वोपरि है। सुप्रीम कोर्ट के 52वें सीजेआई के रूप में शपथ लेने वाले जस्टिस गवई होमटाउन अमरावती में अपने अभिनंदन समारोह में बोल रहे थे।

सीजेआई गवई ने कहा कि संसद के पास संशोधन करने की शक्ति है, लेकिन वह संविधान के मूल ढांचे को बदल नहीं सकती। सीजेआई गवई ने कहा कि एक जज को हमेशा याद रखना चाहिए कि हमारा एक कर्तव्य है और हम नागरिकों के अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों और सिद्धांतों के संरक्षक हैं। हमारे पास केवल शक्ति नहीं है, बल्कि हम पर एक कर्तव्य भी डाला गया है। किसी जज को इस बात को लेकर नहीं चलना चाहिए कि लोग उनके फैसलों के बारे में क्या कहेंगे या क्या महसूस करेंगे। चीफ जस्टिस ने कहा कि हमें स्वतंत्र रूप से सोचना होगा। लोग क्या कहेंगे, यह हमारी फैसले लेने की प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बन सकता। सीजेआई ने कहा कि मैंने हमेशा अपने निर्णयों और काम को बोलने दिया और हमेशा संविधान में निहित मौलिक अधिकारों के साथ खड़ा रहा। बुलडोजर न्याय के खिलाफ अपने फैसले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आश्रय का अधिकार सर्वोच्च है।



**कहा: लोकतंत्र के तीनों हिस्से इसके अधीन, संसद के पास संशोधन की शक्ति, लेकिन मूल ढांचा नहीं बदल सकती**

# कांग्रेस ने महाराष्ट्र व हरियाणा चुनाव की वीडियो रिकॉर्डिंग मांगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव के मतदाताओं की सूची, मतदान के दिन की वीडियो रिकॉर्डिंग तथा मशीन रीडेबल कॉपी उपलब्ध कराने की मांग की है।

कांग्रेस ने चुनाव आयोग सचिवालय के सचिव अश्विनी कुमार मोहल को 25 जून को लिखे दो पेज के पत्र में कहा है कि महाराष्ट्र तथा हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जिन सवालों को उठाया है, उन्हें लेकर आयोग ने 12 जून को जो जवाब दिया है , उसके मद्देनजर पार्टी मांग करती है कि उसे मतदाता सूची और मतदान के दिन के वीडियो फुटेज एक सप्ताह में उपलब्ध कराए जाएं। पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस यह मांग लगातार कर रही है और उसकी मांग के अनुरूप वोटर लिस्ट तथा वीडियो फुटेज उपलब्ध कराना आयोग के लिए कठिन काम नहीं है।

**वोटर लिस्ट व मशीन रीडेबल कॉपी भी मांगी**

### ऑपरेशन सिंधु: ईरान से 272 भारतीय व 3 नेपाली दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंधु के तहत ईरान से 272 भारतीयों और तीन नेपाली नागरिकों को लेकर एक और विमान गुरुवार मध्य रात्रि यहां पहुंचा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जानकारी देते हुए एक्स पर पोस्ट किया कि इस उड़ान के साथ अब तक पश्चिम एशिया में तनाव के बीच ईरान से 3,426 भारतीय नागरिकों को वापस लाया जा चुका है। ऑपरेशन सिंधु के तहत 25 एवं 26 जून को मध्य रात्रि 12:01 बजे मशहद से नई दिल्ली पहुंची एक विशेष उड़ान से 272 भारतीय और तीन नेपाली नागरिक यहां पहुंचे।

## बद्रीनाथ हाईवे पर भीषण सड़क हादसा

# टेम्पो ट्रैवलर अलकनंदा में बहा, 12 के मरने की आशंका

## तीन शव बरामद, नौ लापता, चार गंभीर घायलों को एम्स भेजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** चारधाम यात्रा मार्ग पर गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। ऋषिकेश-बद्रीनाथ हाईवे पर घोलतीर के पास यात्रियों से भरी मिनी बस (टेंपो ट्रैवलर) 250 मीटर गहरी खाई में गिरकर अलकनंदा नदी में समा गई।

हादसे में 3 यात्रियों की मौत हो गई, 9 लापता हैं, जबकि 4 गंभीर घायलों को एयर एंबुलेंस से एम्स ऋषिकेश भेजा गया है। बस में कुल 20 यात्री सवार थे, जो विभिन्न राज्यों (मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र) से चारधाम यात्रा पर निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस और आईटीबीपी ने सर्च और रेस्क्यू अभियान चलाया, लेकिन नदी का जलस्तर बढ़ा होने के कारण बस का सुराग नहीं लग सका।

### कालसी: कार खाई में गिरी, तीन युवकों की मौत

**विकासनगर।** कालसी- चकराता मोटर मार्ग पर बीती रात एक कार अनियंत्रित होकर 500 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में तीन युवकों की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल युवक को हायर सेंटर रेफर किया गया है। चारों युवक विकासनगर से चकराता की ओर जा रहे थे कि चापनू गांव के पास हादसा हो गया। मृतकों की पहचान मुकेश राणा (21), प्रियांशु चौहान (22) और दीपक सती (25) के रूप में हुई है। गंभीर घायल मंगल चौहान निवासी मटियावा चकराता का अस्पताल में इलाज जारी है। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ, पुलिस और राजस्व विभाग की टीमों ने रेस्क्यू कर शवों को बाहर निकाला और घायल को अस्पताल पहुंचाया।



# सीवीआर-एफडीआर के डेटा की जांच पूरी, निष्कर्ष शीघ्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के बोइंग 787.8 ड्रीमलाइनर विमान के कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर्स (सीवीआर) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर्स (एफडीआर) का डेटा प्रयोगशाला में निकाल लिया गया है और जल्द ही इसका निष्कर्ष सामने आने की संभावना है।

नागर विमानन मंत्रालय ने गुरुवार को यहां एक बयान में यह जानकारी दी। भारत, अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) की शिकागो संधि (1944) के हस्ताक्षरकर्ता और आईसीएओ अनुलग्नक 13 और विमान (दुर्घटनाओं और घटनाओं की जांच) नियम, 2017 के अनुसार विमान दुर्घटनाओं की जांच करता है। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) ऐसी जांच के लिए नामित प्राधिकरण है। बयान में कहा गया है कि एयर इंडिया फ्लाइट एआई-171 से जुड़ी दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना के बाद, एएआईबी ने तुरंत एक जांच शुरू की और निर्धारित मानदंडों के अनुरूप 13 जून को एक बहु-विशेषज्ञ दल का गठन किया। अंतर्राष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार गठित टीम का नेतृत्व एएआईबी के महानिदेशक द्वारा किया जाता है और इसमें एक विमानन चिकित्सा विशेषज्ञ, एक एटीसी अधिकारी और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) के प्रतिनिधि शामिल हैं, जो इस तरह की जांच के लिए आवश्यक निर्माण और डिजाइन राज्य (यूएसए) से सरकारी जांच एजेंसी है। बयान के अनुसार दुर्घटनास्थल से सीवीआर और एफडीआर क्रमशः 13 जून को दुर्घटना स्थल पर इमारत की छत से और 16 जून को मलबे से बरामद किया गया था। उनके सुरक्षित संचालन, भंडारण और परिवहन के लिए मानक संचालन प्रक्रियाएं पूरी की गईं। इन उपकरणों को अहमदाबाद में कड़ी पुलिस सुरक्षा और सीसीटीवी निगरानी में रखा गया था।




# हिमाचल में पांच जगह बादल फटने से नदी-नालों में बाढ़

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में एमपी, राजस्थान और गुजरात समेत सभी राज्यों बारिश का सिलसिला जारी है।

पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा नुकसान हिमाचल में हुआ है। कुल्लू जिले में एक दिन पहले 5 जगह- जीवा नाला (सैंज), शिलागढ़ (गढ़सा) घाटी, स्त्रो गैलरी (मनाली), होरनगढ़ (बंजार), कांगड़ा और धर्मशाला के खनियारा में बादल फटने से अब तक 5 लोगों की मौत हो गई। 7 से ज्यादा लापता हैं। सबसे ज्यादा नुकसान सैंज में जीवा नाला के नजदीक एनएचपीसी के प्रोजेक्ट साइट पर हुआ। यहां गुरुवार दोपहर तक 4 और लोगों के शव बरामद हुए। बताया जा रहा है 15 से 20 लोग बह गए हैं, लेकिन इनकी अब तक पुष्टि नहीं हुई है। उधर, गुजरात के अहमदाबाद, सूरत और नवसारी जिलों में तेज बारिश हो रही है।

**मरने वालों की संख्या पांच हुई, सात से ज्यादा लापता**

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस ने हिमाचल में जानमाल के नुकसान पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण लोगों के मारे जाने की घटनाओं पर शोक व्यक्त करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से राहत बचाव कार्यों में प्रशासन की मदद करने का आग्रह किया है। गांधी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश से हुए जान-माल के नुकसान की खबर बेहद दुखद है। कई लोग अब भी लापता हैं। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और लापता लोगों के सकुशल लौटने की आशा करता हूं। प्रशासन और राहत दल पूरी तत्परता से काम कर रहे हैं।

### हिंसा का समर्थन नहीं करती सपा: अखिलेश

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा है कि अगर इटावा की घटना का पता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पता चल गई, तो कहीं वे सीएम योगी को डांट न पिला दें। पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि पिछले 16 साल से कथावाचक ने चोटी रखी थी। बीजेपी के लोग इस घटना में शामिल हैं, उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हिंसा का समर्थन नहीं करती है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार में कुछ भी हो सकता है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने तंज किया कि अगर ट्रंप जी को पता चल जाए, इटावा में ये हुआ है तो ट्रंप न डांट दें। अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी कुंभ पर झूठ बोल सकती है, मरने वाले का आंकड़ा छुपा सकती है। शंकराचार्य झूठ बोल सकते हैं, पुलिस कैश पैसे बांटती है। उन्होंने कहा कि जातीय संघर्ष पर बात करने की वाले सीएम अब तक क्या सो रहे हैं।

# नीट परीक्षा में धांधली की व्यापक स्तर पर हो जांच: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा-नीट में हो रही कथित धांधली को लेकर राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (एनटीए) पर भ्रष्टाचार करने का आरोप लगाया और कहा कि जिस एनटीए को इस परीक्षा को पारदर्शी तरीके से कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वह भ्रष्टाचारी एजेंसी बन गई है और युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है।

कांग्रेस की छात्र इकाई एनएसयूआई के प्रभारी कन्हैया कुमार ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश की एनटीए 'राष्ट्रीय भ्रष्टाचार एजेंसी' बन चुकी है। नीट परीक्षा होती है, तो भ्रष्टाचार से जुड़ी नई-नई चीजें सामने आती हैं। एनटीए जो भी परीक्षा कराती है, उसका डेटा लीक हो जाता है। एनटीए अविश्वनीय बन चुकी है और यह परीक्षा एजेंसी किसी भी परीक्षा को पारदर्शी तरीके से आयोजित नहीं कर पा रही है, इसलिए



■ एनएसयूआई प्रभारी कन्हैया कुमार ने उठाई मांग

इसके अधिकारियों की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एनटीए के जरिए हो रही नीट परीक्षा के आयोजन में भ्रष्टाचार अत्यंत गंभीर तरीके से सामने आ रहा है। केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने महाराष्ट्र में भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमें कुछ लोग गिरफ्तार हुए हैं और इसमें गंभीर बात यह है कि प्राथमिकी में पैसा लेकर ओएमआर शीट बदलने की बात सामने आई है। नीट परीक्षा के माध्यम से बच्चे डॉक्टर बनते हैं, जो देश की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ होती है। इस प्राथमिकी के बाद एनटीए फिर शक के घेरे में है, लेकिन उसके खिलाफ अब तक कोई बड़ी जांच नहीं बिठाई गई है। कांग्रेस की मांग है कि एनटीए की जांच हो और नीट परीक्षा पारदर्शिता तरीके से आयोजित कराई जानी चाहिए। सीबीआई कह रही है कि इस मामले में एनटीए का कोई अधिकारी शामिल नहीं है, तो उसे यह भी बताना चाहिए कि फिर मामला दर्ज क्यों कराया गया है।

### शहरों में घर खरीदना गरीबों के लिए बना सपना



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि महंगाई चरम पर है और शहरी अर्थव्यवस्था में गरीब तथा मध्यम वर्ग के लोगों के लिए घर खरीदना सपना बनकर रह गया है। गांधी ने सोशल मीडिया 'फेसबुक' पर एक पोस्ट में आज कहा कि हां, आपने सही पढ़ा और अगर यकीन नहीं हो रहा तो दोहरा देता हूं। मुंबई में घर लेने के लिए भारत के सबसे अमीर पांच प्रतिशत लोगों को भी 109 साल तक अपनी आमदनी का 30 प्रतिशत बचाना पड़ेगा। यही हाल ज्यादातर बड़े शहरों का है, जहां आप अवसर और सफलता की तलाश में एड़ियां घिस देते हैं। कहां से आएगी इतनी बचत। उन्होंने कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग की विरासत दौलत नहीं, जिम्मेदारियां होती हैं। बच्चों की महंगी शिक्षा,महंगे इलाज की चिंता, माता-पिता की ज़िम्मेदारी या परिवार के लिए छोटी-सी गाड़ी। फिर भी दिलों में रहता है एक सपना 'एक दिन' एक घर होगा अपना।

# केजीएमयू का पुराना नाम बहाल करे सरकार

**लखनऊ, वार्ता**

समाजवादी पार्टी को दलित विरोधी पार्टी बताते हुये बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को कहा कि बसपा सरकार के कार्यकाल में किंग जार्ज मेडिकल यूनीवर्सिटी (केजीएमयू) का नाम छत्रपति शाहूजी महाराज मेडिकल यूनीवर्सिटी किया गया था, जिसे सपा सरकार ने बदल दिया था। अब मौजूदा भाजपा सरकार को चाहिये कि केजीएमयू का नाम फिर बदल कर छत्रपति शाहूजी महाराज मेडिकल यूनीवर्सिटी करे। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा- कोल्हापुर, महाराष्ट्र रियासत में दलितों को नौकरी में



■ छत्रपति शाहूजी महाराज के नाम पर हो

आरक्षण देने का क्रान्तिकारी क़दम उठाकर भारत में आरक्षण के जनक के रूप में अमर हो जाने वाले राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज को आज उनकी जयंती पर शत-शत नमन व अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित तथा उनके समस्त अनुयाइयों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# इटावा में पुलिस पर फेंके पत्थर की फायरिंग, 12 हिरासत में

**इटावा, वार्ता**

■ सड़क पर उतरी अहीर रेजिमेंट नेशनल हाईवे किया जाम

यादव कथावाचक को पीटने और अभद्रता के मामले में गुरुवार को इटावा में बवाल हो गया। गुरुवार को अहीर रेजिमेंट और यादव संगठन के करीब 2 हजार लोगों ने 2 जगह प्रदर्शन किया। पहला प्रदर्शन बकेवर थाने के सामने हुआ। लोगों ने कथावाचक के दो साथियों को छुड़ाने के लिए थाने का घेराव किया।

पुलिस ने समझाना चाहा, तभी भीड़ ने पुलिस की गाड़ी पर पथराव कर दिया, जिसमें एक गाड़ी का शीशा टूट गया। पुलिस ने हंगामा बढ़ता देख 12 थानों की फोर्स बुलाई और प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा, हवाई फायरिंग भी की गई। यहां पुलिस ने 12 लोगों को हिरासत में लिया है। दूसरा प्रदर्शन आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हुआ। यादव समाज के लोगों ने एक्सप्रेस-वे पर बाइक रैली निकाली। पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की लेकिन प्रदर्शनकारी आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे की ओर बढ़ गए। दरअसल, यादव समाज संगठन के अध्यक्ष गगन यादव ने कथावाचक की पिटाई का विरोध जताया था। गुरुवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ इटावा आने का एंलान किया था, जिसके बाद पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया था। इसके विरोध में कई जिलों से यादव समाज के लोग इटावा पहुंचे। गुरुवार को दांदरपुर गांव से यादव समाज और अहीर रेजिमेंट के युवाओं से पुलिस की झड़प हो गई। इस दौरान अहीर रेजिमेंट ने पुलिस पर पथराव और फायरिंग की। साथ ही पुलिस की गाड़ी भी तोड़ दी। मामला बढ़ा, तो प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पथराव कर दिया।

## कांवड़ यात्रा और मोहर्रम को लेकर योगी ने दिए निर्देश

# भड़काऊ नारे व हथियार न लहराएं: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ 11 जुलाई से नौ अगस्त तक चलेगी कांवड़, मोहर्रम के कार्यक्रम 27 जून से 7 जुलाई के बीच होंगे पूरे

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा और मोहर्रम को लेकर दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि भड़काऊ नारे और हथियारों का प्रदर्शन बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगा। साथ ही सीएम ने कांवड़ यात्रा को लेकर कहा कि कांवड़ यात्रा के जो भी मार्ग हैं, जहां से भी श्रद्धालु कांवड़ लेकर गुजरेंगे, वहां पर खुले में मांस की बिक्री नहीं होगी। सीएम ने कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अधिकारियों के साथ अहम बैठक की, ताकि इन त्योहारों में कानून व्यवस्था बनी रहे और किसी भी तरह का कोई भी विवाद सामने न आए।

सीएम ने कहा कि श्रावण का पवित्र हिंदू महीना 11 जुलाई से 9 अगस्त तक मनाया जाएगा, जिसके दौरान कांवड़ यात्रा, श्रावणी शिवरात्रि, नाग पंचमी और रक्षा बंधन मनाया जाता है। इसके साथ ही जगन्नाथ रथ यात्रा 27 जून से 8 जुलाई के बीच और मोहर्रम 27 जून से 7 जुलाई के बीच होने की उम्मीद है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, सीएम ने कहा कि यह त्योहारों का पूरा समय कानून- व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता, शिक्षा और आपदा प्रबंधन के मामले में काफी ज्यादा संवेदनशील है, इसलिए सभी संबंधित विभागों और जिला प्रशासनों को समन्वय और जवाबदेही के साथ काम करना चाहिए। सीएम ने त्योहारों को लेकर सख्त निर्देश जारी करते हुए कहा कि भड़काऊ नारे, हथियारों का प्रदर्शन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसी के साथ कौशांबी, इटावा, औरैया की घटनाओं पर मुख्यमंत्री गंभीर हैं। सीएम ने कहा कि जातीय संघर्ष फैलाने की साजिश हो रही है, अराजक लोगों को बेनकाब करें। सीएम ने कहा कि पुलिस स्टेशनों, सर्किलों और चौकियों के स्तर पर स्थानीय प्रशासन को कांवड़ संघों के साथ लगातार बातचीत में रहना चाहिए और सभी व्यवस्थाओं का पूर्व आकलन करना चाहिए।

### यूपी में ग्रीन गोल्ड लेकर घर जाएंगे नवजात

■ सरकारी अस्पताल में जन्में बच्चों को योगी सरकार से मिलेगा ये गिफ्ट

**लखनऊ।** योगी सरकार की ओर से यूपी को हरा भरा प्रदेश बनाने के लिए एक से सात जुलाई तक जन्म लेने वाले बच्चों को अब ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट के साथ पौधे भी दिए जाएंगे। यह पौधे यूपी के सभी जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी व अन्य सरकारी अस्पताल में जन्मे बच्चों को प्रदान किए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से वन विभाग यह कार्य करने जा रहा है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने बताया कि पौधरोपण महाभियान-2025 में जनता की सहभागिता पर सरकार का जोर है। नवजात को उपहार स्वरूप पौधा देना बच्चे के जीवन में समृद्धि व विकास का परिचायक है। इसी के अनुरूप पहली से सात जुलाई (वन महोत्सव) की अवधि में जन्मे नवजात शिशुओं को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट के साथ एक पौधा भेंट के रूप में प्रदान किया जाएगा। वन महोत्सव के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर वन विभाग मूर्त रूप प्रदान करेगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने सभी प्रभागों के वनाधिकारी को निर्देश दिया है कि स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर संस्थागत प्रसव से जन्मे बच्चों को यह सर्टिफिकेट व पौधा दिया जाए। संस्थागत प्रसव में जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी व अन्य सरकारी अस्पतालों को शामिल किया जाए। भेंट स्वरूप सागौन, शीशम समेत इमारती प्रजाति के पौधों को प्राथमिकता दी जाए।

## अर्थ व्यापार

**सेंसेक्स** 83755.87
**निफ्टी** 25549
**सोना रु.** 97159 प्रति 10 ग्राम (24 केरेट)
**चांदी रु.** 107150 प्रति किलो

# बाजार में तूफानी तेजी, नौ माह के उच्चतम स्तर पर

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ब्याज दरों में अधिक कटौती के लिए फेडरल रिजर्व में संभावित नेतृत्व परिवर्तन करने को लेकर जारी अटकलों से यूरोपीय बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में तूफानी तेजी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1000.36 अंक अर्थात 1.21 प्रतिशत की छलांग लगाकर करीब नौ महीने के उच्चतम स्तर 83 अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 83755.87 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 304.25 अंक यानी 1.21 प्रतिशत उछलकर 25549 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.56 प्रतिशत मजबूत होकर 46,362.77 अंक और स्मॉलकैप 0.12 प्रतिशत बढ़कर 53,960.57 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4153 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2097 में लिवाली जबकि 1900 में



बिकवाली हुई, वहीं 156 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2975 कंपनियों के शेयरों में से 1474 में तेजी जबकि 1397 में गिरावट रही, वहीं 104 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार गुरुवार को डॉलर तीन साल के निचले स्तर पर आ गया, जबकि वैश्विक शेयर बाजारों ने बीते तीन दिनों में दूसरी बार नया रिकॉर्ड उच्च स्तर हासिल किया। इसकी वजह अमेरिकी फेडरल रिजर्व में संभावित नेतृत्व परिवर्तन को लेकर अटकलें बताई जा रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प फेडरल रिजर्व के मौजूदा अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की जगह जल्द ही नया चेहरा नियुक्त करने पर विचार कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि ट्रम्प फेड से ब्याज दरों में तेजी से कटौती करने की मांग कर रहे हैं और इसी दिशा में अगले कुछ महीनों में पॉवेल का विकल्प चुनने की योजना बना रहे हैं। इस अटकल के बाद निवेशकों ने अमेरिकी ब्याज दरों में संभावित कटौती पर दांव लगाना शुरू कर दिया, जिससे डॉलर में भारी बिकवाली देखी गई। वहीं वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी का रुख बना रहा और बाजार नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए। इससे बीएसई में फोकस्ड आईटी, आईटी और रियल्टी में 1.04 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 18 समूहों में तेजी रही। इस दौरान कमोडिटीज 1.39, सीडी 0.42, ऊर्जा 1.68, एफएमसीजी 0.61, वित्तीय सेवाएं 1.25, हेल्थकेयर 0.28, इंडस्ट्रियल्स 0.58, दूरसंचार 0.80, यूटिलिटीज 1.24, ऑटो 0.51, बैंकिंग 0.95, कैपिटल गुड्स 0.36, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.79, धातु 2.28, तेल एवं गैस 1.88, पावर 1.13, टेक 1.13 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.88 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.26, जर्मनी का डैक्स 0.84 और जापान का निक्केई 1.65 प्रतिशत उछल गया।

### सोने के भाव में कोई परिवर्तन नहीं दिखा

**नई दिल्ली।** सोने के दाम में गुरुवार को कोई बदलाव देखने को नहीं मिला। आईबीजेए के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 97,159 प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं चांदी की कीमत 1,950 बढ़कर 1,07,150 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,05,200 पर थी।

देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,100 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,850 रही, जब कि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,950 और 22 कैरेट सोने की कीमत 91,550 थी, वहीं कोलकाता मे 24 कैरेट सोने की कीमत 98,950 और 22 कैरेट की कीमत 90,700 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 98,950 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,700 थी, वहीं भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 99,000 व 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750 रही।

# खाद्य तेलों में टिकाव, गेहूं महंगा, गुड़ सस्ता

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि गेहूं महंगा हो गया वहीं गुड़ और मूंग दाल के भाव गिर गए।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 36 रिगिट बढ़कर 3975 रिगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.20 सेंट की गिरावट के साथ 51.62 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी:



मीठे के बाजार में मिलाजुले रुख रहा। इस दौरान गुड़ 50 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया, जबकि चीनी के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में मूंग दाल में 150 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी का रुझान मिश्रित रहा। इस दौरान गेहूं 50 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया, जबकि चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5600-5700, दाल चना 6600-6700, मसूर काली 7900-8000, मूंग दाल 9300-9400, उड़द दाल 9500- 9600, अरहर दाल 8400-8500 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3000-3100 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4200-4300, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4350-4450 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल: सरसों तेल 17033 रुपये, मूंगफली तेल 17948 रुपये, सूरजमुखी तेल 16116 रुपये, सोया रिफाइंड 14102 रुपये, पाम ऑयल 13333 रुपये और वनस्पति तेल 14666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# अमरनाथ यात्रा में तीर्थयात्रियों की संख्या में गिरावट: मनोज सिन्हा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आज कहा कि वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकृत तीर्थयात्रियों की संख्या में पिछले साल की तुलना में मामूली गिरावट देखी गई है। हालांकि अब स्थिति में सुधार के संकेत दिख रहे हैं।

उन्होंने यहां आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तीर्थयात्रा के लिए सभी मार्गों और आधार शिविरों में जम्मू-कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सिन्हा ने कहा कि यात्रा के लिये 22 अप्रैल से पहले पंजीकरण में उछाल आया था, लेकिन आतंकवादियों ने पहलगाम में इस दिन पर्यटकों को निशाना बनाया, जिसमें 26 लोग मारे गए। सिन्हा ने कहा कि 22 अप्रैल के बाद पंजीकरण में थोड़ी गिरावट देखी गई। इस साल के आंकड़ों की तुलना 2024 से करते हुए उपराज्यपाल ने खुलासा किया कि इस बार अब तक 35,000 से 40,000 कम तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि कुल संख्या पिछले साल की तुलना में 10.19 प्रतिशत कम है। उन्होंने कहा कि गिरावट के बावजूद प्रशासन इस बाबत 'आशावादी' है, क्योंकि स्थिति में सुधार है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल तक यात्रा के लिए 2,36,801 पंजीकरण किए गए थे। हमने 22 अप्रैल से पहले पंजीकरण कराने वाले सभी लोगों से संपर्क किया और उनसे यात्रा में भाग लेने की पुष्टि करने के लिए कहा। अब तक 85,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने आने की पुष्टि की है और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। सुरक्षा के मसले पर उपराज्यपाल ने आश्वासन दिया कि इस बाबत व्यापक व्यवस्था की गई है और पिछले वर्षों की तुलना में सुरक्षा कर्मियों का संख्याबल भी अधिक है। उन्होंने कहा ष्सुरक्षा के दृष्टिकोण से जम्मू- कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना और केन्द्रीय सुरक्षा बलों ने सभी यात्रा मार्गों और आधार शिविरों में सुरक्षित और शांतिपूर्ण तीर्थयात्रा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। सिन्हा ने कहा कि अमरनाथ यात्रा 2025 के सुचारू और सुरक्षित संचालन के लिए मजबूत और बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि चाहे वह क्षेत्र वर्चस्व हो, माउंटेन रेस्क्यू पेट्रोल (एमआरपी) की तैनाती हो, या आधार शिविरों पर तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था हो।

# ईरान-इजरायल युद्ध से भारतीय कालीन उद्योग को अरबों का झटका

**भदोही।** ईरान-इजरायल युद्ध का असर कालीनों के निर्यात पर दिखाई पड़ने लगा है। कालीन नगरी भदोही में अरबों रुपये के निर्यात ऑर्डर निरस्त होने से कालीन उद्योग में बेचैनी है। कारपेट एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (सीईपीसी) के प्रशासनिक समिति सदस्य एवं अखिल भारतीय कालीन निर्माता संघ (एकमा) के मानद सचिव पीयूष बरनवाल ने बताया कि ईरान व इजरायल दोनों भारतीय कालीनों के अच्छे आयातक देशों में माने जाते हैं।

युद्ध उन्माद में उलझे इन देशों में भारतीय कालीन की मांग न के बराबर हो गई है। वहीं अमेरिका भारतीय कालीनों का प्रमुख आयातक देश है, जहां भारतीय कालीनों के कुल निर्यात का 25 से 30 फीसद अकेले अमेरिका को जाता है। ईरान-इजरायल युद्ध में अमेरिका के कूदने से हालात और बिगड़ने के आसार बन गए हैं। अस्थिरता के कारण अमेरिकी देशों से आने वाले बायर कतरा रहे हैं। जिसका भारी भरकम खामियाजा कालीन उद्योग जगत को भुगतना पड़ रहा है। पहलगाम की घटना की प्रतिक्रिया में भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद तुर्की के पाकिस्तान को खुले समर्थन से बिगड़े हालातों के बीच दोनों देशों के बीच तनाव बड़ा है। तुर्किए भी भारतीय कालीनों का एक मजबूत कालीन आयातक देश माना जाता है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद तुर्की में भी कालीन निर्यात पर काफी विपरीत असर पड़ा है।

### मणिपुर में पर्यटन उद्योग को भारी नुकसान

**इंफाल।** मणिपुर में कोविड महामारी और उसके बाद मई 2023 की शर्मनाक घटना के बाद राज्य में पर्यटन उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इस दौरान घरेलू और विदेशी पर्यटकों पर लगाए गए कड़े प्रतिबंधों की वजह से भी उनकी संख्या में भारी कमी दर्ज की गई है। मणिपुर हमेशा से ही विदेशी पर्यटकों के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र रहा है, जहां आने के लिए प्रोटेक्टेड एरिया परमिट (पीएपी) की आवश्यकता होती है। इस नियम में कुछ समय के लिए ढील दे दी गई थी, लेकिन इसे फिर से 19 दिसंबर 2024 को विदेशी (संरक्षित क्षेत्र) आदेश 1958 के तहत लागू कर दिया गया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# राजर्षि शाहूजी महाराज नाम की हो बहाली : मायावती

## सामाजिक न्याय के प्रतीक को भूलना सिर्फ इतिहास से नहीं, आत्मा से भी धोखा है

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** भारत की सामाजिक चेतना को दिशा देने वाले, दलित-शोषित वर्गों के अधिकारों के लिए जीवन भर संघर्ष करने वाले राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती पर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उन्हें नमन करते हुए न केवल ऐतिहासिक श्रद्धांजलि दी, बल्कि वर्तमान व्यवस्था की संवेदनहीनता और जातिवादी साजिशों को लेकर भी वे जमकर बरसीं।

मायावती ने याद दिलाया कि कोल्हापुर रियासत के शासक शाहूजी महाराज ने जब दलितों को पहली बार नौकरियों में आरक्षण दिया, तब उन्होंने इतिहास नहीं, भारत के भविष्य की नींव रखी थी। वे आरक्षण के केवल जनक नहीं थे, बल्कि मानवता और समानता के युगद्रष्टा थे। उनके इसी योगदान को मान्यता देते हुए मायावती ने अपने शासनकाल में उत्तर प्रदेश में राजर्षि शाहूजी महाराज मेडिकल यूनिवर्सिटी की स्थापना की थी। लेकिन दुखद है कि समाजवादी पार्टी की सरकार ने उस विश्वविद्यालय का नाम बदलकर किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी कर दिया। एक



ऐसा नाम, जो पहले से ही लखनऊ के पुराने मेडिकल कॉलेज के लिए प्रचलित था। इस 'नाम परिवर्तन' को केवल एक प्रशासकीय कार्रवाई समझना भूल होगी। यह वास्तव में दलित चेतना को हाशिए पर धकेलने की मानसिकता है, जिसे मायावती ने सटीक शब्दों में उजागर किया है। मायावती ने यह भी कहा कि समाजवादी पार्टी और भाजपा दोनों ने ही सत्ता में आने के बाद भी इस ऐतिहासिक भूल को नहीं सुधारा। इससे यही स्पष्ट होता है कि इन दलों की कथित सामाजिक न्याय की राजनीति जनहित की नहीं, सत्ता की राजनीति रही है। उन्होंने पीड़ा के साथ कहा कि जिस समय देशभर में दलित, पिछड़े और आदिवासी समुदाय अपने संवैधानिक अधिकारों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, उस समय ऐसे प्रतीकों की उपेक्षा सिर्फ स्मृति का अपमान नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को उनके अधिकारों से काटने की साजिश है। मायावती ने यह भी स्मरण कराया कि शाहूजी महाराज की प्रेरणा से ही बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर ने सामाजिक समता की दिशा में अपने ऐतिहासिक कार्य किए। ऐसे में शाहूजी महाराज का नाम किसी भी संस्था से हटाना, देश की आत्मा को घायल करना है। आज जब शिक्षा, स्वास्थ्य और अवसरों के दरवाज़े अभी भी दलित-पिछड़ों के लिए पूरी तरह खुले नहीं हैं, तब हमें उस हर नाम, उस हर विचार और उस हर संघर्ष को सहेजने की ज़रूरत है जो इन वर्गों की आवाज़ बना। शाहूजी महाराज का नाम सिर्फ एक विश्वविद्यालय नहीं था, बल्कि एक वैचारिक ज्योति थी जिसे बुझा दिया गया।

## इमरजेंसी पर सपा का मौन दुर्भाग्यपूर्ण : मयंक त्रिवेदी

**लखनऊ।** भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में पच्चीस जून उन्नीस सौ पचहत्तर को वह काली रात माना जाता है जब तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने देश पर आपातकाल थोपकर संविधान, नागरिक अधिकारों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलने का दुस्साहस किया। लोकतंत्र की हत्या के उस दौर में तमाम लोकतंत्र प्रेमी नेताओं ने जान जोखिम में डालकर तानाशाही के विरुद्ध आवाज़ बुलंद की थी। उन्हीं नेताओं में एक थे समाजवादी विचारधारा के प्रतीक स्व. मुलायम सिंह यादव, जिन्होंने आपातकाल का विरोध करते हुए जेल की यातनाएं सही थीं। आज जब पूरा देश आपातकाल की बरसी पर लोकतंत्र पर किए गए प्रहार को स्मरण कर रहा है, समाजवादी पार्टी की चुप्पी को लेकर राष्ट्रीय लोकदल ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। आरएलडी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने कहा कि यह अत्यंत विडंबनापूर्ण है कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, जो खुद उस नेता के पुत्र हैं जिसने आपातकाल में कांग्रेस की तानाशाही से लोहा लिया, आज उसी कांग्रेस की गोद में बैठकर सत्ता की राजनीति कर रहे हैं।

# लोकतंत्र रक्षकों को सलाम: सपा ने इमरजेंसी विरोधी आंदोलन की विरासत को किया नमन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**आपातकाल की आड़ में इतिहास को विकृत कर रही भाजपा, लोकतंत्र के लिए सबसे मुखर आवाज हैं अखिलेश यादव**

**लखनऊ।** पच्चीस-छब्बीस जून उन्नीस सौ पचहत्तर की रात भारतीय लोकतंत्र का काला अध्याय है। यह बात समाजवादी पार्टी ने आज एक बयान जारी कर स्पष्ट की। पार्टी ने कहा कि जिस प्रकार आज़ादी की लड़ाई में समाजवादियों ने अग्रणी भूमिका निभाई थी, उसी तरह संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए भी समाजवादी संघर्ष की अग्रिम पंक्ति में रहे हैं।

आपातकाल के दौरान लोकनायक जयप्रकाश नारायण, चौधरी चरण सिंह, चंद्रशेखर, मधुलिमये, मोरारजी देसाई, राजनारायण और मुलायम सिंह यादव जैसे नेता गिरफ्तार किए गए। हज़ारों लोकतंत्र प्रेमियों को जेलों में यातनाएं दी गईं। 1977 में जब लोकतंत्र बहाल हुआ तो उम्मीद जगी, लेकिन आज भी वही संकट दोहराया जा रहा है। मौलिक अधिकार खतरे में हैं, संवैधानिक संस्थाएं कमजोर की जा रही हैं, संघीय ढांचे पर हमले हो रहे हैं और भाजपा बुलडोजर को लोकतंत्र का प्रतीक बना बैठी है। समाजवादी पार्टी ने कहा कि आपातकाल की आड़ में भाजपा आज इतिहास को विकृत कर रही है और झूठे प्रतीक गढ़ रही है। सच्चाई सामने लाने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए व्यापक जन-जागरूकता जरूरी है।

पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी सरकार (2012-17 ने जनकल्याणकारी फैसलों के साथ लोकतंत्र की शिक्षा को मजबूत करने की दिशा में जेपीएनआईसी की स्थापना की थी, ताकि लोकनायक जयप्रकाश नारायण के विचारों से नई पीढ़ी अवगत हो सके। दुर्भाग्यवश भाजपा सरकार ने राजनीतिक द्वेष में इस ऐतिहासिक केंद्र पर ताला जड़ दिया। फिर भी श्री अखिलेश यादव ने हर बाधा को पार करते हुए जेपी की मूति पर माल्यार्पण किया। समाजवादी सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान करते हुए उत्तर प्रदेश लोकतंत्र सेनानी सम्मान अधिनियम, 2016 बनाया, जिसकी पहल तत्कालीन खाद्य-रसद मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने की। अधिनियम में मुफ्त चिकित्सा, यात्रा और सम्मान राशि के साथ शासकीय सम्मान से अंतिम संस्कार तक की व्यवस्था की गई। स्वयं राजेन्द्र चौधरी आपातकाल के प्रतिरोध के अग्रदूत रहे हैं। उन्होंने 'प्रतिरोध' पत्रिका प्रकाशित की और हथकड़ियों के साथ जेल भेजे गए। 1977 में वे सबसे कम उम्र के विधायक बने। पार्टी ने कहा कि आज अखिलेश यादव का नेतृत्व देशभर में अधिनायकवाद के खिलाफ सबसे प्रभावशाली आवाज है। संविधान बचाने के लिए उन्होंने राजधानी से लेकर जिलों तक संविधान मानस्तम्भ स्थापित करवाए हैं, ताकि बाबा साहब डा. अंबेडकर के विचार जन-जन तक पहुंचे। समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक भूमिका की याद दिलाते हुए कहा कि जब भी लोकतंत्र संकट में होता है, यह धरती सबसे पहले प्रतिरोध के लिए उठ खड़ी होती है।

# अवध में महकेगा आम महोत्सव, लखनऊ बनेगा देश की आम विरासत का उत्सव स्थल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**चार जुलाई से तीन दिवसीय आयोजन में छह सौ से अधिक प्रजातियां होंगी प्रदर्शित**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बागवानी को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित होने वाला हउत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2025 इस बार और भी भव्य रूप में सजने जा रहा है।

यह आयोजन 4 जुलाई से 6 जुलाई, 2025 तक अवध शिल्प ग्राम, अमर शहीद पथ, लखनऊ में किया जाएगा। तीन दिवसीय इस मेले में आम की छह सौ से अधिक किस्मों और उनसे बने प्रसंस्कृत उत्पादों का आकर्षक प्रदर्शन होगा। उत्तर प्रदेश देश में आम के सबसे बड़े उत्पादक राज्यों में अग्रणी है। वर्ष 2024-25 में प्रदेश के 3.25 लाख हेक्टेयर में आम की बागवानी की गई, जो देश के कुल क्षेत्रफल का 13.5 प्रतिशत है। इस अवधि में 61.46 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन हुआ, जो देश के कुल आम उत्पादन का लगभग 27 प्रतिशत है। आम की प्रमुख किस्मों में दशहरी, लंगड़ा, चौसा, गौरजीत, आम्रपाली, रामकेला, रटौल, लखनऊ सफेदा और बाम्बेग्रीन विशेष रूप से लोकप्रिय हैं। महोत्सव में प्रदेश के प्रमुख आम उत्पादक जिलों ख्र सहारनपुर, मेरठ, बागपत, बुलन्दशहर, अमरोहा, बाराबंकी, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, अयोध्या, लखनऊ, प्रतापगढ़, वाराणसी आदि की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इस आयोजन में मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र जैसे अन्य राज्यों के बागवान व उद्यान विभाग के प्रतिनिधि भी हिस्सा लेंगे। इस वर्ष महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, आम खाने की प्रतियोगिता, और प्रदर्शनी सह कार्यशालाओं की श्रृंखला भी जोड़ी जा रही है, जिसमें किसानों को आम उत्पादन की उन्नत तकनीक, कटाई उपरांत प्रबंधन, निर्यात प्रक्रिया और विपणन से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। साथ ही आम से बने व्यंजन और पकवानों की प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा। महोत्सव में इस बार 120 से अधिक आम की किस्मों की आम विविधता प्रदर्शनी, क्रेता-विक्रेता बैठक (Buyer&Seller Meet) और प्रशिक्षण सेमिनार प्रमुख आकर्षण होंगे। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जापान जैसे देशों को आम निर्यात की संभावनाएं बढ़ाने पर विशेष फोकस रहेगा। वर्ष 2024-25 में जहाँ 40.31 मीट्रिक टन आम का निर्यात किया गया था, वहीं वर्ष 2025 में अब तक 13.5 मीट्रिक टन आम विदेशों को भेजा जा चुका है।

## साइबर सेल ने चार पीड़ितों को दिलाया एक लाख 43 हजार रुपये का भुगतान

**चित्रकूट।** साइबर अपराध के शिकार हुए चार लोगों को चित्रकूट साइबर सेल की सक्रियता से बड़ी राहत मिली है। टेलीग्राम टास्क जाब और टूरिस्ट गाइड जैसी फर्जी योजनाओं के नाम पर ठगे गए कुल 1 लाख 43 हजार 513 रुपये साइबर सेल ने पीड़ितों के खातों में सफलतापूर्वक वापस कराए हैं। इस सराहनीय कार्य के लिए पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में काम कर रही टीम का आभार जताया है। प्रकरण की जांच अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह के पर्यवेक्षण और साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक निशीकांत राय की टीम द्वारा की गई। आरक्षी सर्वेश कुमार एवं प्रशांत कुमार के सहयोग से ठगी की गई राशि ट्रेस कर वापसी संभव हो सकी। बताया गया कि चारों पीड़ितों से ऑनलाइन माध्यमों के जरिए जाब और अन्य लालच देकर रुपये ऐंठे गए थे।

# स्वामी सहजानंद सरस्वती की पुण्यतिथि पर रालोद ने अर्पित की श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स ब्यूरो

**किसानों के संघर्ष और सामाजिक न्याय की प्रेरणा हैं स्वामी जी : रामाशीष राय**

**लखनऊ।** भारतीय किसान आंदोलन के प्रेरणास्रोत, संत और समाज सुधारक स्वामी सहजानंद सरस्वती की पुण्यतिथि के अवसर पर आज राष्ट्रीय लोकदल के उत्तर प्रदेश प्रदेश कार्यालय में उन्हें श्रद्धांजलि अपित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई, जहां रालोद के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, किसान प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर उनके विचारों को स्मरण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि स्वामी सहजानंद केवल एक संत नहीं थे, बल्कि वे उस दौर में किसानों की पीड़ा और उनके संघर्ष की सशक्त आवाज थे। उन्होंने जमींदारी प्रथा, लगान शोषण और सामाजिक अन्याय के विरुद्ध जो आंदोलन खड़ा किया, वह आज भी किसानों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल उन्हीं मूल्यों और सिद्धांतों पर किसानों के हक की लड़ाई लड़ रहा है। भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजेश शर्मा ने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती का जीवन दर्शन आज के किसान आंदोलनों में भी उतना ही प्रासंगिक है जितना तब था। उन्होंने कहा कि बिना संघर्ष के अधिकार नहीं मिलते और स्वामी जी की विचारधारा को आज हर गांव और खेत तक पहुंचाने की जरूरत है। कार्यक्रम में रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे, किसान सभा के महासचिव दिवेश सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्य विक्रम सिंह, प्रदेश महासचिव आर पी सिंह, राघवेंद्र सिंह, पी के पाठक, अमन पांडेय, प्रमोद शुक्ला और महानगर अध्यक्ष सरताज मलिक सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रालोद के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने किया। उन्होंने कहा कि स्वामी सहजानंद सरस्वती का जीवन पूरी तरह किसानों के कल्याण, सामाजिक समानता और संघर्ष को समपित था। आज जब किसान अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, तब स्वामी जी की प्रेरणा हमें दिशा और शक्ति देती है। कार्यक्रम का समापन स्वामी जी के सम्मान में उठे नारों और किसानों की एकता के संकल्प के साथ किया गया।

## पुलिस ने जुआ खेल रहे तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** मछरेहटा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मछरेहटा थाना क्षेत्र के ग्राम कुदौली में आम की बाग में छापेमारी की। वहां पर पुलिस ने जुआ खेल रहे मछरेहटा थाना क्षेत्र के मोहल्ला राम लोटन बाजार निवासी सोनू राठौर पुत्र कमलेश राठौर, ग्राम कुंदौली निवासी श्याम नारायण पुत्र रामकुमार, ग्राम सरैंया फिरोजपुर निवासी रामचरन पुत्र इंद्रपाल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से ताश की गढी समेत कुल 3,310/- रूपये बरामद किये हैं। पुलिस ने इस संबंध में तीनों आरोपियों के खिलाफ मछरेहटा थाने में जुआ अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया है।

# नजदीकी क्रय केंद्रों से किसान ले सकते हैं उर्वरक : डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने बताया कि जनपद के किसी प्रकार के उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने किसानों को सलाह दी है कि संस्तुति मात्रा की दर से ही उर्वरक क्रय करें एवं अनावश्यक भण्डारण न करें। उर्वरक का पारदर्शी तरीके से विक्रय सुनिश्चित किए जाने हेतु समुचित प्रबंध किए गए हैं तथा सम्बंधित अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण भी किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि सहकारी समितियों के माध्यम से भी उर्वरक का विक्रय कराया जा रहा है। उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार ने बताया कि जनपद में यूरिया 31128 (मी0टन), डीएपी 5015 (मी0टन), एनपीके 13360 (मी0टन), एमओपी 745 (मी0टन), एसएसपी 9180 (मी0टन) उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि निजी क्षेत्र की कम्पनियों में से 40 प्रतिशत सहकारिता क्षेत्र को उर्वरक की आपूति की जायेगी। उप कृषि निदेशक ने बताया कि इफको कम्पनी की यूरिया की 1 रैक प्लेस हुई है, जिसमें जनपद की साधन सहकारी समिति पुरैनी, भिठौली, कचनार, इमलिया सुल्तानपुर, सहादतनगर, परसेण्डी, कमलापुर, महसुनियागंज, नेवदिया, नेरी, नरहरा, गुरसण्डा, बरगावां, मूडाकला, सहियाफखरपुर, पोखराकला, सरैयाचलाकापुर, दहेलरा, रामगढ़ महसुई, कुनेहटा लक्षीरामपुर, न्योराजपुर शेरपुर में तथा पीसीएफ कृषक सेवा केन्द्र इस्माईलगंज, सालपुर, कुतबनगर, सिरौली बाजार, अफसरिया, सिधौली, हुमायंपुर, कटीली, अशोधन परसदा, मझिगावां कलां, सरैया मिर्जापुर, महराजनगर, बीहटबीरम में 13मै0 टन से 18 मै. टन यूरिया उर्वरक आपूति की गयी है। साथ सहकारी गन्ना विकास समिति लि. महोली एवं रामगढ़ तथा इफको ई बाजार सिधौली, जिला सहकारी फेडरेशन लि. प्रेमनगर में उर्वरक आपूति की गयी है। किसान अपनी सुविधानुसार नजदीकी केन्द्र से उर्वरक क्रय कर सकते हैं। साथ ही उप कृषि निदेशक द्वारा थोक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि मुख्य उर्वरकों के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग न की जाए तथा निर्धारित दर पर ही उर्वरकों की आपूति जनपद के फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को की जाये। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता नवीन चंद्र शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है।

## गोशाला का डीएम ने किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**सीतापुर।** गुरुवार को सीतापुर नगर क्षेत्र के मोहल्ला बट्सगंज स्थित कान्हा गोशाला का जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने निरीक्षण किया। इस दौरान गोशाला की व्यवस्थाएं देखी। जिलाधिकारी ने गोशाला में स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आदि के साथ गोवंश के लिए चारे की उपलब्धता को भी देखा। उन्होंने गर्मी से बचाव हेतु गोशाला में किए गए प्रबंध का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मानकों के अनुरूप समस्त व्यवस्थाएं उपलब्ध करायी जाये तथा पशुओं को समुचित पौष्टिक हरा चारा, स्वच्छ पेयजल तथा चिकित्सा आदि की सुविधा भी उपलब्ध करायी जाये। जिलाधिकारी ने गोशाला में नगर पालिका सीतापुर एवं वरिष्ठ समाजसेवी अनूप खेतान के सहयोग से पशुओं के लिए फल एवं सब्जी के भंडारे का विधिवत गौपूजन कर शुभारम्भ भी किया। उन्होंने पशुओं को हरी सब्जी, फल आदि भी खिलाया। जिलाधिकारी ने कहा कि गौसेवा अत्यंत पुण्य का कार्य है और समाज के लोगों को इसमें आगे बढ़कर सहयोग करना चाहिए। उन्होंने आज के आयोजन में सहयोग देने हेतु धन्यवाद देते हुए सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं भी दी तथा भविष्य में इसी प्रकार सहयोग की अपेक्षा भी की। जिलाधिकारी ने कहा कि निराश्रित गोवंश का संरक्षण शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है तथा जिला प्रशासन द्वारा इसके लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे है।

# राष्ट्रीय शराबबंदी महासम्मेलन में देश के 15 राज्यों व उप्र के 75 जिलों से कार्यकर्ता जुटे

रोहित अग्रवाल

**नशा मुक्त जीवन के लिए परिवार और समाज का सहयोग ज़रूरी : मुर्तज़ा अली, युवाओं को नशे से बचाने के लिए स्कूल-कालेजों में चल रहा अभियान**

**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय शराबबंदी महासम्मेलन का आयोजन लखनऊ में किया गया। शराबबंदी संघर्ष समिति के बैनर तले हुए इस आयोजन में देश के बारह राज्यों और उत्तर प्रदेश के सभी पचहत्तर जिलों से कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। उद्घाटन उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने दीप प्रज्वलन कर किया।

कार्यक्रम में राज्य मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, पूर्व राज्य मंत्री हरपाल सिंह, नगर पंचायत देवां बाराबंकी अध्यक्ष हाजी हारुन वारसी, मुस्लिम स्कालर मौलाना सिब्ते नूरी, बौद्ध भिक्षु, और वीररस कवि वेदव्रत वाजपेई सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। सभी का स्वागत समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मूर्तज़ा अली और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मूर्तज़ा अली ने कहा कि हनशे की लत व्यक्ति, परिवार और समाज पर विनाशकारी असर डाल रही है। नशा मुक्त जीवन के लिए सबसे पहले परिवार और दोस्तों का सहयोग आवश्यक है। यदि समाज संगठित होकर काम करे, तो नशा पर नियंत्रण संभव है। उन्होंने इसे स्वस्थ और सशक्त समाज की नींव बताया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि युवाओं, विशेषकर विद्यार्थियों में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है। समिति स्कूलों, कॉलेजों और संस्थानों में जाकर युवाओं को जागरूक करने का कार्य कर रही है। शराब को सामान्य व्यवहार नहीं बल्कि हानिकारक आदत के रूप में देखने की आवश्यकता है। उन्होंने शराब के विज्ञापनों पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग की। कार्यक्रम में हैनीमैन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा डा आदर्श त्रिपाठी और डा राधेश्याम यादव के सहयोग से एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया गया, जिसमें नशा मुक्ति हेतु दवाएं वितरित की गईं। सम्मेलन में राजस्थान से पूजा भारती छाबड़ा (राष्ट्रीय नशाबंदी अध्यक्ष), उत्तराखंड से जे.सी. उत्प्रेती, मध्य प्रदेश से हरिओम गौतम, केरल से शाहनवाज़, ओडिशा से सुबेन्दर, दिल्ली से बिलाल अहमद, बिहार से वरुण सिंह व साकेत भारत, पंजाब से कयामुद्दीन सिद्दीकी, झारखंड से माया देवी, और कश्मीर से मुश्ताक वाला सहित देशभर से पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी राज्यों से आए योद्धाओं को समिति की ओर से स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में इमरान भाई, शाहिद अली, कुदरत खान, मोहम्मद फहीम, हलीमा अजीम, फैजुद्दीन सिद्दीकी, देवेंद्र पाल वर्मा, जावेद सिद्दीकी, अब्दुल वहीद, वसी सिद्दीकी, खालिद इस्लाम, आमिर खान, खुर्शीद सिद्दीकी, मोहम्मद कैफ, अब्दुल मोईद, ताबिश अली, राजू भाई, रेहान, अमन मिश्रा, आरिफ मुकीम, अफजल, फहद हसन, मो. सईक सिद्दीकी, मो. इदरीस, आर. बी. लाल, अफाक मिर्जा, इशरत बेग, जुबेर सिद्दीकी, मो. आमिर, डा. अम्मार नगरामी, मो. अली साहिल, आबिद अली कुरेशी, चौधरी शादाब कुरेशी, ख़ालिद अमीर ख़ान, बदरुल, प्रशांत कुमार, मनीष वर्मा, तौसीफ हुसैन, नजम हसन, इमरान खान, मो. इबाद, आमिर मुख्तार का विशेष योगदान रहा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# आलू किसानों की सुनी गई पुकार, सिगना (आगरा) में खुलेगा अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र

वीरेश तरार

**किसानों में उमड़ा उत्साह, उत्पादन से उद्योग तक बढ़ेंगी संभावनाएं**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के आलू उत्पादक किसानों के लिए यह खबर किसी राहत की बयार से कम नहीं है। केंद्र सरकार ने आगरा के सिगना में अंतर्राष्ट्रीय आलू केंद्र (सीआईआईसी) के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना को स्वीकृति दे दी है। आलू उत्पादन में अग्रणी राज्य उत्तर प्रदेश को यह सौगात ऐसे समय मिली है, जब दशकों से आलू किसान उपेक्षा के शिकार रहे हैं।

गन्ना, धान और गेहूं जैसी फसलों के लिए भंडारण, प्रोसेसिंग और विपणन की मजबूत व्यवस्था रही है, लेकिन आलू जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण और भारी उत्पादन देने वाली फसल के लिए अब तक कोई ठोस ढांचा विकसित नहीं किया गया था। फर्रुखाबाद के आलू किसान राजेश पालीवाल का कहना है, हहमने पहली बार महसूस किया है कि सरकार हमारी भी सुन रही है। यह केंद्र हमारे लिए वरदान साबित होगा। मेरठ के गाँव डालमपुर के किसान मनोज पूनिया ने कहा कि पहले तो मेरठ में एक आलू अनुसंधान केंद्र का नाम भर था, वह भी अब निष्क्रिय हो चला है। आगरा में जो यह नया क्षेत्रीय केंद्र बन रहा है, उससे हमारे जैसे उत्पादकों को तकनीकी सलाह और मूल्य संवर्धन की सीधी सुविधा मिलेगी। मैनपुरी की शीतला देवी, जो अपने खेतों में आलू की कई किस्में उगाती हैं, ने हर्ष जताते हुए कहा, हसरकार ने अब जाकर आलू को गम्भीरता से लिया है। इससे हम महिलाओं को भी प्रशिक्षण और प्रोसेसिंग यूनिट्स में काम करने का अवसर मिलेगा। कन्नौज के सौरभ यादव बताते हैं, यह कदम रोजगार के नए द्वार खोलेगा। आलू से केवल उत्पादन नहीं, बल्कि प्रोसेसिंग, पैकिंग, कोल्ड स्टोरेज, ट्रांसपोर्ट और निर्यात तक पूरी शृंखला बनेगी। सीतापुर, बाराबंकी, इटावा, संभल और रामपुर जैसे क्षेत्रों के किसानों ने भी इस निर्णय पर प्रसन्नता जताई है। हमीरपुर के कुछ छोटे किसानों ने तो इसे 'आलू के लिए हरित क्रांति' की संज्ञा दी है। यह केंद्र दक्षिण एशिया में आलू उत्पादन, पोषण गुणवत्ता, खाद्य सुरक्षा और औद्योगिक उपयोग के लिए भारत को नेतृत्वकारी भूमिका दिला सकता है। इसमें विकसित की जाने वाली नई किस्में, गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाएं और प्रशिक्षण केंद्र किसानों के साथ-साथ शोधकर्ताओं को भी लाभ पहुंचाएंगे। यह निर्णय केवल एक अनुसंधान केंद्र की स्थापना नहीं, बल्कि उस जनमत की सुनवाई है, जो वर्षों से आलू किसानों के हक में आवाज़ उठा रहा था। यह शुरुआत है उस बदलाव की, जो उत्तर प्रदेश को न केवल देश का बल्कि दक्षिण एशिया का आलू उत्पादन और प्रोसेसिंग हब बना सकता है।

# सिर्फ पहचान नहीं, अब 'सम्मान के साथ समृद्धि' की राह पर ट्रांसजेंडर्स

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ट्रांसजेंडर समुदाय को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए अब केवल सामाजिक सम्मान ही नहीं, बल्कि आथिक सशक्तिकरण की ठोस दिशा में भी कदम बढ़ा रही है।

पहली बार ऐसा हो रहा है जब किसी सरकार ने किन्नर समुदाय को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने से आगे बढ़कर उन्हें कौशल, प्रशिक्षण और रोजगार के अवसरों से जोड़ने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री युवा अभियान के अंतर्गत ट्रांसजेंडर्स को प्रशिक्षण, बैंक ऋण और स्वरोजगार की सुविधा दी जाएगी, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। इस क्रम में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने प्रत्येक जिले में कम से कम दो ट्रांसजेंडर्स को रोजगार से जोड़ने के निर्देश दिए हैं, ताकि यह पहल केवल योजना न रहकर सामाजिक आंदोलन का रूप ले सके। गोरखपुर स्थित 'गरिमा गृह' इसका जीवंत उदाहरण है, जहां अब तक आठ ट्रांसजेंडर्स को प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ा जा चुका है। यहां रहने वालों को सुरक्षित आश्रय, शिक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण के साथ-साथ सामाजिक आत्मसम्मान का अनुभव भी कराया जा रहा है। इसे और पारदर्शी बनाने के लिए सीसीटीवी, बायोमैट्रिक और फेस अटेंडेंस जैसी व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं। वहीं मुख्यमंत्री युवा के अंतर्गत स्टार्टअप के लिए बैंक ऋण की सुविधा देकर ट्रांसजेंडर्स को उद्यमिता की दिशा में भी बढ़ावा दिया जाएगा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा राज्यभर में ट्रांसजेंडर्स के लिए 100 कल्याण केंद्र स्थापित करने का निर्देश भी इस दिशा में बड़ा कदम है। इन केंद्रों में उन्हें डिजिटल साक्षरता, सिलाई, सौंदर्यकला, कुकिंग और कंप्यूटर प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित किया जाएगा। सरकार चाहती है कि लंबे समय तक हाशिए पर रहे लोग अब खुद को बोझ नहीं, बल्कि समाज की सशक्त कड़ी मानें। इस समावेशी दृष्टिकोण को मजबूती देने के लिए ट्रांसजेंडर समुदाय को राशन कार्ड, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन और स्वास्थ्य सेवाओं का सीधा लाभ देने की व्यवस्था की जा रही है।

# छह प्रतिशत ब्याज सहित रकम लौटाने का आदेश

## बैटरी कम्पनी को उपभोक्ता फोरम ने दिया आदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। खरीदने के कुछ दिन बाद ही कंपनी की बैटरी खराब हो गईं। वारंटी होने के बावजूद विक्रेता ने बैटरी नहीं बदली। शिकायत पर कंपनी ने भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। याचिका पर अंतिम निर्णय लेते हुए उपभोक्ता फोरम ने बैटरी कंपनी व विक्रेता को सेवा में कमी का दोषी पाया। किसान की दोनों बैटरी बदलने या मूल रकम छह प्रतिशत ब्याज के साथ लौटाने का आदेश दिया। इतना ही नहीं विक्रेता पर मानसिक व

आर्थिक क्षति तथा वाद व्यय के रूप में 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।।डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव सहसपुर अलीनगर में किसान शहबाज अख्तर का परिवार रहता है। 22 मई 2018 को उन्होंने हरियाणा से संचालित एक कंपनी की दो बैटरी 34 हजार रुपये में खरीदी थीं। जिसका वारंटी कार्ड भी उन्हें दिया गया था। जोया के बैटरी विक्रेता ने पांच साल की वारंटी दी थी। लेकिन दोनों बैटरी इस्तेमाल करने के कुछ दिन बाद ही खराब हो गईं। किसान ने इसकी शिकायत विक्रेता से लेकर कंपनी स्तर तक की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। लिहाजा, उन्होंने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की शरण ली। मामले को गंभीरता से लेकर उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष और महिला सदस्य ने बैटरी कंपनी व विक्रेता को तलब कर लिया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद उपभोक्ता फोरम ने बैटरी कंपनी और विक्रेता को किसान की समस्या का समाधान न करके सेवा में कमी का दोषी पाया। इसे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन माना। फोरम ने बैटरी कंपनी व विक्रेता पर बैटरी बदलकर देने या उसकी मूल राशि 34 हजार रुपये छह प्रतिशत ब्याज की दर से किसान को देने का फैसला सुनाया। साथ ही मानसिक व आर्थिक क्षति तथा वाद व्यय के रूप में 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया, यह धनराशि भी छह प्रतिशत ब्याज के साथ अदा करनी होगी।

# न्याय और शिक्षा के प्रेरक थे छत्रपति महाराज

## जाति प्रथा को भी किया समाप्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सपा जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि छत्रपति शाहूजी महाराज ने हमेशा न्याय प्रिय शासन किया तथा शिक्षा को बढ़ावा दिया। उन्होंने जाति प्रथा दूर करने का हर संभव प्रयास किया।

लोहिया नगर स्थित पार्टी कार्यालय पर सपाईयों द्वारा भारतीय समाज सुधारक छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में बोलते जिलाध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि छत्रपति शाहूजी कोल्हापुर रियासत के शासक थे। वह न्याय प्रिय थे तथा उन्होंने शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ जाति प्रथम को भी समाप्त करने के लिये हर कदम उठाया। वह महत्मा ज्योतिबाराव फुले तथा बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर से काफी प्रभावित थे। उन्होंने पांचाल, देवानन्द, नाविक, शिल्पी, जैन और ईसाईयों के लिये अलग-अलग छात्रावास की स्थापना की। जिला उपाध्यक्ष संतराम सिंह यादव ने कहा कि साहूजी महाराज ने ब्राह्मणाों को विशेष दर्जा देने से इंकार कर दिया तथा उन्हें रायल धार्मिक सलाहकारों के




पद से भी हटा दिया। कार्यक्रम में ब्रहम सिंह पंवार, महमूद अली, सलमान प्रधान, मुमताज खान, महेश यादव, शाजिद अली, अतीक अहमद, रविपाल चिकारा, मौहम्मद तालिब आदि मौजूद रहे।

# संस्कारवान शिक्षा से खुले उन्नति के द्वार

## जेएस पीजी कॉलेज में पूर्व छात्र सम्मेलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जेएस हिन्दू इंटर कालेज के प्रधानाचार्या डा. जीपी सिंह ने कहा कि छात्र जीवन में उन्हें जो संस्कार जेएस हिन्दू पीजी कालेज में मिले है वह आज उन्हें छात्रों के बीच बांटकर उन्हें संस्कारवान शिक्षा देने का हर संभव प्रयास कर रहे है।

जेएस हिन्दू पीजी कालेज में पुरातन छात्र परिषद के तत्वाधान में पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बोलते जेएस हिन्दू इंटर कालेज के प्रधानाचार्या डा. जीपी सिंह ने कहा कि महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को शुरू से ही उच्च व संस्कारवान शिक्षा दी जाती रही है। उन्होंने कहा कि आज वह यहां की शिक्षा को अन्य छात्रों में बांटकर उन्हें संस्कारवान बनाने कर हर संभव प्रयास कर रहे है। सुधांशू विश्नोई ने कहा कि छात्र राजनीति से ही वह सक्रिया राजनीति में आये है। जिसकी शुरूआज जेएस हिन्दू कालेज से हुई। प्राचार्य प्रो. वीर वीरेन्द्र सिंह ने महाविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट पूर्व छात्रों के समझ पेश की तथा आश्वासन दिया कि महाविद्यालय आगे भी तरक्की के रास्ते पर चलता रहेगा। इस मौके पर डा. अनिल रायपुरिया, डा. संजय जौहरी, डा. सुमन चौहान, डा. मोहित कुमार, डा. उमेश, डा. राजीव कुमार, राहुल माहेश्वरी, सुरेन्द्रपाल, शरद गुप्ता, मयंक, उपेन्द्र मौजूद रहे।

# ट्रैफिक पुलिस ने टैम्पो सीज किया

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। ट्रैफिक पुलिस के सीओ के आदेश पर नाबालिक द्वारा टेम्पो चलाये जाने की सूचना पर पुलिस ने उसे पकड़ कर सीज कर दिया। गुरुवार की शाम ट्रैफिक पुलिस टीएसआई विनोद कुमार ने नगर के संभल मार्ग से एक टेंपो को पड़कर सीज कर दिया। उसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने उसे कोतवाली में खड़ा कर दिया। बताया जा रहा है कि ट्रैफिक पुलिस के सीओ को सूचना मिली थी कि संभल मार्ग पर एक नाबालिक टेंपो को चलाता है। उसी के आधार पर उन्होंने ट्रैफिक पुलिस को मामले की जांच कर टेंपो को सीज करने का आदेश दिये थे। ट्रैफिक पुलिस के टीएसआई ने मौके पर पहुंचकर टेंपो को पकड़ लिया। उस समय टेंपो का मालिक उसे चला रहा था। उसके बावजूद भी पुलिस ने संभल बस स्टैंड से टेंपो को पड़कर सीज कर दिया।

# चोरियों की खुलासा कोतवाल के लिए बड़ी चुनौती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। नवनियुक्त कोतवाल के लिए हसनपुर कोतवाली इलाके में घटी चोरियों की वारदातों का खुलासा करना चुनौती होगा। जनता में पुलिस का विश्वास बना रहे इसके लिए भी नये कोतवाल को प्रयास करने होंगे।

हसनपुर के प्रभारी निरीक्षक वरुण कुमार का तबादला गैर जनपद के लिए हो गया है। उनके स्थान पर थाना सैदनगली के कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा को हसनपुर का नया कोतवाल बनाया गया है। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र में पिछले दिनों एक दर्जन के करीब हुई चोरियों का खुलासा कोतवाल वरुण कुमार नहीं कर पाये। इन चोरियों का खुलासा करना नये कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा के लिए एक चुनौती होगा। 4 मई को पुराने डाकखाने पर शोभित शर्मा अनुज शर्मा विशाल शर्मा के घर से 3 लाख की चोरी हुई थी। 6 मई को पुराने डाकखाने पर ही शुभम शर्मा के घर से डेढ़ लाख की चोरी हुई थी।

**एक दर्जन से अधिक चोरियों की गुत्थी अनसुलझी**

ब्राह्मण महासभा इस मामले में ज्ञापन भी सौंपा था। 7 मई को गांव रखेड़ा में फोटोग्राफर विनोद के कैमरे चोरी हो गये थे। 14 मई को पुराने खाने पर ब्रह्मपाल पुत्र नत्थू सिंह के रेडीमेड की दुकान से एक लाख की चोरी हो गई थी। 29 मई को नगर पालिका के लिपिक कौशल गुप्ता की बाइक चोरी हो गई थी। 6 जून को गांव अल्लीपुर मिलक से गंगादेई पत्नी नोरंग की भैंस चोरी हो गई थी। 14 जून को गांव करनपुर माफी में तरुण पुत्र गौतम की बिल्डिंग मटेरियल की दुकान से दिन दहाड़े 76 हजार की चोरी हो गई थी। 15 जून को कोतवाली से चंद कदमों की दूरी पर स्थित कैंटीन से नत्थू सिंह पुत्र हरकेश की जेब से साढ़े 5 हजार की लूट हो गई थी। 20 जून को मोहल्ला चमन के कंपोजिट कन्या प्राथमिक विद्यालय के ताले तोड़कर हजारों की चोरी हो गई थी। 24 जून को गांव दौलतपुर कला निवासी अनूप पुत्रकुंवरपाल की गंगा एक्सप्रेसवे के नीचे से बाइक चोरी हो गई थी। 25 जून को मोहल्ला होली वाला निवासी जीशान पुत्र कलुवा की ई-रिक्शा चोरी हो गई थी। अधिकतर में पुलिस ने इनमें रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की है। चोरों की इन वारदातों का खुलासा करना नये कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा के लिए कड़ी चुनौती है। इसके अलावा नये कोतवाल को पुलिस द्वारा फैसलों के नाम पर जो जनता से पैसा लिया जाता है। उसकी और को भी ध्यान देना होगा। क्योंकि इससे पुलिस की पिछले काफी समय से बदनाम हो रही है।

## एक नजर

### स्कूल से ढाई लाख की चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा**। चोरों ने स्कूल में कूमल काटकर लाखों का सामान चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है। मामला गांव छपना स्थित रमजानी मॉडल उच्च प्राथमिक विद्यालय का है। ग्रीष्म कालानी अवकाश के दौरान स्कूल बंद था। बीती रात चोरों ने दीवार में कूमल काट लिया तथा यहां से दस केवी डीवीआर, छह बैटरी, छह छत के पंखे, एक इन्वर्टर चोरी कर ले गये। घटना का पता उस समय चला जब जब प्रबंधक शमीम अहमद का भाई वसीम मजदूर के साथ सफाई के लिए यहां पहुंचा। चोरी की रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है। चोरी गये सामान की कीमत करीब ढाई लाख रूपये बतायी जा रही है।

### छात्रों को साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। श्री वेंकटश्वरा विश्वविद्यालय में साइबर सिक्योरिटी इंटर्नशिप प्रोग्राम 2025 के तहत एक विशेष सत्र का आयोजन कि या गया। इसमें देश के 22 राज्यों से छात्र-छात्राएं शामिल हुए। एसपी अमित कुमार आनंद ने साइबर अपराध से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि आम लोग किस तरह साइबर ठगी का शिकार होते हैं। फर्जी कॉल, लिंक और ओटीपी के जरिए होने वाली धोखाधड़ी के बारे में विस्तार से समझाया। एसपी ने साइबर सुरक्षा के लिए कई उपयोगी सुझाव दिए। इनमें दो-स्तरीय सत्यापन का उपयोग, मजबूत पासवर्ड बनाना और संदिग्ध लिंक से दूर रहना शामिल है। छात्रों को साइबर अपराध की रिपोर्टिंग कैसे करें, इसकी भी जानकारी दी गई। साइबर सेल की कार्यप्रणाली और डिजिटल ट्रेसिंग की तकनीकों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना और डिजिटल सुरक्षा के लिए तैयार करना था। एसपी ने छात्रों से % डिजिटल प्रहरी% बनकर समाज में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों को रोकने के लिए तकनीकी ज्ञान के साथ जागरूकता भी जरूरी है।

### समिति की निगरानी में निकलेंगे मोहर्रम के जुलूस

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। मोहर्रम के जुलूसों का संच.ालन करने वाली संस्था अंजुमन तहफ्फुज-ए-अजादारी की चुनाव प्रक्रिया इस साल भी पूरी नहीं हो सकी है। मामला हाईकोर्ट में विच.ाराधीन है। लिहाजा, डीएम निधि गुप्ता ने बीते साल गठित की गई छह सदस्यीय कमेटी की निगरानी में ही इस बार भी मोहर्रम के जुलूस निक.ालने जाने पर अपनी संस्तुति दे दी है। इस साल भी सभी जुलूस जिया एजाज नकवी, लियाकत अली, बाकर रजा नकवी, नदीम नकवी, शहजाद रजा व कासिम जैदी की निगरानी में निकाले जाएंगे। जुलूस का संचालन डीएम स्तर से गठित इसी कमेटी द्वारा किया जाएगा।

# पात्रों को रोजगार के लिए कराए ऋण उपलब्ध

## जिलाधिकारी ने बैंकर्स को दिये निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि ऋण के लिये जो आवेदन लंबित है उनका गुणवत्ता पूर्ण सत्यापन कराकर पात्रों को लोन दिया जाये। सभी बैंकर्स अपना लक्ष्य समय सीमा में हासिल करने का प्रयास करें।

कलक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने बैंकर्स की डीएलआरसी की त्रैमासिक बैठक की समीक्षा की। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये कि वह चार कर्मचारियों की टीम बनकर सभी बैंकों में भेजे ताकि बैंक द्वारा ऋण के जो आवेदन निरस्त किये गये है उनकी सही जानकारी मिल सके। सरकार द्वारा जो योजनाएं चलाई जा रही है उनके लिये प्राथमिकता के साथ ऋण दिया जाये। उन्होंने बैंकर्स को निर्देश दिये कि जो प्रार्थना पत्र रिजेक्ट करने योग्य है उन्हें रिजेक्ट किया जाये तथा इसका कारण भी बताया जाये। बैंकों को जो लक्ष्य दिया गया है वह समय सीमा में हर हाल में पूरा करना है। लापरवाही किसी भी हाल में सहन नहीं की जायेगी। जो आवे.दन लंबित है उनका गुणवत्ता पूर्वक सत्यापन करें। अपात्रों को लोन नहीं दिया जाना है। इस मौके पर बैंकों को प्रबंधक मैनेजर आदि मौजूद रहे।

# मोहर्रम पर चार सैक्टर में बांटा धनौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मोहर्रम पर्व को सकुशल और शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए तहसील प्रशासन ने कमर कस ली है। एसडीएम विभा श्रीवास्तव के निर्देशन में तहसील क्षेत्र को थानावार चार सेक्टरों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक सेक्टर पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर दी गई है, जो पर्व के दौरान अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी रखेंगे और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में भूमिका निभाएंगे।

प्रशासन द्वारा किए गए सेक्टर विभाजन के अनुसार तहसीलदार मूसाराम थारू को थाना क्षेत्र गजरौला का सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। बीडीओ धनौरा नरेंद्र गंगवार को थाना धनौरा का दायित्व सौंपा गया है। नायब तहसीलदार गजरौला राजपाल सिंह को थाना बछरायूं क्षेत्र की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं बीडीओ गजरौला प्रतिभा अग्रवाल को थाना रजबपुर के तहसील क्षेत्र धनौरा का सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि, "मोहर्रम का शांति और सद्भाव का प्रतीक है। सभी धर्मगुरुओं व ताजिए निकालने वाली समितियों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं।

# मिली हुई है मुझे भी सनद गुलामी की...

## हजरत उमर की शान में मनकबती मुशायरा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बज्मे सीरत फारूक-ए-आजम के संयोजन में दूसरे खलीफा हजरत उमर फारूक-ए-आजम की शान में शहर के मोहल्ला वकीलान त्रिपो.लिया में बुधवार रात मनकबती मुशायरा आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता मिर्जा साजिद अमरोहवी ने तथा संचालन डा. नासिर अमरोहवी ने किया। इस दौरान शाने उमर किताब का विमा.ेचन किया गया। इसके बाद शायरों ने अपना कलाम पेश किया। मिर्जा साजिद ने पढ़ा...लेके नाम आपका हम कुफ्र से भिड़ जाते हैं, आप अल्लाह का एहसान हैं हम पर फारूक। जुनैद अकरम फारूकी ने पढ़ा... सीरतें दोनों की पढ़िए तो गुमा होता है, कंही फारूक हैं हैदर, कंही हैदर फारूख। शीबान कादरी ने फरमाया... आप को आज भी हासिल है नबी की कुरबत, आप ने पाया है क्या खूब मुकद्दर फारूक। जुबैर इब्ने सैफी ने कुछ यूं कहा...दीने इस्लाम ने किस दौर में बुसअत पाई, हर मुअररिख ने लिखा सोच समझ कर फारूक। नासिर अमरोहवी ने पढ़ा...मिली हुई है मुझे भी सनद गुलामी की, तुम्हारी बज्म में आता हूं, बार-बार उमर। शाह फजल ने पढ़ा...कोई आसेब मेरे घर में नहीं आ सकता, मैंने घर में जो लगा रखा है लिख कर फारूक। इनके अलावा हबीब अहमद, साद अमरोहवी, हसन जिया, शहाब अनवर, अनीस अहमद, ताजदार अहमद, रहबर रिजवी, फैज आलम, मेहरबान अमरोहवी, इकरार सैफी, मुजघम्मिल सिद्दीकी, जैद जैदी, नवाब अंसारी, कासिम अमरोहवी, साद स्योहारवी ने भी अपना-अपना कलाम पेश करते हुए श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी। आखिर में निजाम फारूकी ने सभी का शुक्रिया अदा किया। इस दौरान कमर नकवी, उवैस मुस्तफा रिजवी, दाऊद रिजवी, मौलाना अतीक-उर-रहमान फारूकी आदि मौजूद रहे। वहीं, इससे पहले मुफ्ती सैय्यद अफ्फान मंस.ूरपुरी ने जलसे को खिताब किया। उन्होंने खलीफाओं की सीरत अपनाकर जिंदगी गुजारने की ताकीद की।

# एनडीआरएफ टीम ने दी भूकम्प से बचाव की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। एनडीआरएफ टीम ने ग्रामीणों को परीक्षण के दौरान भूकंप सुरक्षा ब्रजपात सुरक्षा तथा सर्प दंश प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। टीम ने बच्चों को अस्पताल पूर्व चिकित्सा शिक्षा के बारे में डेमो स्ट्रेशन के माध्यम से बताया तथा इसका अभ्यास भी कराया गया।

गुरुवार को केंद्र सरकार के आदेश पर एनडीआरएफ टीम ने ग्राम सतेड़ा में जागरूकता अभियान चलाते हुए ग्रामीणों को प्रशिक्षण दिया। एनडीआरएफ की टीम के द्वारा आपदा से बचाव को लेकर विभिन्न तरह की जानकारियां दी गई। उन्होंने बताया आपदा से पीड़ित व्यक्ति का सर्वप्रथम हार्ट की खोज किये जाने उसे पचपंत तथा मुंह के माध्यम से हवा दिये जाने के तरीका एवं आपदा के दौरान मरीजों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने को लेकर बनाये जाने वाले स्ट्रेचर बाढ़ पूर्व की तैयारी और एहतियात के संबंध में लोगों को जागरूक किया। उन्होंने अपने परिवार और अन्य लोगों का बचाव कैसे



करें इसके बारे में भी बताया। उन्होंने बताया बाढ़ जब आती है तो पहले बचाव करना जरूरी होता है। वही भूकंप आने पर बचने के लिए क्या करना है इस पर प्रकाश डाला गया। ब्रजपात में बचाव को लेकर पानी से निकलने, पेड़ के नीचे, बिजली पोल के पास नहीं खड़ा होना चाहिये। इसकी जानकारी देते हुए सुरक्षा की भी जानकारी दी। इस अवसर पर एनडीआरफ एसआई धर्मेंद्र कुमार राजस्व निरीक्षण अरविंद कुमार शर्मा प्रमोद कुमार यादव सनमुख राव पुरुषोत्तम लेखपाल दीपक चौधरी आदि मौजूद थे।

# कर्बला से समझ में आएगा हक और बातिल का फर्क

**मोहर्रम पर विशेष**

**अलाउद्दीन सैफी**

**उझारी**। इस्लाम मसावात का मजहब है। जिसमें छोटे-बड़े, अमीर-गरीब, काले-गोरे का फर्क मिट जाता है। इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम ने फरमाया कि अगर किसी ने बेगुनाह किसी एक इंसान का भी कघ्त्ल किया, गोया उसने पूरी इंसा.नियत का कत्ल किया। लेकिन अपना दिफा (बचाओ) भी लाजमी है। कर्बला के मैदान में भी यही हुआ। जब इमाम हुसैन को कूफा वालों ने अपने मक्र और फरेब से कूफा बुला लिया और जंग पर आमादा हो गए, तो इमाम हुसैन और उनके साथियों ने अपना बचाव के लिए तलवार उठाई। आखिरकार शहादत का जाम पी लिया लेकिन यजीद जैसे जालिम बादशाह की बेअत कबूल नहीं की।

हजरत इमाम हुसैन हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम की बेटी फातिमा जहरा के लख्ते जिगर हैं। हजरत इमाम हुसैन के वालिद का नाम हजरत अली और दादा का नाम अबू तालिब है। जब फूफा के रहने वालों ने हजरत इमाम हुसैन को बेशुमार खत भेज कर पूरा यकीन दिलाया कि गुफा में हालात बहुत अच्छे हैं, सब आपके हाथ पर बैअत चाहते हैं, आप तशरीफ ले आओ, तो इमाम हुसैन अपने परिवार और साथियों के साथ मदीने से कर्बला के लिए रवाना हो गए। यहां पर यह बात काबिले गौर है कि अगर इमाम हुसैन जंग के इरादे से जाते तो अपने साथ महिलाओं और दूध पीते बच्चों को लेकर हरगिज नहीं जाते, क्योंकि दुनिया जानती है कि जंग में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इमाम हुसैन अगर जंग के लिए जाते तो अपने साथ सिर्फ मदीने से नौजवानों का लश्कर लेकर कर्बला के लिए रवाना होते। बहरकैफ इमाम हुसैन अपने परिवार और साथियों के साथ कर्बला में पहुंच गए। यजीद के हुकुम पर उसकी फौज ने इमाम हुसैन पर पानी बंद कर दिया और ऐलान कर दिया कि- चरन्द पिऐं परन्द पिऐं मना न कीजिओ, पर फातिमा के लाल को पानी न दीजिओ। मोहर्रम महीने की 7 तारीख को इमाम हुसैन के खैमों में पानी खत्म हो गया। प्यास की शिद्दत से सब बेचौन होने लगे। छोटे-छोटे बच्चे अल- अतश अल-अतश की सदाएं बुलंद करने लगे। इस हाल में मोहर्रम की 10 तारीख को यजीद की फौज ने जंग का ऐलान कर दिया। इमाम हुसैन दिफा (बचाव) के लिए अपने एक-एक साथी को जंग के मैदान में भेजते रहे, एक एक करके तमाम साथी शहीद हो गए। अंत में इमाम हुसैन ने भी खुद को जंग के मैदान में उतार दिया और शहादत का जाम पीकर हमेशा हमेशा के लिए इस्लाम को बचा लिया। दुनिया की एक वाहिद जंग कर्बला की जंग थी, जिसमें यजीदी फौजी का लश्कर भूके प्यासे रसूल के परिवार को शहीद करता रहा। कर्बला में यजीद को मौत नहीं आई और इमाम हुसैन शहीद हो गए, लेकिन अल्लाह का करम देखिए कि इस जंग में मरने वाला हमेशा के लिए जीत गया और जिंदा रहने वाला हमेशा हमेशा के लिए मर गया।

# अब बारिश में भी नहीं रूकेगी सफाई: प्रवीण

## सफाई कर्मियों को पालिका ने रेनकोट बांटे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नगर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पालिका सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल और अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा द्वारा सफाई कर्मचारियों को रेनकोट वितरित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि, ष्हमारा लक्ष्य है कि नगर हर मौसम में साफ-सुथरा बना रहे। बारिश के मौसम में अक्सर सफाई व्यवस्था प्रभावित हो जाती है, इसलिए रेनकोट वितरित कर हमने सफाई कर्मियों की सुरक्षा और सुविधा का ध्यान रखा है। अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि, ष्आगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है, ताकि सफाई कर्मियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और नगर की स्वच्छता व्यवस्था सुचारू रूप से जारी रहे। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक उमेश सैनी, लेखाकार सोनू पिवाल, रामेन्द्र यादव, विशाल शर्मा, निशांत युध्वंशी समेत समस्त पालिका स्टाफ, सभासदऔर अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल की सराहना की और नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के संकल्प को दोहराया। यह पहल न केवल कर्मचारियों के कार्य के प्रति सम्मान को दर्शाती है, बल्कि नगर प्रशासन की सक्रियता और संवेदनशीलता का भी प्रतीक है।

# कांग्रेस लोकतंत्र के लिए खतराः केशव मौर्य




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि 'सत्ता के लालच' में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने देश पर आपातकाल थोपा था। श्री मौर्य ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि आपातकाल कांग्रेस के अहंकार का परिणाम था और लोकतंत्र के मूल्यों का हनन था।

सत्ता के लालच में कांग्रेस ने आपातकाल थोपा। उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस ऐतिहासिक फैसले का उल्लेख किया, जिसमें इंदिरा गांधी का चुनाव रद्द किया गया था। उन्होंने कहा कि उस फैसले के बाद सत्ता के लालच में कांग्रेस ने आपातकाल थोप दिया। कांग्रेस सिर्फ परिवारवाद, तुष्टिकरण और सत्ता के लिए काम करती है, इसलिए देश को कांग्रेस मुक्त करना अब समय की आवश्यकता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीतिक संकट को लेकर 25 जून 1975 को देश के अंदर आपातकाल लागू किया गया और लोकतंत्र की आत्मा को कुचला गया। बाबा साहब के संविधान के अधिकारों को छीना गया जिसे भारतीय जनता पार्टी संवैधानिक हत्या दिवस के रूप में मना रही है। उन्होंने कहा कि आपातकाल की घोषणा के बाद रातों-रात लोगों के लोकतांत्रिक अधिकार छीन लिए गए। विपक्षी दलों के नेताओं को जेल में डाल दिया गया। अभिव्यक्ति के सभी माध्यमों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। देश के लो.कतंत्र में यह काला दिन बनकर अंकित है। उन्होंने कहा कि यह आपातकाल आजाद भारत के इतिहास की सबसे विवादास्पद घटनाओं में से एक है। आपातकाल के खिलाफ जब जयप्रकाश नारायण ने आंदोलन किया तो आंदोलन में आज की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जो कल की जनसंघ रही और जनता दल ,असली समाजवादी पार्टी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था लेकिन आज की नकली समा.जवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव आपातकाल थोपने वाली कांग्रेस की गोद में बैठ चुकी है और कांग्रेस बन चुकी है। श्री मौर्य ने समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव पर भी तीखा हमला बोलते हुए उन्हें 'नकली समाजवादी' करार देते हुए कहा कि कांग्रेस से गठबंधन कर लोकतंत्र के साथ धोखा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा अब माफियाओं, नकल और भर्ती घोटालों की शरणस्थली बन गई है। वास्तव में सपा लोकतंत्र की हत्यारों के साथ खड़ी हुई हैं जिसे देश की और प्रदेश की जनता छोड़ने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि आगामी 2027 की विधानसभा के चुनाव में भाजपा प्रचंड बहुमत से विजय होगी और देश से कांग्रेस और प्रदेश से समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी बनेगी और सपा मुक्त उत्तर प्रदेश बनेगा । उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार ने देश एवं प्रदेश में जबरदस्त काम करते हुए विकास की धारा बहाई है। कानून का राज स्थापित है। संविधान और लोकतंत्र की रक्षा कर रही है। सपा पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) के नाम पर लोगों को गुमराह कर रही है। प्रदेश में जातिवाद और समाज को विभाजित करने का कार्य कर रही है जिसे उत्तर प्रदेश की जनता बर्दाश्त नहीं करने वाली है।

# देश को डराने वाली भाजपा मना रही है संविधान हत्या दिवसः अजय राय



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि पिछले 11 सालों से सीबीआई और ईडी का इस्तेमाल कर देश में डर का माहौल बनाने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आज संविधान हत्या दिवस मना रही है। श्री राय ने कहा कि संविधान विरोधी भाजपा सरकार जिसकी मंशा में संविधान को बदलना है, जो पिछले ग्यारह वर्ष से लगातार हर संवैधानिक मूल्यों की धज्जियां उड़ा रही है, जिसने इस देश में ईडी और सीबीआई के दुरपयोग से डर का माहौल बना रखा है,वो आज संविधान हत्या दिवस मना रही है।

उन्होने कहा कि कांग्रेस ने आपातकाल पर अपना स्टैंड साफ रखा है और देश की जनता ने भी मात्र ढाई साल बाद इंदिरा जी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत वाली कांग्रेस की सरकार बना कर अपना जवाब दे दिया था। सवाल ये है कि आज पचास साल बाद ये बात क्यों उठ रही है। श्री राय ने कहा कि मोदी सरकार पूरी तरह नाकाम हो चुकी है, उसके पास अपना बताने को कुछ नहीं है, इसलिए वह वर्तमान और भविष्य की तरफ ना देख कर भूतकाल की तरफ भाग रही है। उन्होने कहा कि इस युवा देश में युवा ही बेरोजगार है, महंगाई आसमान छू रही है, भाजपा शासित प्रदेशों में महिलाओं और दलितों के खिलाफ अपराध बढ़ गए हैं, चीन घर में घुस कर बैठा है। ट्रंप के दबाव में मोदी सरकार सेना के पराक्रम और मनोबल को तोड़ते हुए सीजफायर घोषित कर देती है।

## बाढ़ की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मॉकड्रिल

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में बाढ़ की आशंका को देखते हुए आज बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में तैयारियों का जायजा लेने के लिए मार्क ड्रिल का आयोजन किया गया। नानपारा के तहसीलदार अंबिका चौधरी ने पत्रकारों से विशेष बात.चीत में बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार नानपारा तहसील के शिवपुर स्थित सरयू नदी में आज मार्क ड्रिल का आयोजन किया गया।

इस अभ्यास का उद्देश्य बाढ़ की स्थिति में लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाना और राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों को परखना था। मार्क ड्रिल में स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, एनडीआरएफ और पैरामिलिट्री के जवानों ने संयुक्त रूप से भाग लिया। इस दौरान जवानों ने बाढ़ से प्रभावित लोगों को जागरूक किया और उन्हें सुरक्षित रहने के उपाय बताए। अभ्यास के दौरान एनडीआरएफ के जवानों ने नदी में डूबे एक व्यक्ति को कुशलतापूर्वक बाहर निकाला और उसे एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इसके अतिरिक्त, नदी के दूसरी ओर फंसे ग्रामीणों को भी एनडीआरएफ के जवानों ने सुरक्षित रूप से नदी पार कराई। तहसीलदार अंबिका चौधरी ने बताया कि इस मार्क ड्रिल का उद्देश्य बाढ़ की स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि प्रशासन बाढ़ से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

## वन्देमातरम कोई कविता नहीं भारत के लिए महामंत्र हैः उपमुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जो काम तलवार की धार से नहीं हो सकता वो कलम की नोक से हो सकता है और वही कलम जब बंकिम चंद्र चटोपाध्याय की चली तो वन्देमातरम की रचना हुई। वन्देमातरम गीत के रचयिता बंकिम चंद्र चटोपाध्याय की जयंती पर गुरुवार को श्री मौर्य ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 'वन्देमातरम' कोई कविता नहीं पूरे भारत के लिए वह महामंत्र है जिसने हमें अंग्रेजों की पराधीनता से मुक्त कराने और भारत के तिरंगे का मान बढ़ाने का काम किया। इस महामंत्र को गाते हुए वीर क्रांतिकारियों ने हंसते हंसते फांसी के फंदे को चूमा। आजादी की लड़ाई में हर जुबां पर वन्देमातरम रहता था।

श्री मौर्य ने कहा कि 'वंदे मातरम' गीत को स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एक पवित्र मंत्र के रूप में माना जाता था। यह गीत भारत की स्वतंत्रता के लिए लड़ने वाले क्रांतिकारियों के लिए प्रेरणा का ़ोत था। उन्होंने कहा कि जिस वन्देमातरम को अंग्रेजों के शासनकाल में मिटाने का काम हुआ उसी वन्देमातरम की ताकत के बल पर अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए और उन्हें भारत से खदेड़ दिया गया। इस अवसर पर मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कांवर यात्रा को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार का साफ संदेश है कि कांवर यात्रियों की श्रद्धा एवं भक्ति भावना खंडित करने की गलती कोई न करे अन्यथा पता चलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि समा.जवादी पार्टी (सपा) से जुड़े लोगों के जब गैरकानूनी जमीन कब्जे इत्यादि की जांच होती है तो वे अनर्गल आरोप लगाते ही हैं। अतीक अहमद के गुर्गों द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जे के सवाल पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी ऐसा कर रहे हैं वे अवैध कब्जे छोड़ दें नहीं तो सरकार अपना काम करेगी।

## प्रतापगढ़ में परिवार के तीन लोगों की संदिग्ध मौत

**प्रतापगढ।** उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिले के लालगंज क्षेत्र में एक कारोबारी के परिवार के तीन सदस्यों के शव गुरुवार को घर के बंद कमरे में मिले। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय ने बताया है कि आज सुबह घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पाया कि घर के अंदर से एक बच्चे के रोने की आवाज आ रही थी। घर अंदर से बंद था जिसका दरवाजा खुलवाया गया तो अंदर एक ही बेड पर पति अंकित पटवा (26), पत्नी रिया (22) और अंकित की मां आशा पटवा (52) मृत अवस्था में पड़े थे। तीनों की नाक से झाग आ रहा था। शवों को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने पर मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

## एक नजर

### पत्रकार को धमकी देने पर केस दर्ज

**गोंडा।** जिले के कौड़िया थानाक्षेत्र अन्तर्गत एक हिंदी दैनिक समाचार पत्र से जुड़े पत्रकार को धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध असंज्ञेय अपराध का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला पत्रकार वैजनाथ अवस्थी द्वारा एक समाचार प्रकाशित करने के बाद उत्पन्न हुआ, जिसमें तहसील करनैलगंज के नजारत कार्यालय की अव्यवस्थाओं को उजागर किया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पत्रकार वैजनाथ अवस्थी, जो एक दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता हैं, उन्होंने 19 जून 2025 को 'तहसील करनैलगंज का नजारत कार्यालय बना आरामगाह' शीर्षक से एक समाचार प्रकाशित किया था। इस खबर से नाराज होकर ग्राम कोटिया मदारा के निवासी प्रकाश वीर सिंह पुत्र जीतबहादुर सिंह ने 21 जून 2025 की सुबह 9:16 बजे, ग्राम सभा कोटिया मदारा के नाम से बना सोशल मीडिया व्हाट्सऐप ग्रुप पर पत्रकार को लेकर अभद्र, अपमानजनक और धमकी भरे संदेश साझा किए थे। पत्रकार के अनुसार यह आपत्तिजनक संदेश ग्राम सभा के दो व्हाट्सऐप ग्रुपों पर भेजे गए थे, जिन्हें कुल 205 लोगों ने देखा था। इससे पत्रकार की सामाजिक छवि को ठेस पहुंची और उन्हें मानसिक पीड़ा का सामना करना पड़ा। साथ ही, उन्होंने बताया कि आरोपी प्रकाश वीर सिंह एक दबंग और आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है, जिसके विरुद्ध पूर्व में भी कई आपराधिक मामले थाना कौड़िया व कोतवाली करनैलगंज में दर्ज हैं। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए कौड़िया पुलिस द्वारा प्रकाश वीर के खिलाफ असंज्ञेय अपराध का मुक.दमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक कौड़िया अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि पत्रकार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं पत्रकार संगठनों ने इस घटना की निंदा करते हुए प्रशासन से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों ने भी पत्रकार को धमकी देने की घटना पर नाराजगी जताई है और स्वतंत्र पत्रकारिता की सुरक्षा पर भी सवाल उठाए हैं।

### वन माफियाओं कर रहे हरे पेड़ों की अवैध कटाई

**गोंडा।** कोतवाली कर्नलगंज के बालपुर चौकी क्षेत्र में वन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। ग्राम पंचायत भटनईया में सागौन के दर्जनों हरे-भरे प्रतिबंधित पेड़ों की अवैध कटाई धड़ल्ले से जारी है। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, वन दरोगा और जिम्मेदार पुलिस प्रशासन की मिलीभगत से माफिया बेखौफ होकर इस गैरकानूनी धंधे को अंजाम दे रहे हैं। पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंचाने वाला यह कारोबार शासन और जिला प्रशासन के आदेशों को खुली चुनौती दे रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि वन विभाग और पुलिस सब कुछ जानते हुए भी अंजान बने हुए हैं। सड़कों और चौराहों से लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां खुलेआम गुजर रही हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही। यह स्थिति न केवल पर्यावरण के लिए खतरा है, बल्कि वन संपदा की लूट को भी दर्शाती है। सागौन जैसे मूल्यवान पेड़ों की कटाई से माफिया मोटी कमाई कर रहे हैं, जबकि वन्यजीवों के आवास पर संकट गहरा रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों पर शासन के आदेशों का कोई असर नहीं दिख रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि वन माफिया पुलिस और वन विभाग के कुछ कर्मचारियों के संरक्षण में रात-दिन अवैध कटाई कर रहे हैं। इस कारोबार से न केवल जैव विविधता को नुकसान हो रहा है, बल्कि जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक समस्याएं भी बढ़ रही हैं। जनता में इस मुद्दे को लेकर भारी आक्रोश है। लोग प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। सवाल उठता है कि आखिर इस अवैध कारोबार पर लगाम कब लगेगी? जिला प्रशासन और वन विभाग को तत्काल प्रभावी कदम उठाने की जरूरत है, ताकि वन संपदा और पर्यावरण को बचाया जा सके।

### बांदा में करंट लगने से दो मरे

**बांदा।** उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के चिल्ला थाना क्षेत्र में विद्युत करंट की चपेट में आकर एक महिला और उसके नाती की मृत्यु हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर राजवीर सिंह ने बताया कि दस वर्षीय विकास चिल्ला कस्बे के नई बस्ती मोहल्ले में अपने नाना छेदी लाल के घर पर था। विकास घर पर कूलर में विद्युत तार जोड़ रहा था कि विद्युत करंट की चपेट में आकर तड़पने लगा। यह देख 62 वर्षीया उसकी नानी इंदी देवी ने उसे बचाने का प्रयास किया। जिससे दोनों ही विद्युत करंट में चिपके रह गए और घटना में दोनों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि सूचना पर तत्काल मौके में पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और पंचायतनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की विधिक कार्यवाही शुरू की।

### बांदा में तालाब में डूबने से दो मरे

**बांदा।** उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के बिसंडा थाना क्षेत्र में अपरा]न नहाने गए दो किशोरों की मृत्यु तालाब में डूबने से हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी बबेरू सौरभ सिंह ने बताया कि ओरन ग्रामीण के विशाल का पुरवा निवासी जय किशोर शिवहरे का 12 वर्षीय पुत्र ज्ञान बाबू सातवीं कक्षा का छात्र था और जुगल किशोर यादव का 11 वर्षीय पुत्र निशू यादव पांचवी कक्षा में अध्यनरत था। आज लगभग डेढ़ - दो बजे गांव के चिरऊ तालाब में नहाने गए थे। जहां गहरे पानी में पहुंचकर डूबने से उन दोनों की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पर तत्काल दोनों किशोरों के शवों को तालाब से निकाल कर पंचायत नामा किया गया और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर पुलिस ने आगे की विधिक कार्यवाही शुरू की।

### फतेहपुर में बुजुर्ग की पीट पीटकर हत्या

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले में आज सीसीटीवी कैमरे को हटाने को लेकर हुए विवाद में बुजुर्ग दुकानदार की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह ने बताया कि जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बीरनई निवासी काली शंकर का कारखाना था कारखाने के बगल में उसने सीसीटीवी कैमरा लगा रखा था। इस बात से पड़ोसी आशू अवस्थी का विवाद हुआ। विवाद में आशु अवस्थी ने लाठी डंडों से पीट कर बुजुर्ग काली शंकर को मार डाला। घटना की रिपोर्ट दर्ज हो गई है। फॉरेंसिक जांच हो रही है। अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है । शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ विरोधी दिवस की पूर्व संध्या पर जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** जिले के झंझरी ब्लॉक स्थित आबकारी गोदाम परिसर में अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ विरोधी दिवस की पूर्व संध्या पर नशा मुक्ति के लिए एक प्रचार एवं शिक्षात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम लोक गीत राग रागनी कला मंच, श्रावस्ती द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें लोक गीतों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जन जागरूकता फैलाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं और स्थानीय लोगों को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक,मानसिक और सामा.जिक नुकसानों के बारे में विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला आबकारी अधिकारी गोंडा ने उपस्थित लोगों को नशीले पदार्थों से दूर रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने नशे की लत को समाज के लिए अभिशाप बताते हुए इसके खिलाफ सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। लोक गीतों के माध्यम से प्रस्तुत संदेशों ने नशा मुक्ति का संदेश प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाया। इन गीतों ने न केवल जागरूकता फैलाई,बल्कि लोगों को नशे के खिलाफ प्रेरित भी किया। कार्यक्रम में मद्य निषेध विभाग के जिला मद्य निषेध अधिकारी आलोक तिवारी, आबकारी निरीक्षक वंदना केसरवानी, अभिषेक मिश्रा, राशिद खान, शिवलाल मौर्य सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अधिकारियों ने नशा मुक्ति के लिए समाज के हर वर्ग से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर युवाओं ने नशे के खिलाफ सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। यह आयोजन नशा मुक्ति के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। स्थानीय लोगों ने इस तरह के आयोजनों को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की, ताकि नशे की लत से समाज को मुक्त किया जा सके।

## बहराइच में नर्स ने की आत्महत्या

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के नानपारा क्षेत्र में एक निजी अस्पताल में कार्यरत नर्स ने आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतका की पहचान गंगापुर मंडी मिहींपुरवा निवासी 24 वर्षीय युवती के रूप में हुई है। मृतका का प्रेम संबंध मिहींपुरवा के एक युवक से था,

जो शादी का दबाव बना रहा था। युवती ने परिवार की सहमति से शादी की इच्छा जाहिर की, लेकिन आरोपी युवक ने उसकी निजी तस्वीरें वायरल करने की धमकी दी। मंगलवार को युवती ने घर जाकर अपने परिवार को पूरी बात बताई। इस पर उसके पिता ने कोतवाली मूर्तिहा में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद युवती नानपारा स्थित अस्पताल लौट आई। बुधवार सुबह करीब 5:30 बजे, अस्पताल में सफाई का काम कर रहे स्वीपर राकेश ने युवती का शव दुपटे से लटका देखा और तुरंत इसकी सूचना अन्य स्टाफ सदस्यों को दी। सूचना मिलते ही कोतवाल रामाज्ञा सिंह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, वहीं मृतक के परिजनों ने आत्महत्या का कारण प्रेम संबंध और धमकी को माना है।

## श्रवण साहू हत्याकांड के सजायाफ्ता मुजरिम को मिली सशर्त जमानत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने शहर के तेल कारोबारी श्रवण साहू हत्याकांड में उम्रकैद की सजा पाए अभियुक्त बाबू खान की सशर्त जमानत मंजूर की है। बाबू खान समेत आठ अभियुक्तों को लखनऊ की सीबीआई की विशेष अदालत ने 22 अगस्त 2024 को दोषी करार देते हुए उम्रकैद के साथ जुर्माने की सजा सुनाई थी।

न्यायमूर्ति पंकज भाटिया और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने यह आदेश बाबू खान की अपील में दाखिल जमानत अर्जी पर दिया। बाबू खान के अधिवक्ता ने बताया कि कोर्ट ने सह अभियुक्त अजय पटेल को पहले ही बीते 21 अप्रैल को सशर्त जमानत मंजूर की थी, उसी आधार पर बाबू खान को भी जमानत मिली। अभियोजन के मुताबिक एक फरवरी 2017 को सआदतगंज के बड़े चौराहे पर दुकान के बाहर बैठे श्रवण साहू को बाइक सवार दो शूटरों ने पांच गोलियां मारी थीं। एक गोली सिर में लगी थी। वह अपने बेटे आयुष साहू की हत्या के इकलौते गवाह थे, जो 2013 में मारा गया था।

# मेडिकल कॉलेज ने चोरी हुआ बच्चा बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में गुरुवार तध्के सरकारी मेडिकल कॉलेज के महिला अस्पताल के वार्ड से चोरी हुआ सात दिन का नवजात बालक पुलिस ने कुछ ही घंटे में बरामद कर उसकी मां को सौंप दिया। इस मामले मे पुलिस ने एक निजी अस्पताल में काम करने वाली एक महिला को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक तौर पर महिला ने खुद के संतान न होने की वजह पुलिस को बताई है फिलहाल पुलिस उसके बयानों के आधार पर मामले की तहकीकात में जुटी हुई है। बच्चे को कुछ ही घंटे में बरामद करने वाली टीम को एसपी ने 25 हजार का इनाम और प्रशस्ति पत्र देने की घोषणा की है वही पूरे मामले में आरोपी महिला के खिलाफ कघे कार्रवाई करने का भी दावा किया है। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि हरियावा थाने के बिलहरी गांव के रहने वाले शिवाक.ांत दीक्षित की पत्नी निधि दीक्षित को 19 जून को प्रसव पीड़ा के चलते महिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था।जहां ऑपरेशन के जरिए उन्होंने एक नवजात बालक को जन्म दिया था। परिजनों के मुता.बिक ऑपरेशन में कुछ दिक्कत की वजह से निधि और उनके बालक को अस्पताल में ही रोका गया था।

बीती रात बच्चे की दादी,नानी और पिता सारे लोग अस्पताल में ही मौजूद थे। पिता के मुताबिक दो बजे रात में परिवार वालों की आंख लग गई करीब 1 घंटे बाद जब परिवार के लोग उठे तो नवजात बालक गायब था जिसके बाद परिवार वालों ने अस्पताल प्रशासन को सूचना दी। बच्चे के वार्ड से गायब होने की सूचना के बाद पूरे अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया।मेडिकल कॉलेज परिसर में मौजूद सुरक्षा गार्ड और अस्पताल प्रशासन ने बच्चों की खोजबीन की लेकिन कोई पता न लगने पर डायल 112 को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची डायल 112 ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस अधिकारियों को सूचना दी।घटना के बाद पुलिस की कई टीम सक्रिय हुई और अस्पताल परिसर से लेकर सघ्क तक के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। सीसीटीवी फुटेज में एक निजी अस्पताल में काम करने वाली एक महिला पर संदेह होने पर पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर जब उससे पूंछताछ की तो उसके पास से चोरी किया बच्चा बरामद कर लिया गया जिसके बाद पुलिस ने बच्चा चुराने वाली महिला को हिरासत में लिया है। प्राथमिक तौर पर हिरासत में ली गई महिला ने बताया की उसने निसंतान होने की वजह से अस्पताल में रेकी की और उसके बाद बच्चे की चोरी की थी। फिलहाल पुलिस उससे गहराई से पूंछताछ कर रही है। बच्चे को पुलिस टीम ने उसकी मां को सौंप दिया।


**उत्तर रेलवे**

**ई निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिए उप मुख्य विद्युत अभियंता, निर्माण, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निविदा संख्या 143R-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 IREPS की वेबसाइट यानी **http://www.ireps.gov.in** पर समापन तिथि 21.07.2025 समय (11:30 Hrs.) एक पैकेट प्रणाली के तहत 'ई-टेंडर' आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| NIT संख्या | 143R-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 दिनांक 26.06.2025 |
| निविदा संख्या | 143R-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 |
| कार्य का नाम | उत्तर रेलवे के रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप, चारबाग, लखनऊ के अंदर ईएलपीओएच शॉप के लिए सब असेंबली ओवरहालिंग की सुविधा के निर्माण के संबंध में विद्युत सामान्य सेवा का कार्य। |
| निविदा प्रपत्र लागत | कुछ नहीं। |
| लगभग निविदा मूल्य | रु. 1,41,50,035.86 (एक करोड़ एकतालिश लाख पचास हजार पैंतीस रूपये और छियासी पैसे मात्र) |
| बोली सुरक्षा | रु. 2,20,800.00 (दो लाख बीस हजार आठ सौ रुपये मात्र) |
| समापन की अवधि | 12 (बारह) माह |
| ऑफर की वैधता | 60 दिन |
| IREPS वेबसाइट पर विज्ञापित निविदा दिनांक | 26.06.2025 |
| जिस तिथि तक ठेकेदार अद्यतन/परिशिष्ट/संशोधित तिथि नोट कर सकता है। | 07.07.2025 |
| निविदा प्रस्तुत करने की समाप्ति तिथि और समय | 21.07.2025 (11:30 Hrs.) |
| पात्रता मापदंड | निविदा दस्तावेज के अनुसार |

**ध्यान दें :** 1. ठेकेदार को प्रस्ताव प्रस्तुत करते समय IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर अपलोड किए जाने वाले निविदा दस्तावेज के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। 2. सभी प्रतिभागी ठेकेदार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ अपने आवश्यक दस्तावेज जमा करेंगे। 'अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने के लिए कोई भी पोस्टटेंडर पत्राचार तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव खोलने के बाद विचार नहीं किया जाएगा। यहां तक कि निविदाओं के सू-मोटो पोस्ट टेंडर पत्रों को अशक्त और शून्य माना जाएगा।' टेंडर नोटिस **www.ireps.gov.in** की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**No. 143R-Dy.CEE-C-LKO-2025-26 दिनांक 26.06.2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1925/25


# एसओजी टीम को किया लाइन हाजिर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश में पीलीभीत के थाना हजारा क्षेत्र में एक महिला के साथ हुई मारपीट और अपहरण के प्रयास के प्रकरण में पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने एसओजी की पूरी टीम को लाइन हाजिर कर दिया है।

इससे पहले तो थाना हजारा पुलिस फाइनल रिपोर्ट लगाने की तैयारी कर चुकी थी। पीलीभीत के हजारा थाना क्षेत्र में नेपाल सीमा से सटे गांव की निवासी पीड़िता ने कहा कि वह 23 अप्रैल को बहन के साथ घर में सोई थी। रात 1:30 बजे चार पहिया वाहन से पहुंचे पांच लोगों ने घर में घुसकर उसके साथ छेड़खानी की। बहन और उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसके बाल पकड़कर चारपाई से नीचे गिराकर पिटाई की। जान से मारने की धमकी देते हुए असलहों के बल पर सोने की बाली लूट ली। शोर-शराबे पर पड़ोस के झाले में सो रहे भाई के पहुंचने पर उसकी भी पिटाई की। पीड़िता ने अगले दिन थाना हजारा में मुकदमा दर्ज कराया। आरोप है कि पीड़िता ने कई बार थाने में शिकायत की और उच्चाधिकारियों को भी पत्र भेजे। कोई कार्रवाई न होने पर उसने मुख्यमंत्री आवास के बाहर आत्महत्या का प्रयास किया। पीड़िता का आरोप है कि घटना को पुलिसकर्मियों ने ही अंजाम दिया। इसको लेकर उसने दो दिन पहले मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर घटना की सीबीसीआईडी जांच कराने, न्याय न मिलने पर मुख्यमंत्री आवास के समीप परिवार सहित आत्मदाह करने की चेतावनी दी थी। रविवार को पीड़िता अपने भाई और भांजी के साथ लखनऊ रवाना हुई। सोमवार को सुबह करीब 10:45 बजे उसने मुख्यमंत्री आवास के समीप खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह की कोशिश की। वहां ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने दौड़कर उसे पकड़ लिया। उसे और उसके भाई को हिरासत में ले लिया। आरोप है कि एसओ हजारा से कहने के बाद भी उसके बयान दर्ज नहीं कराए गए। दर्ज रिपोर्ट में एफआर लगाने के लिए उसके विरोधियों से मिलकर पुलिस ने शपथ पत्र और अन्य झूठे साक्ष्य एकत्र करने शुरू कर दिए। न्याय न मिलने पर मजबूरन उसे आत्मदाह करने का कदम उठाना पड़ा। पुलिस के अनुसार पीलीभीत के हजारा थाना क्षेत्र की सुमित्रा कौर अपने भाई और भांजे के साथ लखनऊ के गौतमपल्ली स्थित सीएम आवास के पास पहुंचीं और अपने ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने की कोशिश की। वहां उपस्थित पुलिसकर्मियों ने तत्काल हस्तक्षेप कर उन्हें रोक लिया, जिससे आग नहीं भड़की। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के अनुसार कराई गई जांच में एसओजी की लापरवाही सामने आने पर टीम प्रभारी क्रांतिवीर सिंह,मुख्य आरक्षी अजब सिंह यादव, आरक्षी कुलदीप सिंह, मोहम्मद शाहनवाज और अजय चौधरी को लाइन हाजिर किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले के अन्य पहलुओं की जांच जारी है। दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# बिसौली विधायक ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** गुरुवार को बिसौली विधानसभा विधायक आशुतोष मौर्य ने जनता दर्शनश कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं सुनी। हर पीड़ित को न्याय दिलाने का भरोसा दिया। पुलिस, राजस्व, नगर पालिका, नगर पंचायत, विद्युत समेत अनेक मामलों को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए।बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य ने गुरुवार को श्जनता दर्शनश कार्यक्रम आयोजित किया। जनता दर्शन कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र से अलग-अलग गांव से आए 40 से अधिक पीड़ित मिले। विधायक आशुतोष मौर्य ने उनकी समस्याएं सुनी। प्रार्थना पत्र लिया और भरोसा दिया कि उनकी समस्याओं का निराकरण होगा।

बिसौली विधायक ने समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कहा कि हर पीड़ित को न्याय दिलाना ही मेरा उद्देश्य है। जनता दर्शन में पुलिस, राजस्व, पुलिस, नगर पालिका, नगर पंचायत, विद्युत सहित विभिन्न विषयों से जुड़े मामले आए। विधायक आशुतोष मौर्य ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

# पुलिस ने बैंक शाखओं में चलाया चेकिंग अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** गुरुवार को स्थानीय पंजाब नैशनल बैंक शाखा व जिला सहकारी बैंक शाखाओं में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के ख्याल से चेकिंग अभियान चलाया । इस दौरान स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी अली मियां जैदी ने पुलिस बल को साथ लेकर बैंक शाखा परिसर में खड़े संदिग्ध लोगों से पूंछ ताँछ की व सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े आवश्यक अभिलेखों का निरीक्षण किया । इस दौरान पंजाब नैशनल बैंक के शाखा प्रबंधक प्रभाष सागर द्विवेदी , उप प्रबंधक , शिवम् कुमार , खजांची रवि कुमार , अंकित कुमार , रजनीश कुमार यादव , प्रदीप कुमार सिंह व जिला सहकारी बैंक शाखा प्रबंधक अर्जुन सिंह व खजांची अरविंद कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे । यह जानकारी आसफपुर पुलिस चौकी प्रभारी अली मियां जैदी ने दी ।

# नगर के गेस्ट हाउस में सांसद आदित्य यादव ने सुनीं जनता की फरियाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गुरुवार को कस्बा बिसौली के गेस्ट हाउस में समाजवादी पार्टी के बदायूं लोकसभा सांसद आदित्य यादव ने पहुंच कर जनता के बीच रहकर आम जनमानस की समस्याओं को सुना तथा समय रहते गुणवत्ता पूर्वक तरीके से समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया वहीं कार्यक्रम में मौजूद यादव समाज के लोगों ने इटावा में हुई शर्मनाक घटना को लेकर के भी चर्चा की जिसपर सांसद आदित्य यादव ने कहा कि जनपद इटावा में यादव समाज के कथा वाचक के साथ जो घटना घटित हुई है वह निंदनीय है जिसको लेकर यादव समाज में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है और प्रदेश के मौजूदा सरकार से ऐसे असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने के लिए मांग की जाती है एवं भविष्य में ऐसी घटना पुना: घटित ना हो इसके लिए मौजूदा सरकार ऐसे असामा. जिक तत्वों पर कार्रवाई करे अन्यथा समाजवादी पार्टी एवं यादव समाज प्रदेश भर में आंदोलन के लिए वाध्य होगा वहीं सांसद आदित्य यादव ने कहा समाजवादी पार्टी (पीडीए) हमेशा से सभी वर्गों के दबे कुचले लोगों की आवाज उठाती रही है। वहीं कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को समाजवादी पार्टी की नीतियों के बारे में अवगत कराया एवं समाजवादी द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों की भी चर्चा कर समाजवादी पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने की अपील की।

# सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाएं सभी लोग आगामी त्यौहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उघैती।** श्रावण मास एवं मुहर्रम के त्यौहार को लेकर थाना परिसर में पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया। एसडीएम रिपुदमन सिंह एवं सीओ संजीव कुमार ने शांति सद्भाव के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। एसडीएम रिपुदमन सिंह ने मीटिंग में मौजूद दोनों समुदाय के लोगों से कहा,कानून अपना काम करता है। कोई नई परंपरा डालने का प्रयास न करें। प्रशासन का सहयोग करते हुए सौहार्द पूर्ण तरीके से त्यौहार को मनाने की जिम्मेदारी सभी की है। सीओ संजीव कुमार ने कहा,सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने एवं माहौल को खराब करने बालों के खिलाफ निश्चित ही कार्रवाई होगी। इसलिए कहीं भी खुराफाती तत्व माहौल बिगाड़ते हुए नजर आएं,तो तत्काल पुलिस को सूचना देने का काम करें। प्रभारी निरीक्षक कमलेश कुमार मिश्रा ने सभी से सहयोग की अपील की। इस दौरान एसआई नेपाल सिंह,धूम सिंह एवं प्रधान मुनेंद्र सिंह बाबू ठाकुर,बाबा महेंद्र सिंह समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# ऑनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटन में एक जुलाई सांय तक कर सकते हैं आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित नि:षुल्क टूल किट्स वितरण योजना के अर्न्तगत जनपद बदायूँ के ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले सामान्य जाति/अनुसूचित जाति/अल्पसंख्यक एवं पिछडे वर्ग के भुर्जी जाति व परम्परागत स्वरोजगार में रूचि रखने वाले कारीगरों को वर्ष-2025-26 हेतु आधुनिक पॉपकार्न मेकिंग मशीन, मोटराइज्ड दोना पत्तल मशीन एवं हनी बॉक्स टूल किट्स नि:शुल्क वितरण हेतु पुन: ऑनलाइन आवेदन पत्र बोर्ड की वेवसाइट www-upkvib-gov-पद की ऑनलाइन सेवाओ के अर्न्तगत ''ऑनलाइन टूलकिट्स पंजीकरण एवं आवंटन'' में आवेदन 01 जुलाई 2025 सांय 5:00 बजे तक आमन्त्रित किये रहे है। उन्होंने बताया कि आवेदको का चयन गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा। जिसमें आर्थिक रूप से अत्यन्त पिछडे एंव वी0पी0एल0 परिवार के सदस्यों को बरीयता दी जायेगी, ऐसे इच्छुक व्यक्ति जिनकी आयु 18 वर्ष कम न हो एंव 50 वर्ष से अधिक न हो अपना आवेदन पत्र जिला ग्रामोद्योग कार्यालय मो0 शहवाजपुर पुरानी चुंगी बरेली रोड बदायूँ में जमा कर सकते है। पूर्व में जिन आवेदको द्वारा आवेदन किया गया है। उन्हें पुन: आवेदन नहीं करना है। उन्होंने बताया कि योजनाओ में ऑनलाइन आवेदन करते समय आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूलनिवास प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, फोटो, राशन कार्ड/परिवार आई0डी0, आधार लिंक मोबाइल नम्वर अपलोड करना अनिवार्य है।

# पीओएस मशीन के बिना उर्वरक विक्रय करने पर होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला कृषि अधिकारी मनोज रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ अभियान 2025-26 के अन्तर्गत खाद की पर्याप्त उपलब्धता है, खाद की कालाबाजारी एवं पी0 ओ0 एस0 मशीन के बिना उर्वरक बिक्रय करने वालों के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने किसानो से अनुरोध किया है कि उर्वरक से सम्बन्धित किसी प्रकार की समस्या होने पर कार्यालय जिला कृषि अधिकारी में स्थापित कन्ट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर 05832-452706 पर प्रात: 10 बजे से सांय 5 बजे तक कार्य दिवस में शिकायत दर्ज करा सकते है।

# मंत्री गुलाब देवी ने किया बिसौली सोत्र नदी पुल का किया शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** लगभग 2 वर्ष पूर्व बिसौली क्षेत्र के रानेट चौराहे के समीप सोत नदी पर बना पुल क्षतिग्रस्त होने से आम जनमानस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा इसके लिए बदायूं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व व्यापारी वर्ग द्वारा लगातार नए पुल एवं वैकल्पिक मार्ग की मांग की जा रही थी जिसमें वैकल्पिक मार्ग का निर्माण करवा दिया गया है तथा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा नये पुल की भी मंजूरी दे दी गई है जिसमें बताया जा रहा है कि लगभग 16.11.96 लाख रुपए की लागत से नए पुल का निर्माण किया जाएगा जिसमें शासन द्वारा नए पुल के निर्माण के लिए पहली जारी कर दी गई है जिसके तहत उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी एवं उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य वागीश पाठक द्वारा रानेट चौराहे पर स्थित सोत नदी पुल का शिलान्यास किया एवं नए पुल के निर्माण कार्य शुरू कराया तथा आम जनमानस को आश्वासन देते हुए माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा जल्द ही आप लोगों को नए पुल की सौगात मिलेगी।

# एक व दो जुलाई को विभिन्न ट्रेड्स में होंगे साक्षात्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार उपाध्याय ने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में जनपद के पारम्परिक कारीगरों जैसे बढई, नाई, दर्जी, कुम्हार, लोहार, सुनार, राजमिस्त्री, हलवाई एवं धोबी ट्रेड में 10 दिवसीय प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण हेतु जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बदायूँ में आनलाईन आवेदन किया हो एवं आवेदनकर्ता अथवा उसके परिवार के किसी भी सदस्य ने पूर्व में इस योजना योजना में टूलकिट व मानदेय का लाभ नहीं लिया हो। ऐसे अभ्यर्थियों के साक्षात्कार विवरणानुसार जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, आंवला रोड सालारपुर बदायूँ में अपरान्ह 11.00 बजे से आयोजित किये जायेगें। उन्होंने बताया कि ट्रेड दर्जी के साक्षात्कार 01 जुलाई 2025 तथा ट्रेड हलवाई, लोहार, धोबी, बढई, कुम्हार, नाई एवं राजमिस्त्री के साक्षात्कार 02 जुलाई 2025 को होंगे। सभी अभ्यर्थी व आवेदक आवेदन पत्र में अपलोड किये गये अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ इन तिथियों पर आयोजित होने वाले साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

# 27 जून से 12 जूलाई तक की जाएगी अनुदान प्राप्त करने को बुकिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** 26 जून। उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने कृषकों को जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद में कृषि विभाग द्वारा संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन, प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन फॉर इन सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ कॉप रेज्डयू (सी.आर.एम.) एवं अन्य योजना के हाई टेक हब् फॉर कस्टम हायरिंग, कस्टम हायरिंग सेन्टर, फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना, कृषि ड्रोन, फसल अवशेष प्रबन्धन के प्रमुख कृषि यंत्र एवं अन्य यन्त्र व कृषि रक्षा उपकरण इत्यादि पर अनुदान प्राप्त करने हेतु बुकिंग 27 जून 2025 को दोपहर 12:00 बजे से प्रारम्भ है, जो 12 जूलाई 2025 रात्रि 12:00 बजे तक की जायेगी। उन्होंने बताया कि बुकिंग हेत विभागीय दर्शन पोर्टल agridarshan. up.gov.in पर किसान कॉर्नर के अन्तर्गत यन्त्र बुकिंग प्रारंभ पर क्लिक कर अनुदान हेतु टोकन निकालें लिंक पर क्लिक कर ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लाभार्थी का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा, आवदेन के समय ही कृषक को यंत्रवार निर्धारित जमानत धनराशि ऑनलाईन जमा करनी होगी। लक्ष्य अवशेष न रहने पर एवं ई-लॉटरी में चयनित न होने वाले सम्बन्धित कृषकों को जमानत धनराशि वापस कर दी जायेगी। रु0 10001 (दस हजार एक) से 100000 (एक लाख) रुपए तक अनुदान के कृषि यन्त्रों हेतु जमानत धनराशि 2500 रुपए होगी। 100001 (एक लाख एक) रुपए से अधिक अनुदान के कृषि यंत्रों हेतु जमानत धनराशि 5000 रुपए होगी।

# उत्तर प्रदेश परिवहन सभी ब्लॉक मुख्यालयों को रोडवेज बसों की शटल सेवा से जोड़े

**कैलाश भारती ,शाह टाइम्स**

**इस्लामनगर।** ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के प्रांतीय सचिव एवं बदायूं लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी कैलाश कुमार मिश्रा ने बदायूं जिला के पिछड़ेपन को देखते हुए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के आर ए एम साहब से निवेदन किया है कि आर ए एम महोदय बदायूं जिले में क्रांतिकारी कदम उठाए और जनपद के सभी नगर, उप नगरों तथा ब्लॉक मुख्यालयों को रोडवेज की बसों की शटल सेवा से जोड़कर जनपदीय जनता यात्रा संबंधी सुविधा प्रदान करे। पूर्व सांसद प्रत्याशी ने बदायूं डिपो के आर ए एम साहब से मांग दोहराई है कि उसावा, म्याऊं, उशेत, हजरतपुर, दातागंज, कुमरगांव, बगरेन, वजीरग.ंज, सैदपुर, बिसौली, आशफपुर, इस्लामनगर, बिल्सी, सहसवान, दहगवां, कछला, उझानी, कादर चौक सहित आदि स्थानों को रोडवेज बसों की सटल सेवा से ऐसे जुड़े जो 3 घंटे में रोडवेज की बस जनपद मुख्यालय से प्रत्येक नगर व ब्लॉक मुख्यालय को जोड़ दे और प्रत्येक बस एक दूसरी बस से मात्र 10 किलोमीटर की दूरी पर मेल हो जाए। जनपद में आवागमन की समस्या खत्म हो जाए और प्रत्येक यात्री जहां से बैठे वहां से जनपद मुख्यालय बदायूं मात्र 1 घंटा 30 मिनट में आसानी से पहुंचे और बदायूं से लौटना भी उसी प्रकार हो। सटल सेवा के तहत यह बसे जनपद के अंदर भ्रमण करें। श्री मिश्र ने रोडवेज बसों को संचालन करने वाले उच्च अधिकारियों का ध्यान इस समस्या पर शीघ्र आकर्षित करने का निवेदन किया। इससे जनपद बदायूं की जनता रोडवेज बसों की यात्रा का पूरा-पूरा लाभ उठा सके। उन्होंने कहा सटल सेवा से लोगों का व्यापार बढ़ेगा, समृद्धि आएगी जनपद बदायूं खुशहाल होगा।

## एक नजर

# डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जलाधिकारी अवनीश राय ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को निकटवर्ती अस्पताल तक ले जाने वाले नेक व्यक्ति (गुड सेमेरिटर्न) को 5000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाता है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को एक सप्ताह तक सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में डेढ़ लाख रुपए तक के कैशलेस इलाज की सुविधा भी प्रारंभ की है, जिसके लिए शासनादेश जारी हो चुका है। इसके लिए ग्रीवेंस रिड्रेसल ऑफीसर को नामित करते हुए सूचनाएं भारत सरकार को भेजी जानी है। कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं में व सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु में कमी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाए तथा दोपहिया वाहन चालक हेलमेट तथा चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट अवश्य लगाएं, यह सुनिश्चित किया जाए। ओवर स्पीडिंग, ओवरलोडेड वाहनों की चेकिंग की जाए। मोबाइल का उपयोग करते हुए व ड्रंकन ड्राइविंग के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। उन्होंने ब्लैक स्पॉट्स पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। डीएम ने फोर-ई इंजीनियरिंग, एनफोर्समेंट, एजुकेशन व इमरजैंसी केयर पर कार्य करने व उसके प्रति जागरूक करने के लिए भी कहा। सड़क दुर्घटनाओं के तुलनात्मक आंकड़ों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पाया कि मई 2024 व मई 2025 की तुलना के आधार पर सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि हुई है।

इसी प्रकार जनवरी 2024 से मई 2024 के सापेक्ष जनवरी 2025 से मई 2025 तक के आंकड़ों की तुलना करने पर भी सड़क दुर्घटनाओं व मृतकों की संख्या में वृद्धि होना पाया गया है। डीएम ने जनपद के प्रमुख व मुख्य मार्गों पर सड़क के दोनों ओर की झाड़ियों की प्रत्येक सप्ताह छटाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्ति को किसी सरकारी या प्राइवेट अस्पताल तक पहुंचाने वाले नेक व्यक्तियों का चिन्हांकन कर उसकी सूची उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें सम्मानित किया जा सके। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अम्बरीश कुमार ने बताया कि 01 जनवरी 2025 से 31 मई 2025 तक ओवर स्पीडिंग पर 377, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने पर 1145, पिलियन राइडर बिना हेलमेट के होने पर 96, बिना सीट बेल्ट के चार पहिया वाहन चलाने पर 274, रॉन्ग साइड पर 81, ड्रंकन ड्राइविंग पर 10, वाहन चलाते समय मोबाइल के प्रयोग पर 55 तथा ओवरलोडिंग यात्री वाहन आदि पर 85 तथा ओवरलोडिंग माल वाहनों पर 110 चालान किए गए हैं। इसके अतिरिक्त बिना लाइसेंस के वाहन चलाने पर 291, अंडर एज ड्राइविंग पर 03, वाहन पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप ना होने पर 43, स्कूली वाहन मानकों के अनुरूप न पाए जाने पर 17, बिना फिटनेस वाहन के संचालन पर 290 चालान किए गए हैं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# अटेना घाट पर मॉकड्रिल के माध्यम से बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को किया गया सचेत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उसहैत।** गुरुवार को अटैना गंगा घाट पर उपजिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला प्रशासन की ओर से एक मॉकड्रिल का आयोजन किया गया जिसमे ग्रामीणों को बाढ़ एवं आपदा की स्थिति में खुद को सुरक्षित रखने के लिए जागरूक किया गया उसहैत क्षेत्र में लगभग 12-13 गाँव ऐसे हैं जहाँ प्रत्येक वर्ष बाढ़ का खतरा बना रहता है। सरेली से अटैना तक लगभग 8 किलोमीटर का बाँध गंगा नदी के किनारे बना हुआ है। जिसके किनारे बसे गाँव अस्मयारफतपुर अहमद नगर बछौरा भखरी, बेहटी, बल्ले नगला कमलैयापुर,जटा,प्रेम.ीनगला,जसवंत नगला ठकुरी नगला, रैपुरा ,कदम नगला आदि। में बाढ़ का खतरा बना रहता है।

इससे वचाव और सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल की गई। जिसमे एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने बाढ़ पीड़ित लोगों बाढ़ से कैसे स्वयं बचना है, कैसे परिवार एवं जानवरों को बचाना है।सूचना मिलते ही तत्काल कैसे तैयार होकर सरकार द्वारा लगाई गई नावें मोटर वोट एवं अन्य सरकारी तंत्र का कैसे सदुपयोग करना है के सुझाव मॉकड्रिल करके बताये कार्यक्रम में तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार सिंह ने बाढ़ प्रभावित परिवारों नावों या मोटर वोट से कैसे सरकारी सहायता शिविरों में ले जाना, शिविरों में ठहरना, बीमारी से पीडितों को स्वास्थ्य शिविर में ले जाना उन्हें चिकित्सा मुहैया कराना आदि की विस्तृत जानकारी मॉकड्रिल के माध्यम से दी अटैना घाट आश्रम पर चार घंटे से अधिक चले इस कार्यक्रम में नायब तहसीलदार उत्तरी आनंद भूषण,नायब तहसीलदार दक्षिणी छबिराम सिंह, कानूनगो भगवान दास, एनडीआरएफ की टीम, विकस खंड कार्यालय से पूरी टीम,थाना प्रभारी विक्रम सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम, बाढ़ विभाग की टीम के अलावा स्वास्थ्य विभाग से पूरी टीम के साथ उसावा सीएचसी प्रभारी डॉ राहुल सिद्धार्थ, पशु चिकित्सालय की टीम,एवं क्षेत्रीय लेखपाल रामप्रताप सिंह समेत सभी लेखपाल एवं कानूनगो आदि मौजूद रहे।

# अनशन बैठी महिलाएं कल क्रमिक अनशन पर बैठेंगे बच्चे : ओमकार सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझानी।** 26 जून 2050, आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार नरूउ हाईवे के पास धरना स्थल पर किशोर वती, मनोरमा, शीला देवी, मुन्नी देवी, सर्वेश कुमारी, सुबह 10:00 बजे सांय 5:00 बजे क्रमिक अनशन पर बैठी। सांय 5 00 बजे शहर कांग्रेस कमेटी बदायूं के अध्यक्ष पूर्व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य मुन्नालाल सागर जी ने जूस पिलाकर सभी महिलाओं आज का क्रमिक अनशन समाप्त करवाया। धरना प्रदर्शन स्थल पर उपस्थित ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह कि आज गांव की महिलाएं भी आंदोलन में शामिल होते हुए क्रमिक अनशन पर बैठी जिन्होंने सुबह 10:00 बजे से लेकर 5:00 बजे तक इस तख्त से नीचे पैर भी नहीं रखा इनकी हठधर्मिता को सलाम है , और इन्होंने प्रशासन को संदेश देने की कोशिश की है की यह लोग इस गंदे पानी से कितनी दुखी है। कल क्रमिक अनशन पर 12 साल के बच्चे बैठ रहे हैं जो यह संदेश देना चाहते हैं कि हमारा भविष्य इसी गांव मैं आ रहे गंदे पानी के साथ गुजरेगा? हमारा स्वास्थ्य भी हमारे पूर्वजों की तरह खराब रहेगा ?उन्होंने कहा प्रशासन ने अभी तक इन ग्राम वासियों की कोई सुध नहीं ली है जिस समस्या को लेकर वहां की महिलाएं और बच्चे आंदोलन कर रहे हो वहां पर लोकतान्त्रिक प्रक्रिया पर प्रश्न चिन्ह लग जाता है उन्होंने कहा कि ग्रामवासी इस लड़ाई को अंतिम दम तक लड़ने को तैयार हैं। बदायूंशहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य मुन्ना लाल सागर ने कहा कि कांग्रेस इन ग्रामीणों के साथ उनकी लड़ाई लड़ने के लिए मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी है संघर्ष समिति के सदस्य योगेंद्र सिंह सोलंकी, कमल प्रताप सिंह, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उझानी के पूर्व अध्यक्ष लोकेश गौड ने कहा कि जब तक इस समस्या का निस्तारण नहीं होगा हम लोग पूर 24 घंटे धरने बैठे रहेंगे। धरना स्थल क्रमिक अनशन पर रामलाल, रामेंद्र सोलंकी ,राजाराम हरी बाबू, छोटे ,सुखराम, विकास शर्मा, अंशु सोलंकी, पातीराम, गजेंद्र श्यामवीर ,जंग बहादुर ,गुलशन राघव मुनेंद्र पाल सिंह, बलवीर सिंह आदि सैकड़ो ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बाढ़ के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों में मॉक एक्सरसाइज कर लिया तैयारियों का जायजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जनपद में बाढ़ की स्थिति से निपटने एवं पूर्व तैयारी करने हेतु गुरुवार के प्रात: 9:00 बजे से अपरान्ह 02:00 बजे तक बाढ़ के प्रति संवे. दनशील क्षेत्रों में ग्राम कछला गंगाघाट पर टीम द्वारा बाढ़ में नाव पलटने की घटना व नदी में डूबते हुए को बचाने की मॉक एक्सरसाइज व ग्राम अटैना पुख्ता गंगा घाट तहसील दातागंज में टीम द्वारा बाढ़ में फंसे व्यक्तियों को रेस्क्यू करने की मॉक एक्सरसाइज तथा ग्राम खागी नगला मजरा सिठौलिया खाम तहसील सहसवान में टीम द्वारा गंगा नदी में जलस्तर बढ़ जाने के कारण कटान होने की सूचना मिलने पर ग्राम को खाली कराये जाने का प्रदर्शन कराया गया। ग्राम कछला गंगाघाट पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) की देख-रेख में उपजिलाधिकारी सदर की अध्यक्षता में पुलिस क्षेत्राधिकारी उझानी, प्रभारी चिकित्साधिकारी, प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी, सहायक अभियन्ता विद्युत, सहायक अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, अग्निशमन अधिकारी, पी0 ए0 सी0, एन0सी0सी0, एन0 एस0 एस0, एन0वाई0के0, पी0आर0डी0 की टीम के द्वारा बाढ़ में नाव पलटने की घटना/नदी में डूबते हुए को बचाने की मॉक एक्सरसाइज की गई। ग्राम अटैना पुख्ता गंगा घाट तहसील दातागंज पर उपजिलाधिकारी दातागंज की अध्यक्षता में पुलिस क्षेत्राधिकारी दातागंज, प्रभारी चिकित्साधिकारी, प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी, सहायक अभियन्ता विद्युत, सहायक अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, अग्निशमन अधिकारी, एन0 सी0 सी0, एन0 एस0 एस0, एन0वाई0के0, पी0 आर0 डी0 की टीम द्वारा बाढ़ में फंसे व्यक्तियों को रेस्क्यू करने की मॉक एक्सरसाइज की गई। इसके अतिरिक्त ग्राम खागी नगला मजरा सिठौलिया खाम तहसील सहसवान में उपजिलाधिकारी सहसवान की अध्यक्षता में पुलिस क्षेत्राधिकारी सहसवान, प्रभारी चिकित्साधिकारी, प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी, सहायक अभियन्ता विद्युत, सहायक अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, अग्निशमन अधिकारी, एन0सी0सी0, एन0एस0एस0, एन0 वाई0 के0, पी0आर0डी0 की टीम के द्वारा गंगा नदी में जलस्तर बढ़ जाने के कारण ग्राम खागी नगला में कटान होने की सूचना मिलने पर ग्राम खाली कराये जाने का प्रदर्शन कराया गया। बाढ़ के प्रति संवेदनशील तीनों क्षेत्रों में मॉक एक्सरसाइज के दौरान प्रभावित व्यक्तियों को स्थापित बाढ़ शरणालय में ठहराकर समस्त सुविधायें उपलब्ध करायी गयीं, राहत पैकेट बांटे गये, स्वास्थ्य विभाग द्वारा पीड़ितों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी गयी, साथ ही पशुओं को शरणालय के पास स्थित खुले मैदान में लाया गया, जहां पशु चिकित्साधिकारी की देखरेख में पशु चिकित्सा स्टाफ द्वारा घायल एवं बीमार पशुओं को दवाई एवं टीकाकरण कराये जाने की मॉक एक्सरसाइज करायी गयी।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
कामिल खान ब्यूरो चीफ
दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221
Email: mkkhan741@gmail-com

# चोरों को ग्रामीणों ने पीटकर बनाया बंधक

■ , राइस मिल के ट्रांसफार्मर पर लगा रहे थे सेंध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बुधवार की रात चोरों के एक गिरोह ने क्षेत्र के ग्राम टांडा सादात के एक राइस मिल पर लगे ट्रांसफार्मर को निशाना बनाया, लेकिन ग्राम वासियों ने इनकी घेराबंदी कर दो को दबोच लिया, जिनकी जमकर पिटाई करते हुए उन्हें बंधक बना लिया, सुबह को पुलिस के सुपर्द कर दिया।

थाना नवाबगंज का ग्राम टांडा सादात गल्ला व्यापार के लिए जाना जाता है, यहां कई राइस मिल हैं। बीती रात एक बजे के लगभग चोरों के एक गिरोह ने टांडा सादात के फाजिलपुर मार्ग पर हाजी ताहिर की एम के राइस मिल पर लगे 250 केवी के ट्रांसफार्मर पर धावा बोल दिया। बताया जाता है कि चोर दो गाड़ियों से आए थे, जिनकी संख्या आधा दर्जन से अधिक बताई जा रही है, राइस मिल पर रजा, कामिल एवं अशरफ सो रहे थे।

राइस मिल पर सीसीटीवी कैमरे लगे थे, चोरों ने सामने लगे एक कैमरे को तोड़ दिया, मिल में लेटे रजा को कुछ आवाज सुनाई दी, सूचना घर काफी संख्या में ग्राम वासियों ने पहुँच घेराबंदी कर ली। चोर ट्रांसफार्मर से लाखों का तेल निकाल चुके थे, और ट्रांसफार्मर को खोल रहे थे। ग्राम वासियों की घेरा बन्दी के बाद भी गाड़ियों से बाकी भाग गये, और ग्राम वासियो के हत्थे दो चोर चढ़ गये, जिन्हें ग्रामीणों ने जमकर पीटा, पकड़े गए चोरों ने अपना नाम रेहान पुत्र जमील अहमद लाइनपार बहेड़ी एवं नन्हे पुत्र हीरालाल सुभाषनगर बताया। सूचना पर गुरुवार को पुलिस पहुंची और जांच कर चोरों को ले गयी। बताया जाता है कि एक दिन पूर्व रिछा में भी इसी प्रकार मिल पर चोरी की एक घटना हुई थी, सूचना पर मिल के स्वामी भी पहुंचे। बताया जाता है कि कस्बे के एक राइस मिल पर लगे ट्रांसफार्मर से भी चोर तेल चुराकर फरार हो गए थे, जिसकी तहरीर रफीक मुनीम द्वारा पुलिस को दी गई थी।

## पैनल का कीमती तार चुराकर भाग रहे चोर को ग्रामीण ने दौड़ाकर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव मुझैना जागीर के सचिन गंगवार का ऑयल प्लान्ट ग्राम के संजय गांधी इण्टर कॉलेज के सामने लगा है। प्लान्ट चलाने के लिए उन्होंने अपने खेत में सोलर पैनल लगा रखे हैं, जिसकी सप्लाई के लिए लगे कीमती तार को बुधवार की रात चोर ने काट लिया था।

तार काटे जाने के दौरान आंख खुल गई, जिसपर सचिन के पिता ने आवाज लगाई, जिसपर चोर गन्ने के खेत में छुप गया। बताया जाता है कि कुछ देर बाद चोर खेत से बाहर निकलकर जैसे ही चलने को हुआ तो सचिन और उसके पिता ने उसका दूर तक पीछा किया, और फिर चोर को पीताम्बर रोड से पकड़ लिया।

पकड़े गए चोर ने अपना नाम अबरार पुत्र नबाब खां ग्राम सोदरा तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद बताया है। पकड़े गए चोर को पुलिस के सुपर्द कर दिया गया।

# लीलौर झील के पुनरोद्धार कार्य शुभारम्भ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को तहसील आंवला स्थित लीलौर झील के पुनरोद्धार कार्य का हवन पूजन कर शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर पशुधन मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि नदियों, झील को पुनर्जीवित किया जाये, यह देश की सम्पदा है। उन्होंने कहा कि प्राचीन कालीन पांचाल प्रदेश की उत्तरी राजधानी अहिच्छत्र में स्थित लीलौर झील महाभारत कालीन है, और यहीं पर पॉण्डवों के अग्रज युधिष्ठिर से यक्ष ने प्रश्न किए थे। पॉण्डव और यक्ष संवाद की साक्षी महाभारत कालीन की भूमि है जिसपर हम सभी बैठे हैं। उन्होंने कहा कि यह झील नहीं है, बल्कि यक्ष सरोवर है, लीलौर झील को पर्यटन के मानचित्र में भी दर्शाया जाएगा। पर्यावरण बचाने के लिए झील के किनारे पेड़-पौधे आदि लगाकर उसका सौन्दर्य बढ़ाने का कार्य किया जाये, और अधिक से अधिक लोग अपने घरों के आस-पास पौधे लगाएं तथा पर्यावरण को बचाएं।

पशुधन मंत्री ने कहा कि गांव को साफ-सुथरा रखें, जिससे बीमारी न फैलें, झील विकसित होने से व्यापार भी बढ़ेगा और यहां पर द्रोपदी थीम पार्क बनाने की भी योजना है, जो कि पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। उन्होंने कहा कि तहसील आंवला शिक्षा का हब बन चुका है, यहां पर चीनी मिल, डेयरी, इंडस्ट्री भी शुरू होने जा रही हैं। जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ है एवं विकास कार्य अधिक हो रहे हैं।

इस अवसर पर डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि जनपद बदायूं के सहसवान में स्थित सरसोता झील के बाद लीलौर झील का ही नाम आता है, यह सबसे प्राचीन झील में से एक है। हम सभी का यह प्रयास है कि लीलौर झील को पुनर्जीवित कर पर्यटन स्थल के रुप में इसे विकसित किया जाए, जिसका लाभ सभी जनपद वासियों को मिल सके।

इस अवसर पर सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक बिथरी चौनपुर डॉ0 राघवेन्द्र शर्मा, विधायक नवाबगंज डॉ0 एमपी आर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख रामनगर, मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, उप जिलाधिकारी आंवला नहने राम सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मासिक मूल्यांकन प्रणाली में फिर अव्वल रहा थाना शीशगढ़



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** मासिक मूल्यांकन प्रणाली में प्रभारी निरीक्षक शीशगढ़ हरेंद्र सिंह को जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किए जाने पर एस एस पी ने उन्हें प्रशस्ति पत्र व ट्राफी देकर सम्मानित किया है। जिससे शीशगढ़ थाना पुलिस में खुशी की लहर दौड़ गई।

एस एस पी अनुराग आर्य के द्वारा प्रभारी निरीक्षक शीशगढ़ हरेंद्र सिंह को दिए गए प्रशस्ति पत्र में कहा गया है कि बरेली पुलिस में प्रचलित मासिक मूल्यांकन प्रणाली के अंतर्गत मई माह में जिले के समस्त प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष स्तर के अधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों का मूल्यांकन किए जाने पर मई माह में मासिक मूल्यांकन प्रणाली में सर्वाधिक 3620.38 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त करने तथा अपने थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुद्रढ़ बनाए रखने व अपराध नियंत्रण में अत्यंत प्रभावी रूप से कार्य करते हुए कई उल्लेखनीय कार्य किए जाने पर उत्कृष्ट कार्य एवं उच्चकोटि की कार्य प्रणाली के लिए एस एस पी अनुराग आर्य ने प्रभारी निरीक्षक शीशगढ़ हरेंद्र सिंह को प्रशस्ति पत्र व ट्राफी देकर सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# अनियंत्रित होकर ट्रक पेड़ से टकराया

## इंजन में आग लगने से चालक की जिंदा जलकर हुई मौत

■ मृतक ड्राइवर की झारखंड निवासी के रूप में हुई पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** बरेली की तरफ से लोहे के गाडर लादकर बहेड़ी की तरफ जा रहा ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करके दूसरी साइड में पेड़ से जाकर टकरा गया। इंजन में आग लगने से केबिन में फंसे ड्राइवर को निकलने का मौका नहीं मिला, और ट्रक के साथ में ही उसकी जिंदा जलकर मौत हो गई। चालक की पहचान झारखंड के निवासी के रूप में हुई है।

गुरुवार को तड़के बरेली-नैनीताल रोड पर आला हजरत डिग्री कॉलेज के सामने एक दिल दहलाने वाला हादसा हो गया, जिसमें एक ड्राइवर की जिंदा जलकर मौत हो गई। यह हादसा देवरनियां थाना क्षेत्र के नैनीताल हाईवे पर सुबह लगभग 5:00 बजे हुआ। बरेली की तरफ से आ रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर दूसरी साइड में पेड़ से जाकर टकरा गया, टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक के इंजन और केबिन में आग लग गई। केविन में फंसे ड्राइवर को निकालने का मौका नहीं मिला, और उसकी जलकर मौत हो गई।



देवरनियां थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि मृतक की पहचान शिव कुमार खाती 35 वर्ष पुत्र कृष्ण बहादुर निवासी जमश. ेदपुर झारखंड के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह ट्रक में लोहे के गार्डर लाकर बहेड़ी से बरेली की ओर आ रहा था। अचानक ट्रक का संतुलन बिगड़ा और वह सड़क पार कर दूसरी साइड में जाकर एक पेड़ से टकरा गया, टक्कर के बाद लोहे के गाडर ड्राइवर के केबिन में घुस गए, जिससे वह अंदर ही दबकर रह गया, और आग की चपेट में आ गया। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक टक्कर के बाद केबिन में आग तेजी से फैल गई। लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि ड्राइवर को बाहर निकाल पाना संभव नहीं हो सका। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची, और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पुलिस का कहना है कि प्रथम द्रष्टया हादसे का कारण ट्रक का अनियंत्रित होना और अधिक रफ्तार हो सकता है। फोरेंसिक टीम और अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच कराई जा रही है, ताकि सटीक कारणों का पता चल सके।

### एक नजर

## राष्ट्रीय राजमार्ग पर एनएचआई ने मरम्मत कार्य छोड़ा अधूरा, हादसे का में कार सवार कई हुए चोटिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** भांगड़ा नदी पुल पर एनएचआई द्वारा रोड की मरम्मत का कार्य किया जा रहा था जिसको कई दिन पहले रोक दिया गया ,बगैर बैरिकेटिंग किए उसको ऐसे ही छोड़ दिया रोड में सरिए दिख रही थी,जो कि कई दिन से हादसे को दावत दे रही थी। गुरुवार को समय करीब शाम के साढ़े चार बजे रामपुर से बरेली की ओर आ रही कार यूके 18 एफ 8587 में ड्राइवर ने आगे गड्ढा देखकर इमरजेंसी ब्रेक लिए पीछे से आ रही बाइक उसमें आकर घुस गई जिससे बाइक सवार जख्मी हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार कार में महिला मरीज थी इन सभी लोगो को भी चोटें आई हैं। इधर से गुजर रहे छात्र असद अंसारी व व्यापारी प्रेमपाल गंगवार ने राहगीरों की मदद से घायलों को सड़क से हटाकर उपचार को भिजवाया। स्थानीय लोगों ने आला अधिकारियों से मांग करते हुए कहा हैं कि इस तरह से राष्ट्रीय राजमार्ग पर आए दिन मरम्मत कार्य अधूरे छोड़ दिए जाते हैं तो कभी सड़क बनबे कर दिया जाता है जोकि हादसों का कारण बनते है इस पर रोक लगनी चाहिए।

## आकाशीय बिजली गिरने से कस्बा रिछा में ट्रान्सफार्मर हुआ क्षतिग्रस्त बिजली आपूर्ति हुई ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** बरसात के साथ आकाशीय बिजली गिर जाने से कस्बा रिछा के लालनगर बस्ती का ट्रांसफार्मर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इससे उस इलाके की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है।

बुधवार को दोपहर साढ़े बारह बजे बरसात के दौरान अचानक आक. ाशीय बिजली कस्बा रिछा के मोहल्ला लालनगर गौंटिया की आपूर्ति के लिए रखा चार सौ केवीए ट्रांसफर पर गिर गई, इससे उक्त ट्रांसफर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। ट्रांसफर क्षतिग्रस्त होने से मोहल्ला लालनगर गौंटिया की बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई है। भीषण गर्मी की वजह से उपभोक्ता परेशान हैं।

सूचना पर स्थानीय बिजली उपकेन्द्र रिछा के जेई अरविन्द कुमार लाइनमैनों जलीस, छेदालाल और कुलदीप के साथ मौके पर पहुंचे, और ट्रांसफर कोध बदलवाने की प्रक्रिया शुरू कराई।

जेई अरविन्द कुमार ने बताया कि दूसरा ट्रांसफर लगाने की कार्रवाई की जा रही है, जल्द ही उक्त इलाके की आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

## टूटे खंभे और लटके तारों से परेशान हुए लोग, एसडीओ से की शिकायत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** ठिरिया निजामत खां नगर पंचायत में टूटे खंभे और लटके तारों की समस्या से लोग परेशान हैं। वार्ड नंबर एक के निवासी तौफीक खाँ ने एसडीओ बरेली से शिकायत की है कि वार्ड नंबर 6 गौसिया मस्जिद वाली गली में एक खंभा टूट गया है, जिसे बदलवाने की मांग की गई है।

इसके अलावा, पूर्व चेयरमैन एसए खान के घर के पास बिजली के तार लटके हुए हैं, जो कभी भी बड़ा हादसा कर सकते हैं। तौफीक खाँ ने एसडीओ बरेली से लटके तारों को टाइट कराने और टूटे खंभे को बदलवाने की मांग की है। तौफीक खाँ ने एसडीओ बरेली को लिखित शिकायत भेजकर जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि टूटे खंभे और लटके तारों से लोगों को परेशानी हो रही है, और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। एसडीओ बरेली ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग की टीम को निर्देश दिए गए हैं कि वह जल्द से जल्द टूटे खंभे को बदलवाएं और लटके तारों को टाइट करवाएं।

## बैंकों में सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान की फाइलें लम्बित होने पर भड़के डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** गुरुवार को डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में पाया गया कि बैंकों में ऋण हेतु काफी संख्या में आवेदन लम्बित हैं, जिसपर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुये अतिशीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रमुख प्राथमिकता में से एक है, इसमें किसी प्रकार लापरवाही न बरती जाए।

बैठक में डीएम ने कहा कि यह गरीब लोगों को रोजगार शुरू करने के लिये सरकार की ओर से एक छोटी आर्थिक मदद है, यह सामाजिक हित का कार्य है। बैठक में पाया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की प्रगति कम है, जिसपर डीएम ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिये कि लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लायी जाये। उन्होंने निर्देश दिए कि जो बैंक लोन स्वीकृति करें, उसे पोर्टल पर अवश्य अपडेट किया जाए। बैठक में पाया कि बैंक ऑफ बड़ौदा में 150 फाइलें लम्बित हैं, जिसपर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुये सुधार करने के निर्देश दिये।

# सरकारी भूमि पर लगाई गई अंबेडकर की प्रतिमा को दबंगों ने किया क्षतिग्रस्त

■ अनुयाइयों में आक्रोश, एडीएम और एसपी देहात ने डाला डेरा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के बड़ा गांव के मजरा गंगापुर में पड़ी ग्राम समाज की भूमि पर रातों रात लगाई गई डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को बुधवार की रात दबंगों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। दबंगों की यह करतूत वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने की जानकारी मिलते ही जहां प्रशासनिक खेमे में हड़कंप मच गया, वहीं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के अनुयाइयों में आक्रोश फैल गया, और बड़ी संख्या में ग्राम और आसपास के लोग स्थल पर जमा हो गए।पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीरू सागर अपने समर्थकों के साथ सुबह ही ग्राम जा पहुंचीं, कुछ देर बाद बसपा के सुमेर सिंह गौतम, नन्हें लाल सागर, हरीश सागर अपने दल बल के साथ ग्राम पहुंच गए, और उन्होंने घटना पर कड़ी नाराजगी जताते हुए प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग की।

एसडीएम उदित पवार, सीओ गौरव सिंह, तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह, कोतवाल राहुल सिंह ने प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही का आश्वासन दिया। दोपहर बाद एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, एसपी देहात उत्तरी मुकेश चन्द मिश्रा भी ग्राम पहुंच गए, और आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन देते शांति बनाए रखने की अपील की।

## 14 अप्रैल को पड़ी विवाद की बुनियाद

हर साल की तरह इस साल भी बावा साहब के अनुयाइयों ने उनके जन्मोत्सव पर 14 अप्रैल को स्थल पर उनका एक फ्लेक्स लगाकर जन्मोत्सव मनाया था। जिसकी शिकायत किए जाने पर पुलिस और राजस्व टीम ने ग्राम पहुंचकर स्थल पर लगाए गए फ्लैक्स को हटवा दिया था। जिसकी जानकारी मिलने पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीरू सागर ने अपने कई साथियों के साथ ग्राम पहुंचकर फ्लेक्स को दोबारा लगा दिया था।

स्थानीय प्रशासन इस मामले को लेकर पूरी तरह से शान्त होकर बैठ गया, और इसका समाधान नहीं कर पाया, जिसका परिणाम यह हुआ कि 7 जुलाई की रात में बावा साहब के अनुयाइयों ने स्थल पर रातों रात बावा साहब की प्रतिमा स्थापित कर डाली। जिसकी ग्राम के सुरेन्द्र पाल, विजय पाल, अजय गंगवार आदि ने इसकी शिकायत प्रशासन से की, जिसपर गांव के लेखपाल योगेश कुमार ने अगले दिन सरकारी भूमि के गाटा संख्या 51 रकवा 0.063 पर प्रतिमा लगाए जाने का आरोप लगाते हुए ग्राम के ताराचंद, हरीश पाल, सेवाराम, हरिशंकर, एवरन, रामभरोसे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें लेखपाल ने ग्राम के प्रधान पर घटना में संलिप्त होने की भी बात कही है।

इस दौरान ग्राम के दूसरे समुदाय ने प्रतिमा हटवाए जाने की मांग करते हुए गुजरे शनिवार 21 जून को तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक शिकायती पत्र भी दिया था, जिसपर एडीएम और एसपी देहात ने कोतवाली तलब कर प्रतिमा हटाए जाने को कहा था, और बुधवार की रात प्रतिमा को दबंगों ने क्षतिग्रस्त कर डाला। इस मामले में ग्राम के ताराचंद की तहरीर पर गांव के एक शिक्षक कुलदीप गंगवार के साथ ही 19 लोगों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है, साथ ही पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को हिरासत में भी ले लिया है।

## कोतवाल पर गिरी गाज

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक स्थल पर पुलिस बल न लगाए जाने और विवाद को नहीं सुलटाए जाने में असफल रहे कोतवाल राहुल सिंह पर कप्तान की गाज गिर गई। कप्तान ने उन्हें हटाते हुए अरुण कुमार श्रीवास्तव को थाने का नया कोतवाल नियुक्त किया है।

# अपराध नियंत्रण को सोशल मीडिया की आपत्ति जनक पोस्ट पर नजर रखेंगे वालंटियर्स

■ अफवाह फैलाने बालों पर होगी कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** आज बृहस्पतिवार को थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ने एक बैठक आयोजित कर वालाटियर्स को अपराध नियंत्रण में आवश्यक दिशा निर्देश दिए प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने थाना क्षेत्र के सभी वालाटियर्स को समझाया कि सोशल मीडिया जैसे फेसबुक,इंस्टाग्राम आदि पर नजर रखनी है।

यदि कोई भी व्यक्ति आपत्ति जनक पोस्ट करता है।तो इसकी जानकारी तुरन्त पुलिस को दें जिससे उस व्यक्ति के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही अमल में ली जाएगी।जिससे अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी।आरोपी के खिलाफ त्वरित कार्यवाही होने से सांप्रदायिक विवाद आदि की भी आशंका नहीं होगी

प्रभारी निरीक्षक ने समझाया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग लाभकारी भी है और हानिकारक भी है इसलिए बिना सत्यता को परखे कोई भी पोस्ट करने में सावधानी बरतें

शाम को फिर कस्बे के संभ्रांत नागरिकों की एक बैठक की गई जिसमें आगामी त्योहारों को लेकर प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

संख्या-565 /न०पा०प०ब०/ कर/ 2024-25 दिनांक- 25.072024

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147(2) उत्तर प्रदेश नगर पालिका परिषद अधिनियम**

इस पालिका परिषद के सीमान्तर्गत एक आराजी-179(1) वार्ड-3 जो मोहल्ला तलपुरा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली में स्थित है एवं पालिका के कर अभिलेखों में श्रीमती जमीलन पत्नी श्री जहूरूल इस्लाम के नाम से दर्ज है। उक्त आराजी को विक्रय पत्र दिनाक-10.09. 2018 के द्वारा श्रीमती जमीलन पत्नी जहूरूल इस्लाम निवासी मोहल्ला टांडा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने मोहम्मद अख्तर पुत्र श्री अन्जुम नसीम व नूर जहां पत्नी श्री अन्जुम नसीम निवास. िगण मोहल्ला तलपुरा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली को विक्रय कर दिया गया है। मोहम्मद अख्तर पुत्र श्री अन्जुम नसीम व नूर जहां पत्नी श्री अन्जम नसीम निवासीगण मोहल्ला तलपुरा कस्बा व तहसील बहेड़ी जिला बरेली ने उपरोक्त साक्ष्यों को संलग्न कर आराजी को अपने नाम से पालिका के कर अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किसी को भी उपरोक्त नामान्तरण/परिवर्तन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इस नोटिस के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के अन्दर विधि द्वारा मान्य साक्ष्य एवं सम्बन्धित अभिलेखों आदि के साथ प्रस्तुत करें। अन्यथा वाद गुजरने म्याद इस कार्यालय स्तर से उचित आदेश निर्गत कर दिये जाएगें और कोई आपत्ति विचरणीय नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बहेड़ी ( बरेली )**

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# मरिया बहगुल नदी पर होगा पक्के बांध का निर्माण




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** खमरिया गांव के पास पश्चिमी बैगुल नदी पर किसानों की पक्के रेगुलेटर बाँध निर्माण को शासन से धन स्वीकृति होने के बाद बुधवार को सिंचाई विभाग के अधिकारियो के साथ निर्माण इकाई के अधिकारियो ने स्थलीय निरीक्षण कर नवम्वर माह से बाँध के निर्माण कार्य करने का किसानो को आस्वासन दिया।

बताते चलें कि खमरिया गाँव के पास अंग्रेजी शासन में बना पक्का रेगुलेटर बाँध दशकों पहले टूट चुका है।बाँध के अवशेष आज भी मौजूद हैं।बाँध टूटने से किसानों को फसल सिंचाई की समस्या को देखते हुए पूर्व विधायक जयदीप सिंह बरार ने किसान कल्याण समिति का निर्माण कर कार सेवा से कच्चे बाँध का निर्माण कर रामपुर जनपद की तहसील बिलासपुर,तथा बरेली जनपद की तहसील बहेड़ी और मीरगंज के 160 गाँवो के किसानों की फसल की सिंचाई का बीड़ा उठाया।किसान कल्याण समिति कार सेवा से पिछले दो दशकों से कच्चे बाँध का निर्माण करती आ रही है।कच्चे बाँध को प्रतिवर्ष वर्षा ऋतु में काटना पड़ता है।इस समस्या को दूर करने के लिए किसानों ने पूर्व विधायक के नेतृत्व में पक्के बाँध निर्माण को पिछले कई वर्षों से शासन व प्रशासन से गुहार लगाने के साथ ही धरना प्रदर्शन भी किए।बुधवार को कच्चे बाँध स्थल पर सिंचाई विभाग के एस डी ओ मजहर हुसैन अंसारी,जे ई पंकज सिंह,सी.पी.सिंह बाँध बनाने बाली कम्पनी यूनिवर्सल हाईड्रॉ स्ट्राक्चर प्राइवेट लिमिटेड नागपुर (महाराष्ट्र )के सी.ई ओ संजय मंधाना,इंजि. नियर केशव मंधाना,अजीत मंधाना ने मौके का निरीक्षण कर बाँध बनाने की तकनीकी को समझा एवं कच्चे बाँध बाली जगह को ही पक्के बाँध के लिए उपयुक्त माना।मौके पर वेदप्रकाश कश्यप,कृष्ण पाल सिंह,गौरव सिंह,महेन्द्र सिंह,रघुवीर सिंह,ओमपाल सिंह,नन्नूकी प्रसाद मौर्य,शंकर सिंह,रमेश सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

## सूचना



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद पीलीभीत के थाना क्षेत्र करेली के गांव मरैना के जंगल में 1 दिसंबर सन 2024 को खेतों में एक अज्ञात युवक का अधजला शव बरामद हुआ था। जिसका रंग सांवला, लंबाई 5 फुट 6 इंच, दाहिने हाथ की कलाई पर BSM लिखा हुआ एवं हथेली की पुस्त पर ॐ के निशान का टैटू गुदा है, इसके संबंध में थाना करेली पर मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस के द्वारा शव के शिनाख्त करने का लगातार प्रयास किया जा रहा, लेकिन शव की शनाख्त नहीं हो पा रही। जिस किसी भी व्यक्ति को अज्ञात शव के बारे में कोई भी जानकारी हो तो थानाध्यक्ष करेली मो.नं. 9454404221 पर सूचित करें।

# डीएम व एसपी की उपस्थिति में जिला उद्योग एवं व्यापार बंधु की बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरुवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र की उपस्थिति में जिला उद्योग एवं व्यापार बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में मै. शशिकांत मेटल कारट प्रा. लि. , मै. मेंथा एंड एलाइड प्रोडक्ट्स प्रा. लि. की विद्युत ट्रिपिंग संबंधी समस्याओं को गम्भीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योगों को संचालित करने में उद्योग बंधुओं को हो रही समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाए। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में बिजली की समस्या को लेकर हो रही परेशानी को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों को यथासंभव निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में पतंग बाजी से जनपद में हो रही विद्युत ट्रिपिंग एवं अन्य अप्रिय दुर्घटनाओं के दृष्टिगत पतंगबाजी को बैन किये जाने का अनुरोध सभी उद्योग बंधुओं ने जिलाधिकारी से किया। इस दौरान उपायुक्त उद्योग मनीष कुमार पाठक, सहायक आयुक्त उद्योग बलराज वीर सिंह, सहायक प्रबन्धक पुष्प राज सिंह, औद्योगिक पर्यवेक्षक एम.पी. सिंह, अध्यक्ष आई.आई.ए. श्रीष गुप्ता, अध्यक्ष लघु उद्योग भारती दीपक गोयल, चौम्बर ऑफ कामर्स देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।



# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई एन-कॉर्ड की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरुवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति एन-कॉर्ड की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने नवयुवकों में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को समाज एवं देश के लिए हानिकारक बताते हुए विभिन्न माध्यमों से जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने औषधि निरीक्षक को जनपद के मेडिकल स्टोर्स पर बिकने वाली नकली, अवैध व प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने के लिए सभी मेडिकल स्टोर की जांच के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि प्रति. बंधित दवाओं की बिक्री करने वाले मेडिकल स्टोर्स पर कड़ी कार्रवाई की जाये।



जिलाधिकारी ने स्कूलों में नशा मुक्ति जागरूकता के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता व प्रतियोगिताएं कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समाज में नशे के विरुद्ध जागरूकता लाने के लिए नशे से होने वाली शारी. रिक, मानसिक, सामाजिक, आर्थिक हानियों को व्यापक स्तर पर प्रसारित किया जाये, जिससे नवयुवकों के अंदर नशे की प्रवृत्ति पनपने का अवसर ही न मिले।

इस अवसर पर जिला आबकारी अधिकारी हिम्मत सिंह, औषधि विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग, चिकित्सा विभाग, समाज कल्याण विभाग के अधिकारी, आबकारी निरीक्षक एवं उद्योग एवं व्यापार बंधु मौजूद रहे।

## पैतृक संपत्ति के बंटवारे को लेकर दो सगे भाइयों में हुआ झगड़ा, शांतिभंग में चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी /रामपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत गुरुवार को ग्राम मधुपुरी निवासी जाने आलम पुत्र मोहम्मद हुसैन व गफ्फार पुत्र मोहम्मद हुसैन दोनों सगे भाइयों में पैतृक संपत्ति को लेकर आपस में लड़ाई झगडा करने लगे।

मौजूदा लोगों ने दोनों को समझाने का प्रयास भी किया लेकिन दोनों नही माने तभी पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों को अपनी हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही कर उपरोक्त दोनों का शांतिभंग में किया चालान।

# पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष ने ग्राम खुशहालपुर में किया वृक्षारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** क्षेत्र के ग्राम खुशहालपुर में नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष हरिओम मोर्य के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत जूनियर हाईस्कूल मैं वृक्षारा. ेपण किया गया इस अवसर पर उन्होंने जूनियर हाईस्कूल में आम, नीम, अमरुद, पाखड, जामुन, सहजन आदि के फलदार तथा छायादार वृक्ष लगाए गए इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पेड़ों से हमें ऑक्सीजन प्राप्त होती है जिसके कारण ही हम अपना जीवन जी पाते हैं तथा पृथ्वी का संत. ुलन बना रहता है हमें अपने घरेलू कार्यक्रमो, जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ तथा अन्य अवसर पर भी वृक्षारोपण करना चाहिए जिससे कि साथ-साथ पृथ्वी भी हरी भरी बनी रहे । आम जनमानस को प्रकृति के संरक्षण में संवर्धन के प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए।



जूनियर हाईस्कूल में स्टाफ न होने की जानकारी होने पर निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मोर्य द्वारा बीएसए से तत्काल फोन पर बात करके स्कूल में अतिरिक्त शिक्षक की तैनाती की करने को भी कहा गया जिस पर बीएसए ने शीघ्र तैनाती का आश्वासन दिया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी संजीव कुमार वर्मा, प्रधानाध्यापिका जीनत अफशा, भाजपा के सेमरा लाडपुर सेक्टर संयोजक एवं पूर्व प्रधान खुशहालपुर रामनाथ सिंह प्रजापति, अशोक कुमार प्रजापति , आकाश प्रजापति, अंश, हरमन, शोभित, आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया गया छत्रपति शाहूजी महाराज का जन्मदिन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** समाज न्याय के प्रणेता छत्रपति शाहूजी महाराज के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय समता न्याय और बंधुता संगोष्ठी का आयोजन भारतीय पटेल महासभा रामपुर, डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव सेवा समिति, डॉ.भीमराव अंबेडकर सेवा समिति ने संयुक्त रूप से किया।

छत्रपति शाहूजी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर तथा पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबूराम पूर्व आयकर आयुक्त ने कहा कि जब जब समाज में अत्याचार, भेदभाव बढ़ता है तब तब महापुरुष जन्म लेते हैं। समाज को भेदभाव और पाखंड से मुक्त करने के लिए महात्मा बुद्ध, कबीर रैदास छत्रपति शाहूजी महाराज जैसे महापुरुषों ने अपना योगदान दिया। कबीर ने धार्मिक पाखंडों पर करारा प्रहार किया। रैदास ने भी कर्म आधारित भक्ति को महत्व दिया। भारतीय पटेल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनुपम कुमार पटेल ने कहा कि समाज सुधार के कार्य बहुत धीरे धीरे आगे बढ़ते हैं लेकिन इनका परिणाम स्थाई होता है। हम सब की जिम्मेदारी।है कि किसी भी अत्याचार के विरुद्ध आवाज जरूर उठाएं। उत्पीड़न पर हम सब आज मौन हो गए तो आने वाली पीढ़ियों सदियों तक भुगतेगी। जिस प्रकार छत्रपति शाहूजी महाराज ने सामाजिक न्याय की परिकल्पना की हम सब को मिलकर उसे आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी लेनी होगी। भारतीय पटेल महासभा रामपुर के जिला अध्यक्ष डॉ नंदन प्रसाद पटेल ने बताया कि हम बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर जी के संविधान को मानते हैं। भारत का संविधान ही बह पवित्र पुस्तक है जिसमें सभी समस्याओं का समाधान है।

बाबा साहब को भारत का संविधान निर्माता बनाने में छत्रपति शाहूजी महाराज की विशेष भूमिका रही। छत्रपति शाहूजी महाराज ने किसान, मजदूर कामगार व्यापारी सभी का ध्यान रखा और ऐसी व्यवस्था लागू की जिसमें सभी को समान अधिकार सम्मान का अधिकार मिला। छत्रपति शाहूजी जी महाराज ने एक बैठक में कहा था कि तुम्हारी गुलामी की बेड़ियों को काटने वाला मुक्तिदाता डॉ. भीमराव अंबेडकर के रूप में तुम्हे मिल गया है।

डॉ अंबेडकर तुम्हे तुम्हारे सभी दुखों से मुक्ति दिलाएंगे।

विशिष्ट अतिथि टेकचंद गंगवार सदस्य जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि छत्रपति शाहूजी महाराज के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम से समाज में एकता की भावना का विकास होगा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अरविंद कुमार गौतम ने कहा कि छत्रपति शाहूजी महाराज ने समाज में समता, न्याय करुणा मैत्री स्थापित करने के लिए कार्य किया। हमारे देश में भगवान बुद्ध, संत कबीर, रैदास आदि महापुरुषों ने अपने विचारों से समाज का उत्थान किया। आज समाज में भगवान बुद्ध कबीर रैदास आदि महापुरुषों के विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। देश को विश्व में अग्रणी बनाने के लिए शिक्षा बहुत आवश्यक है।

छत्रपति शाहूजी महाराज ने बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर जी को उच्च शिक्षा की व्यवस्था की। बाबा साहब ने भारत के महान संविधान के निर्माण में अमूल्य योगदान दिया। शाहूजी महाराज ने महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्री बाई फूले के मिशन को आत्मसात कर आगे बढ़ाने का कार्य किया।

शाहूजी महाराज ने किसानों कामगारों को मुख्य धारा से जोड़कर समाज में सम्मान देने की पहल की। सत्यपाल सिंह सागर ने बताया कि 5 हजार वर्षों से शिक्षा से वंचित समाज को छत्रपति शाहूजी महाराज ने शिक्षा की व्यवस्था के लिए कार्य किया। छत्रपति शाहूजी महाराज ने अपने राज्य में समता स्थापित करने के लिए आरक्षण की व्यवस्था लागू की। बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर जी की उच्च शिक्षा के लिए छत्रपति शाहूजी महाराज ने आर्थिक सहायता प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कैप्टन मोहन लाल गंगवार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होते रहने चाहिए। कार्यक्रम को ओमकार बौद्ध, डॉ वीरेंद्र दिवाकर एम पी सिंह राजेश कुमार गौतम केहरी सिंह गंगवार डॉ वीरेंद्र देव आर्य आदि वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव दिगपाल गंगवार ने किया। कार्यक्रम में प्रेमप्रक. ाश आर्य, अनिल कुमार, होवेश कुर्मी, मनोज गंगवार, फूल कुमार, सत्यप्रकाश, अशर्फी लाल, एच एल गंगवार, डोरीलाल सागर, श्यामा चरण, भूपराम, सतेंद्र गंगवार, रामकिशोर, सुनील गंगवार, महेंद्रपाल, हिमांशु आदि सैकड़ों सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

## फेसबुक पर ब्राह्मण समाज पर टिप्पणी करने के खिलाफ कार्रवाईकी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** सिंगर आनंद द्वारा अपनी फेसबुक पेज पर ब्राह्मण समाज के खिलाफ और अमर्यादित टिप्पणी करने पर उसके खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने धनंजय सिंह को लिखित तहरीर देते हुए कहा है।

ग्राम सिंगरा तहसील मिलक निवासी सिंगर आनंद के द्वारा 25 जून को अपने फेसबुक पेज पर सार्वजनिक रूप से सनातन धर्म में अपनी अग्रणी भूमिका निभाने वाले संपूर्ण ब्राह्मण समाज पर घोर अमार्यदित्य टिप्पणी कर मुगल यानी मुसलमान बात कही गई है और दूसरी जाति में खाना व दक्षिणा न लेने की बात कही गई है। हमारे संपूर्ण ब्राह्मण समाज अपमानित करने का करने का काम किया है। ब्राह्मण समाज आहत और दु:खी है। इससे समाज को गहरा आघात पहुंचा है हमारा ब्राह्मण समाज सनातन धर्म को आगे बढ़ाने में हमेशा तैयार रहता है। ग्राम सिंगरा निवासी सिंगर आनंद ने अपने फेसबुक पेज पर अपशब्दों का प्रयोग किया है तहरीर में सिंगर के खिलाफ सख्त से सख्त कानून कार्यवाही की मांग की गई है।

# जैन समाज रामपुर में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की घोषणा, 29 जून को होगी शपथ ग्रहण

### एड. प्रमोद कुमार जैन बने जैन समाज के अध्यक्ष, शिक्षा मंत्री दिनेश जैन सेठी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जैन मंदिर परिसर में जैन समाज रामपुर की आम सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में समाज की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन किया गया। चुनाव अधिकारी एड पंकज जैन द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की गई। जिसमें अध्यक्ष एड प्रमोद कुमार जैन, उपाध्यक्ष रमेश चंद्र जैन सेठी, महामंत्री कस्तूर चंद जैन, कोषाध्यक्ष अविरल जैन, मंत्री मनोज कुमार जैन, शिक्षा मंत्री दिनेश जैन सेठी, बाग मंत्री समर्पण जैन, स्वास्थ मंत्री डॉ सिद्धांत जैन,धर्मशाला एवं भंडार मंत्री अंकुर जैन निर्विरोध चुने गए।



सभा में यह भी बताया गया कि 19 जून 2025 को हुई बैठक के निर्णय के अनुसार समाज के जीवन्त सदस्य ही चुनाव में भाग ले सकते थे। अब नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 29 जून 2025 को संध्या 6:30 बजे जैन मंदिर फूटा महल में आयोजित किया जाएगा।

जैन समाज के चुनाव अधिकारी ने एड. पंकज जैन ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे समय पर पहुंचकर इस शुभ अवसर की गरिमा को बढ़ाएं।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष एड. प्रमोद कुमार जैन ने कहा कि मैं जैन समाज के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मुझे इस पद के लिए चुना। मैं समाज की सेवा और विकास के लिए काम करने का वादा करता हूँ। मैं सभी पदाधिकारियों के साथ मिलकर समाज को आगे बढ़ाने के लिए काम करूंगा।

निष्पक्षता एवं पारदर्शिता इस समिति का उद्देश्य रहेगा, सभी सदस्यों से सहयोग देने एवं समाज की एकता एवं अखण्डता बनाये रखने का अनुरोध किया।

# एसबीआई की ओर से किया गया रक्तदान शिविर का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरुवार को प्रभात कुमार क्षेत्रीय प्रबंधक के नेतृत्व में तथा जिला चिकित्सालय रामपुर के तत्वाधान में भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय क्षेत्र 5 रामपुर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रभात कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन पेंशनर्स एसोसिएशन रामपुर यूनिट के सचिव राम अवतार गुप्ता के कर कमलों द्वारा करवाया। रक्तदान शिविर में स्टाफ ने बढ़ चढ़कर रक्त दान किया। सबसे पहले क्षेत्रीय प्रबंधक रामपुर प्रभात कुमार ने रक्तदान किया। उसके बाद रक्तदान के लिए स्टाफ की कतार लग गई। स्टाफ एसोसिएशन के क्षेत्रीय सचिव धनराज जोनल सचिव गिरेंद्र कुमार क्षेत्रीय कार्यालय रामपुर में तैनात विनय सिंह, विनय गिल एवं अक्षी अग्रवाल, केमरी शाखा की अंशिता सक्सेना, मिलक शाखा की कनीज फातिमा एवं सनी चौधरी, अजीतपुर शाखा के अशोक कुमार, रामपुर मुख्य शाखा के अभिषेक सिसौदिया, धमोरा शाखा के वैभव गुप्ता स्वार शाखा के शाखा प्रबंधक संजीव कुमार आदि ने रक्तदान किया। स्टाफ पेंशनर्स एसोसिएशन के सुरेश कुमार सक्सेना, अध्यक्ष, वी के कपूर, अरुण टंडन, संजय अग्रवाल, डी के सिंह, डी एस बिष्ट, विमल कपूर एवं अरविन्द अग्रवाल उपस्थित रहे। क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात कुमार जी ने सभी रक्तदान करने वाले स्टाफ को टीशर्ट, छाज, जूस एवं नाश्ते के पैकेट वितरित किए गए। अंत में पेंशनर्स एसोसिएशन की ओर से प्रभात कुमार क्षेत्रीय प्रबंधक एवं मनोज कुमार प्रबंधक मानव संसाधन का इतने सफल रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए धन्यवाद किया गया।



## आनंद कुमार कनौजिया ने मिलक एसडीएम का संभाला कार्य भार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** शासन द्वारा हुए तबादला लिस्ट में तहसील मिलक के उप जिलाधिकारी मिलक सुनील कुमार का स्थानांतरण जनपद झांसी को होने के बाद रिक्त हुए पद पर गुरुवार को आनंद कुमार कनौजिया ने मिलक के उप जिलाधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया। बताते चलें कि क्षेत्र के लोगों ने अपने माध्यम से बधाई दी हैं।



## नगर पालिका अध्यक्ष पति को सुनाई दुकानदारों ने अपनी समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** टांडा में गुरुवार को दुकानदारों ने नगर पालिका टांडा की अध्यक्षा साहिबा सरफराज और उनके पति प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम से मुलाकात की। दुकानदारों ने अपनी समस्या बताई कि अगर वे अपनी दुकानें ईद मेला ग्राउंड में ले जाएंगे, तो ग्राहक वहां नहीं पहुंच पाएंगे क्योंकि वहां खुला मैदान है और बरसात में पानी खड़ा हो जाता है।

पांच साल पहले मैन रोड पर जाम की समस्याओं को देखते हुए यह बाजार झंडा चौक पर शिफ्ट कराया गया था, लेकिन अब दुकानदारों को वहां से भी हटाने के लिए अनाउंसमेंट कराया जा रहा था। अनाउंसमेंट सुनकर दुक. ानदार विचलित हो गए और तुरंत अध्यक्षा से उनके कार्यालय में जाकर मिले और अपनी परेशानी को अवगत कराया।

अध्यक्षा साहिबा सरफराज ने दुक. ानदारों को आश्वासन दिया कि वे अपनी दुकानें फिलहाल वहीं लगा सकते हैं जहां वे पहले से लगा रहे हैं, और उन्होंने दुकानदारों से कहा कि वे थोड़ी जाम की समस्या का ध्यान रखें। अध्यक्षा ने कहा कि वे उच्च अधिकारियों से बात करेंगी और दुक. ानदारों को सुविधा प्रदान करने का प्रयास करेंगी। दुकानदारों ने अध्यक्षा साहिबा सरफराज की बात की तारीफ की और उन्हें धन्यवाद दिया।

# धूमधाम से मनाया गया जन सकता दल का स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरुवार को मुरादाबाद रोड नरूला होटल में जन सकता दल का स्थापना दिवस मनाया गया। इस समारोह में दल के समस्त कार्यकर्ता और समस्त पदाधिकारियों ने भाग लिया स्थापना दिवस के अवसर पर बोलते हुये राष्ट्रीय अध्यक्ष सै. जफर मियां एडवोकेट ने कहा कि आने वाले विधान सभा चुनाव में दल अधिक से अधिक की संख्या में अपने प्रत्याशी उतारेगा।

उन्होने कार्यकर्ताओं से अवहान किया कि कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनों और उनका निदान कराये। उन्होने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरक. ारी में आम जनता में त्राहि-त्राहि मची हुई है सभी छोटे मजदूरों दुकानदारों को बेरोजगार किया जा रहा है उनके सामने भुखमरी मची हुई है और रोजगार का कोई साधन उपलब्ध नही किये जा रहे है। पूर्व सरकारी में भी जनता का शोषण और उनकी समस्याओ का निदान न करके चापलूसों को फायदा पहुंचाया गया तथा उन्होने कार्यकर्ताओं से अवहान किया कि अधिक से अधिक सख्या में जनता को जन एकता दल से जोड़े अली ने कहा कि निष्क्रिय पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओ के बाहार का का रास्ता दिखाया जाएगा और रूचि रखने वाले कर्मठ तथा सक्रिय कार्यकर्ताओ को जोड़ा जायेगा। स्थापना समारोह में सरदार सुखविन्दर सिंह एडवोकेट व परवेज खां, मो. शुऐब खां एडवोकेट, जमीर अहमद एडवोकेट, मो. जमीर रिजवी एडवोकेट, मो. मुख्तार एडवोकेट, एहसान अहमद खां व राजीव कुमार सक्सैना एडवोकेट, शाकिर हुसैन दिल्लन खां ष्भारतष जाकिर भार अपने रस बाबू आदि ने विचार रखे समारोह की अध्यक्षता सुखविन्दर सिंह एडवोकेट और संचालन शुऐब खां ने किया।

# जिला कृषि अधिकारी ने थोक उर्वरक विक्रेताओं के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरुवार को जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा की अध्यक्षता में जनपद के थोक उर्वरक विक्रेताओं के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में धान की रोपाई का कार्य प्रगति पर है, ऐसे में जनपद में उर्वरक की मांग बढ़ना स्वभाविक है। हलांकि जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित कर ली गयी है।

उन्होंने समस्त थोक उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया कि जनपद में उर्वरकों की कालाबाजारी, ओवर रेटिंग एवं उर्वरक के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग नहीं की जाये तथा उर्वरकों का रियल टाइम एक्नॉलेजमेन्ट सुनिश्चित किया जाये। फुटकर विक्रेताओं को उर्वरकों की आपूर्ति पी.ओ.एस. मशीन से स्टॉक का मिलान करने के उपरान्त ही की जाये तथा जिन फुटकर विक्रेताओं के पास अधिक मात्रा में उर्वरकों का स्टाक उपलब्ध है, उन फुटकर उर्वरक विक्रेताओं को उर्वरक न दिया जाये।



यदि किसी भी उर्वरक विक्रेता द्वारा उर्वरक की कालाबाजारी, ओवर रेटिंग एवं उर्वरकों के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग की जाती है तो उसके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

# विभिन्न खाद्य व पेय पदार्थों के पांच नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए

**■ छापेमारी में 67,200 रूपये की कीमत के 84 बोरी रंगीन कचरी सीज**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराने और खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर सहायक आयुक्त (खाद्य)- 11/अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा द्वारा जनपद में विशेष अभियान चलाया गया। विशेष छापामार अभियान में किला स्थित राजू पुत्र धर्मदास के जूस प्रतिष्ठान से अनार दाना और अनार जूस का 01-01 नमूना लिया गया।



इण्डस्ट्रियल एरिया, अजीतपुर स्थित राजीव कुमार पुत्र स्व. नरेन्द्र कुमार की कचरी निर्माणशाला से रंगीन कचरी और खाद्य रंग का 01-01 नमूना लिया गया तथा 84 बोरी (प्रत्येक 20 कि.ग्रा.) कुल 1680 कि. ग्रा. रंगीन कचरी को सीज कर खाद्य कारोबारकर्ता की अभिरक्षा में सौंपा गया, जिसकी कुल अनुमा. नित कीमत 67,200 रूपये है।

बिलासपुर स्थित गौतम कुमार पुत्र सरनाम सिंह से यूज्ड कुकिंग ऑयल का 01 सर्विलांस नमूना लिया गया।

इस प्रकार विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 04 विधिक नमूनें व 01 सर्विलांस नमूना संग्रहीत करके जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गये। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त मिलावट की प्रकृति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में वाद योजित किये जायेंगे।

सचल दल में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेन्द्र सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण रामचन्द्र यादव, मनोज कुमार, राहुल शुक्ला, अशोक कुमार, देवकान्त उपस्थित रहे।

## बलवे में नामजद एक और अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी पुलिस ने पट्टी कला के गांव घोसीपुरा में बलवा करने में नामजद एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है जबकि अन्ने आरोपियों की तलाश में पुलिस छापेमार कार्रवाई कर रही है। पट्टी कला के गांव घोसीपुरा में बीते वर्ष 13 सितंबर को दो पक्षों में मारपीट और बलबा हुआ था जिसमें कई लोग घायल हुए थे। इस मामले में चौकी के उपनिरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा की ओर से दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसमें कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है इसी क्रम में मसवासी पुलिस ने बुधवार की शाम आरोपियों की तलाश में छापेमार कार्रवाई की इस दौरान पुलिस को असगर पुत्र अफसर को गिरफ्तार कर लिया और उसे गुरुवार को न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया है चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया की अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमार कार्रवाई की जा रही है शीघ्र ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# गढ़ में हुए हादसे में दो दोस्तों की मौत

## एम्बूलेंस चालक ने मेरठ में भर्ती कराया था, दिल्ली के अस्पताल में तोड़ा दम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** घर से निकले बाइक सवार दो युवक हादसे का शिकार हो गए। परिजन जब अस्पताल पहुंचे तो एक की मौत हो चुकी तो दूसरा वेंटिलेटर पर जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा था। 24 घंटे के भीतर बाद उसने भी दम तोड़ दिया। दो दोस्तों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। वह घायल कैसे हुए, इसकी जानकारी फिलहाल किसी को नहीं है। बाइक थाने में खड़ी मिली है। गमगीन माहौल में फिलहाल दोनों के शव सुपुर्द खाक कर दिए हैं।

शहर के मोहल्ला कुरैशी निवासी सदाकत बेग का 24 वर्षीय बेटा अदनान व मोहल्ला बाजार रज्जाक निवासी माकूल अहमद का 22 वर्षीय बेटा तौहीद करीबी दोस्त थे। अदनान एक पैथोलॉजी लैब में नौकरी करता था जबकि तौहीद अपने मामा के जूते के शोरूम में हाथ बंटाता था। सोमवार देर शाम दोनों बाइक लेकर घर से निकले थे।




शादी में जाने को कहकर निकले थे घर से, परिजनों में कोहराम

अदनान ने परिजनों को बताया था वह तौहीद के साथ एक शादी में जा रहा है। रात को घर आने में देर हो जाएगी। शादी कहां हैं, कहां जाना है, परिजनों को यह नहीं बताया था। सोमवार पूरी रात दोनों युवक वापस नहीं लौटे तो दिन निकलते ही परि. जनों ने शहर में उनके अन्य दोस्तों से पूछताछ शुरू कर दी। इसी बीच मंगलवार सुबह दस बजे अदनान के परिजनों के पास मेरठ मेडिकल कालेज से एक कॉल आई तथा दोनों युवकों के घायल होने की जानकारी मिली। लिहाजा, परिजन तुरंत ही मेरठ मेडिकल कालेज पहुंच गए लेकिन जब तक हालत गंभीर होने पर अदनान व तौहीद को वहां से दिल्ली रेफर किया जा चुका था। परिजनों ने वहां जानकारी की तो मालूम हुआ कि एक एंबुलेंस का चालक यहां भर्ती करा कर गया था। बताया था के गढ़ मुक्तेश्वर से स्याना जाने वाले रोड पर दोनों हादसे में घायल हुए हैं। दोनों के परिजन मंगलवार दोपहर मेरठ से दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल पहुंचे। वहां उस वक्त तक अदनान की मौत हो चुकी थी जबकि वेंटिलेटर सपोर्ट पर तौहीद की हालत नाजुक बनी थी। अदनान के परिजनों ने शव अमरोहा लाकर सुपुर्द खाक कर दिया। वहीं बुधवार देर रात तौहीद की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। दोनों के सिर में गहरी चोट लगी थी। कई जगह फ्रेक्चर होने की वजह से दोनों कोमा की हालत में पहुंच चुके थे। दोनों दोस्तों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। हादसा कैसे हुआ, दोनों शादी में कहां गए थे, परि. जनों के इसकी कोई जानकारी नहीं है। वहीं, दोनों के बीच दोस्ती बेहद गहरी थी। मौत के बाद इसका चर्चा कमोबेश हर जुबान पर था

# दो घरों में एनआईए के छापे से हड़कम्प

## अमरोहा व सिहाली में की छापेमारी, नहीं मिला कोई आरोपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अमरोहा व सिहाली में एनआईए ने दो घरों में छापेमारी की। पंजाब में भाजपा नेता पर हुए ग्रेनेट हमले से जोड़कर छापेमारी को देखा जा सकता है। तीनों आरोपी एनआईए के हत्थे नहीं चढ़े। तीन जुलाई को उन्हें दिल्ली दफ्तर में तलब किया गया है।

जानकारी के अनुसार सवेरे करीब चार बजे एनआईए टीम में शामिल अधिकारी तीन कारों में सवार होकर जिला मुख्यालय पहुंचे। तुरंत स्थानीय पुलिस अफसरों से संपर्क किया। इसके बाद एक टीम शहर कोतवाली व दूसरी टीम अमरोहा देहात थाने से एनआईए टीम के साथ हो गई। इस टीम में महिला कांस्टेबल को भी शामिल किया गया। इसके बाद एनआईए अधिकारी दो टीमों में बंट गए। एक वक्त में एक टीम ने शहर के मोहल्ला कटरा बख्तावर सिंह में नवाब के घर तो दूसरी टीम ने हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर में अब्दुल हकीम के घर छापा मारा। इस दौरान दोनों जगह स्थानीय पुलिस टीम को सिर्फ पहरे के लिहाज से बाहर दरवाजे पर ही रोक दिया गया जबकि टीम अपने साथ दो-दो महिला कांस्टेबल को घर के भीतर तक ले गई। करीब तीन घंटे तक दोनों घरों में रुकी एनआईए टीम ने गहनता से एक-एक सामान तलाशी ली। सिहाली जागीर में अब्दुल हकीम के अलावा परिजनों से भी अलग-अलग पूछताछ की। घर का नक्शा भी बनाया। दरअसल, अब्दुल हकीम के बेटे अजीम व जुरखन नैन दोनों दिल्ली में काम करते हैं। उनके बारे में भी पूरी जानकारी जुटाई। बताया जा रहा है कि ठीक करीब साढ़े आठ बजे टीम वहां से चली गई। ठीक इसी ही तरह शहर के मोहल्ला कटरा बख्तावर सिंह में नवाब के घर भी छापा मारा। यहां भी नवाब व उसके परिजनों से अलग-अलग पूछताछ की। टीम लगभग डेढ़ घंटा यहां रुकी। पूछताछ बीती सात अप्रैल को पंजाब के जालंधर में भाजपा नेता मनो. रंजन कालिया के घर हुए ग्रेनेड हमले से जोड़कर बताई जा रही है। इस ग्रेनेड हमले का मुख्य आरोपी मोहल्ला कटरा बख्तावर सिंह निवासी युवक सईदुल अमीन निकला था। पूछताछ के बाद पंजाब पुलिस उसे जेल भेज चुकी है। अप्रैल में ही पंजाब पुलिस ने नवाब को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। हालांकि, तीन दिन हिरासत में रखने बाद परिजनों को बुलाकर उसे घर भेज दिया था। एनआइई ने दोनों को अब तीन अगस्त को दिल्ली मुख्यालय बुलाया है।

# नीलगाय से टकराकर युवक की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** अचानक सामने से आई नीलगाय से टकराकर बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का उपचार पाकबड़ा स्थित निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। घटना से मृतक के परिजनों में चीख पुकार मची है।

गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम शीशोवाली निवासी गोविंद (28) पुत्र खूब सिंह चौहान, लेखराज पुत्र लालमन व गोविंद पुत्र शंकर बुधवार की रात को जुबिलेंट फैक्ट्री से ड्यूटी करके बाइक द्वारा



मृतक गोविंद का फाइल फोटो

शहबाजपुर बसैली फाटक होते हुए अपने गांव जा रहे थे कि कुम. राला के सामने एक नीलगाय सामने आ जाने से बाइक टकरा गई। हादसे में गोविंद पुत्र खूब सिंह चौहान की मौके पर ही मौत

**रात को ड्यूटी करके तीनों युवक जा रहे थे घर**

हो गई, जबकि गोविंद पुत्र शंकर व लेखराज गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर जुटे लोगों से घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई, वहीं दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिये पाकबड़ा स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उनका उपचार जारी है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि दुर्घटना में एक युवक की मौत हुई है, जिसके शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है, अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।



अमरोहा। मोहर्रम का चांद नजर आने पर अजाखाने में मर्सिया पढ़ते अजादार।

## एक नजर

### न्यालय परिसर में चला चैकिंग अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** जिला न्यायालय परिसर में गुरुवार को अमरोहा पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया। एसपी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर एएस चेक टीम, डॉग स्क्वॉड और स्वाट टीम ने संयुक्त रूप से इस अभियान में हिस्सा लिया। टीमों ने न्यायालय परिसर में आने-जाने वाले लोगों और वाहनों की गहनता से जांच की। सभी से आने का कारण पूछा गया। सुरक्षा उपकरणों की जांच में मेटल डिटेक्टर, स्कैनर मशीन और सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। डीएफएमडी, एचएचएमडी और हैंड सेट की कार्यप्रणाली परखी। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल भी किया गया। अभियान में न्यायालय सुरक्षा प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार, अग्निशमन दल प्रभारी रजा हुसैन, एएस चेक टीम प्रभारी सतीश कुमार आदि समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### कब्रिस्तान जाने वाले रास्ते का निर्माण हो

**शाह टाइम्स ब्यूरो रहरा।** ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी से शिकायत कर कब्रिस्तान को जाने वाले रास्ते के निर्माण की मांग की है। गंगेश्वरी ब्लाक के गांव फूलपुर निवासी ग्रामीणों ने खंड विकास अधिकारी से शिकायत की है कि कब्रिस्तान को जाने वाले रास्ते पर जलभराव रहता है जबकि सड़क पर जर्जर है। पूर्व में इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गयी थी। जिसकी जांच सहायक विकास अधिकारी नितिन जैन को मिली थी। परन्तु काफी समय बीत जाने के बाद भी अभी तक मार्ग को सही नहीं कराया गया है। शिकायत करने वालों में अनीस अली, अलाउद्दीन, रूस्तम, नईम उद्दीन, जाकिर सैफी, नूर मोहम्मद आदि शामिल हैं।

### धूमधाम से मना चामुण्डा मन्दिर का वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** चामुण्डा मन्दिर का छठा वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मन्दिर परिसर में हवन हुआ। जिसमें भक्ताओं ने आहूति दी तथा भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। मोहल्ला प्रेमनगर स्थित चामुंडा मन्दिर की स्थापना को छह साल पूरे हो गये हैं। इस उपलक्ष्य में आज भक्तों द्वारा वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें आयोजित हवन में उन्होंने आहूति दी तथा भंडारे का आयोजन किया। जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्स लिया। इस मौके पर राजेन्द्र सिंह, आशाराम, कृष्णलाल, गिरेन्द्र सिंह, देवेन्द्र, ब्रजेश कुमार, राजेश कुमार, नीतू देवी, नर्मला देवी, रूबी शर्मा, हरिओम तोमर, भास्कर शर्मा आदि मौजूद रहे।

### ट्रक में घुसी कार, चार घायल

**जोया, शाह टाइम्स ब्यूरो** । वृद्ध को इलाज के लिए दिल्ली ले जा रहे परिवार की कार हाइवे पर खड़े ट्रक में घुस गयी। जिसमें चार लोग घायल हो गये। सभी को सरक. ारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के जिला अल्मोड़ा के थाना बेघाट तितरी गांव निवासी बचे सिंह की हालत खराब होने पर परिजन उन्हें कार से उपचार के लिए दिल्ली एम्स लेकर जा रहे थे। जिस समय उनकी कार गांव ढकिया चमन पहुंची तो रास्ते में खड़े ट्रक में पीछे से घुस गयी। जिसमें बचे सिंह, भूपेन्द्र सिंह, इन्द्र सिंह व कार चालक हरीश रावत घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बूलेंस की मदद से सभी को सीएचसी में भर्ती कराया।

### संचारी रोगों की रोकथाम को सफाई पर दें ध्यान



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** अधिशासी अधिकारी विपिन कुमार सेंगर ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिये हम सभी को संयुक्त रूप से प्रयास करना होगा। सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाये। नगर पंचायत सभागार में संचारी रोगों की रोकथाम सम्बंधित बैठक हुई। जिसमें ईओ विपिन कुमार सेंगर ने कहा कि आज संचारी रोगों की रोकथाम के लिये सरकार द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सफाई कर्मचारियों व स्टाफ को बताया कि यह बीमारी मच्छरों के कारण होती है। कस्बे में विशेष सफाई अभियान चलाये तथा लोगों को इसके लिये प्रेरित करें। बैठक में डा. सुखदेव सिंह, मौ. नोमान, मोबिन हसन, फहीम अहमद, रवि आदि मौजूद रहे।

# इण्डियन इंस्टीट्यूशन रैकिंग फ्रेमवर्क में वेंक्टेश्वरा को मिला तीसरा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के हाईवे स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्व विद्यालय को 'इण्डियन इंस्टीट्यूशन रैकिंग फ्रेमवर्क 2025' में देश में 16वीं एवं उत्तर प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंक मिलने से विश्वविद्यालय परिवार में उल्लास का वातावरण है। विवि के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि आज का दिन बेहद भावुक करने वाला है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि का पूरा श्रेय यहा के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सबसे ज्यादा यहा अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को जाता है। कुल. पति प्रो.कृष्णकांत दवे ने कहा कि




ऑल इण्डिया लेवल पर 16 वीं एवं उत्तर प्रदेश में तीसरी रैंक लाना इस बात का प्रमाण है कि वेंक्टेश्वरा छात्रहित एवं राष्ट्रहित में शत्प्रतिशत समर्पित एवं संवे. दनशील है। बता दें कि श्री वेंक्टेश्वरा विवि ने यह उपलब्धि देशभर के 700 से अधिक विश्व. विद्यालयों, तीन हजार इंजीनियरिंग, प्रबन्धन संस्थानो एवं एक हजार अण्डरग्रेजुएट लॉ/ नर्सिंग/ फार्मेसी/ एप्लाईड साईन्स संस्थानों समेत 5000 से अधिक संस्थानों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा में 'मेडिसिन एवं एलाईड कोर्सेस' में देश भर में रिसर्च, ट्रेनिंग एवं शानदार प्लेसमेंट का प्रदर्शन करते यह उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि पर बधाई देने वालों में कुलसचिव प्रो.पीयूष पाण्डेय, समूह सलाहकार प्रो.आरएस शर्मा, देवप्रताप सिंह, डॉ. एलएस रावत, डॉ.ऐना ऐरिक ब्राउन, डॉ. रीना जोशी, डॉ.राजवर्द्धन, डॉ. योगेश्वर प्रसाद शर्मा, डॉ.आशुतोष सिंह, डॉ.नीतू पवर, डॉ.ओमप्रक. ाश गोसाई, प्रो.दर्पण कौशिक, डॉ. टीपी सिंह, डॉ.अश्वनि सक्सेना, डॉ.अनिल जायसवाल, डॉ.राम कुमार आदि मौजूद रहे।

# मोहर्रम का चांद देखते ही शिया समुदाय में शोक

## अजाखानों पर लगाए काले अलम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** माहे मोहर्रम का चांद दिखते ही नगर मे अजादारी का सिल. सिला शुरू हो गया। कही ढोल ताशों तो कही नौबत बजने से फिजा गम गीन हो गई। देर रात तक अजाखानो मे मजलिस, मातम का सिलसिला रहा। शहर मे हसन इमाम, मास्टर तबारक अली, सिब्ते सज्जाद, मुदस्सिर अली खां, अफजाल हैदर, बुरेर मोहम्मद, हसन अली, तनवीर हसन, सरफराज हुसैन, आसिफ निसार, और कैसर मुज्तबा सोज ओ सलाम पेश कर रहे हैं। उधर महिलाएं भी अजादारी मे मसरूफ हैं। नन्ने बच्चों मे भी अजादारी का जज्बा देखने को मिल रहा है। बतादें कि अजादारों मे मातम मजलिस और जुलूस को लेकर अधिक जोश और जज्बा है हिंदुस्तान से बाहर मुल्कों में रहने वाले अमरोहा के लोग अपने शहर आना शुरू हो गए हैं। बता दें चाँद देखते ही मजलिस मातम का सिल. सिला शुरू हो गया। जगह जगह नौहा खानी और मातम की सदाए बुलन्द होने लगी, लोग गम में डूबे नजर आए। अजाखानो में काले अलम लगा दिए गए है।

# जोया में बिजली कटौती से लोग बेहाल

## भीषण गर्मी में हुआ बुरा हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** बिजली कटौती से लोग परेशान है। आज कस्बे में दोपहर साढ़े चार घंटे बिजली गायब रही। इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। इसके बावजूद बिजली विभाग लगातार कटौती कर रहा है। लो वोल्टेज की समस्या भी बरकरार है। जबकि 24 घंटे में दो दर्जन बार बिजली गायब हो जाती है। आज दोपहर चार घंटे बिजली गायब रही। जिस कारण लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। जैसे जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है विभाग द्वार बिजली कटौती कटौती की जा रही है। जिससे जनता का बुरा हाल है।

### पद से दिया इस्तीफा

**रहरा।** भाकियू अम्बावत के युवा जिलाध्यक्ष लोकेश विधूड़ी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने बताया कि यह निर्णय सभी युवा टीम द्वारा लिया गया है। इस मौके पर लोकेश विधूड़ी, दिमाग सिंह प्रधान जी, मास्टर रामपाल जी, धीरज मुंशी जी,सतपाल सिंह अम्बावता, कुलवीर सिंह अम्बावता, खूबचंद सिंह, टिंकू गुर्जर, अनिरुद्ध सिंह, कमरूल इस्लाम आदि मौजूद रहे।

### नशीले पदार्थो का सेवन नुकसानदेय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस पर नशीली दवाओं के उपयोग को रोकने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आज समाज में मादक एवं नशीले पदार्थो के सेवन का बढ़ता प्रचलन देश व समाज के लिए हानि कार्क और गंभीर खतरा बनता जा रहा है। नवयुवक मद्यपान,मदक पदार्थो का सेवन कर अपने जीवन को नशे का गुलाम बना लेते हैं। मद्यपान, मदक पदार्थो की लत से प्रभावित व्यक्ति अनैतिक और गैर कानूनी कार्य करनेकी बाध्य हों जाता है वह समाज और राष्ट्र के विकास मेँ बधाक बन कर अनेको समस्याओ को जन्म देते हैं ।

# कार सवार युवकों ने किसान की गर्दन काटी

## गंभीर हालत में मुरादाबाद रैफर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कार सवार युवक ने मामूली कहासुनी के दौरान चाकू से किसान की गर्दन काट दी। अचानक हुए हमले में किसान लहूलुहान हो गया वही दोस्त चलती कार से कूदकर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। परिजनों ने घायल किसान को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के बीच हालत नाजुक बनी है। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ जानलेवा हमला करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव औरंगाबाद में देर शाम की है। मुरादाबाद जिले के पाकबड़ा थानाक्षेत्र के गांव लोधीपुर राजपूत में किसान यशपाल सिंह का परिवार रहता है। उनका बेटा पुनीत कुमार भी किसान हैं। पुलिस के मुताबिक बुधवार शाम पुनीत कुमार अपनी वैगनआर कार में सवार होकर औरंगाबाद होते हुए अपने गांव लौट रहा था। गांव का रहने वाला हर्षित भी साथ था। कार पुनीत चला रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। हर्षित ने पुनीत पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में पुनीत की गर्दन कट गई। वहीं, कार अनियंत्रित होकर पलटने से बाल-बाल बची, हर्षित चलती कार से कूदकर फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। जानकारी मिलते ही पुनीत कुमार के परिजन भी मौके पर पहुंच गए, सूचना देते हुए पुलिस को बुला लिया। हमले में बुरी तरह लहूलुहान पुनीत को तुरंत ही मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में घायल पुनीत कुमार के पिता यशपाल सिंह की तहरीर पर आरोपी हर्षित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही। बताया कि पुनीत की गर्दन पर टांके लगे हैं। चिकित्सक ने बोलने के लिए मना किया है। स्थिति में सुधार होने पर पूछताछ की जाएगी, इसके बाद ही दोनों के बीच विवाद की सच्चाई सामने आएगी।

## कांवड़ यात्रा व मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

# परम्परागत रूप से मनाएं त्यौहार: एसडीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** आगामी कांवड़ यात्रा व मोहर्रम त्यौहारों को लेकर आयोजित शांति समिति की बैठक में एसडीएम विभा श्रीवास्वत ने कहा कि कांवड़ यात्रा व मोहर्रम के त्यौहार परम्परागत रूप से मनाएं जाएं। कोई भी ऐसा कार्य न करें जो कि एक दूसरे को परेशानी का सामना करना पड़े और कानून व्यवस्था में व्यवधान हो।

धनौरा मार्ग स्थित एक वेंकट हॉल में आयोजित बैठक में एसडीएम ने कहा कि मोहर्रम के ताजिए की ऊंचाई भूमि से 12 फिट से ज्यादा नहीं रहे, और परम्परागत मार्गों से ही ताजिए निकाले जाएं। वहीं उन्होंने कांवड़

**बैठक की खास बातें**

- **सावन माह में कावंड़ यात्रा के चलते मीट मांस की दुकानें शुक्रवार से सोमवार तक बंद रहेंगी।**
- **कांवड़ यात्रा के मार्ग पर शराब की दुकानों पर लगाई जाएगी पिन्नी, ताकि कांवड़ियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।**
- **बिना प्रमाणिकता के सोशल मीडिया पर कोई संदेश न करें वायरल**

यात्रा के सन्दर्भ में भी बताते हुए कहा कि निर्धारित की गई ध्वनि के अनुसार ही डीजे बजाए जाएं। शिविरों पर भी साफ सफाई रहे, वहीं बिजली तार आदि भी सुरक्षित रूप से हों। उन्होंने बिजली विभाग को निर्देश दिए कि समय से पूर्व ही कांवड़ यात्रा में पड़ने वाले सभी खंबो पर पिन्नी आदि लगाई जाए। पालिका द्वारा भी बेहतर सफाई के इंतजाम कराए जाएं। सीओ श्वेताभ भास्कर ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान हाइवे पर मुरादाबाद से हापुड़ वाली साइड कांवड़ियों के लिये वहीं मुरादाबाद से दिल्ली वाली साइड यातायात के लिये निर्धारित रहेगी। मांस की दुकानें प्रत्येक शुक्रवार से सोमवार तक बंद रहेंगी। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने मौजूद सभी जिम्मेदार लोगों से आपसी मेलजोल के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। कहा कि पुलिस लोगों की सुरक्षा हेतु पूरी तरह से तत्पर है, यदि पुलिस की आवश्यकता है तो तुरंत सूचना दें और अफवाहों को बढ़ावा न दें। बैठक में व्यापारी विरेन्द्र बसंल, रामप्रकाश गर्ग, शैलेष अग्रवाल, रामरतन सिंह जाटव, अयूब अली, सतेन्द्र भड़ाना, तेजपाल सिंह, करन सिंह, हकीम शाहिद, तेजपाल सिंह, करन सिंह सैनी, रियासत समेत नगर पालिका के सभासद, ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य, व्यापारियों के साथ पुलिस, पालिका, क्षेत्र पंचायत आदि विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



अमरोहा। शांति समिति की बैठक को संबोधित करतीं मण्डी धनौरा की एसडीएम विभा श्रीवास्तव।

### समय पूर्व निस्तारित करा लें विवाद

**गजरौला।** बैठक में सीओ श्वेताभ भास्कर ने पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में सभी चौकी प्रभारी, हल्का प्रभारी, बीट आरक्षी मौहर्रम के जुलुस व काँवड़ मार्ग का पैदल-पैदल भ्रमण कर लें। यदि कोई समस्या या विवाद है तो समय पूर्व उसका निस्तारण करें और अपने उच्चाधिकारियों को भी अवगत करा दें। ताजिया व डीजे की ऊँचाई किसी भी दशा में जमीन से 12 फिट से अधिक न हो। ताजियादार व डीजे संचालकों को ऊंचाई के सम्बंध में नोटिस तामील करा लें। कहा कि यदि समय रहते विवाद निस्तारित नही हुआ और बाद में सामने आया तो सम्बन्धित चौकी प्रभारी, हल्का प्रभारी व बीट आरक्षी की जिम्मेदारी होगी।

खेल विशेष

## तेलंगाना में मुक्केबाजी टूर्नामेंट में लवलीना, निखत करेंगी शिरकत

**तेलंगाना, वार्ता।** दो बार की विश्व चैंपियन निखत ज़रीन, ओलंपिक गेम्स टोक्यो 2020 की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो, 27 जून से एक जुलाई तक तेलंगाना के सरूरनगर इंडोर स्टेडियम में खेले जाने वाले एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली शीर्ष भारतीय महिला मुक्केबाजों में शामिल होंगी। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ और तेलंगाना खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में तेलंगाना मुक्केबाजी महासंघ द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में 15 इकाइयों की मुक्केबाज़ भाग लेंगी, जिसमें आठवीं एलीट महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की शीर्ष 12 टीमें रेलवे, हरियाणा, अखिल भारतीय पुलिस, सेवाएं, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और सिक्किम शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा मौन, ओलंपियन प्रीति, विश्व युवा चैंपियन अरुंधति चौधरी और 100 से अधिक अन्य शीर्ष दावेदार शामिल हैं। मुक्केबाज दस भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। प्रत्येक में स्वर्ण और रजत पदक विजेता को पटियाला में विशिष्ट राष्ट्रीय शिविर में शामिल होने का अवसर मिलेगा। सभी टीमें अधिकतम 10 मुक्केबाजों को मैदान में उतार सकती हैं, बशर्ते उनका जन्म 1 जनवरी 1985 और 31 दिसंबर 2006 के बीच हुआ हो। चैंपियनशिप विश्व मुक्केबाजी तकनीकी और प्रतियोगिता नियमों के अनुसार आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रत्येक मुकाबले में तीन मिनट के तीन राउंड होंगे, जिनके बीच में एक मिनट का आराम होगा। दस-अंक-अनिवार्य स्कोरिंग प्रणाली का पालन किया।

# BCCI-ECB सऊदी टी-20 लीग के विरोध में

### नहीं देंगे खिलाड़ियों को एनओसी, सऊदी की एसआरजे स्पोर्ट्स कन्वेस्टमेंट्स 4400 करोड़ का निवेश करेंगी



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) सऊदी अरब की ओर से शुरू किए जाने वाले वर्ल्ड टी-20 लीग का विरोध करेंगे। वहीं, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इस लीग के पक्ष में है और अपने यहां मैच कराने के लिए भी सहमत है।

द गार्जिन की रिपोर्ट के मुताबिक, लॉर्ड्स में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान ईसीबी और बीसीसीआई ने इस नई लीग का विरोध करने का फैसला किया। दोनों बोर्ड अपने खिलाड़ियों को इस लीग में खेलने के लिए 'नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट' (एनओसी) नहीं देंगे और इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) से भी इसे मंजूरी न देने की अपील करेंगे। ईसीबी ने आईपीएल प्लेऑफ में अपने खिलाड़ियों को खेलने की नहीं दी थी अनुमति ईसीबी के साथ बीसीसीआई का गठबंधन इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत-पाक के बीच तनाव के कारण आईपीएल के शेड्यूल में बदलाव किया गया था। आईपीएल के प्लेऑफ के मैच के दौरान ही वेस्टइंडीज-इंग्लैंड की वनडे सीरीज के भी मुकाबले थे। इसकी वजह से ईसीबी ने जोस बटलर, जैकब बेथेल और विल जैक्स को आईपीएल में खेलने की अनुमति नहीं दी गई थी।

जिसके बाद बीसीसीआई के साथ संबंध खराब होने की चर्चा हो रही थी। ईसीबी ने जोस बटलर सहित कई खिलाड़ियों को आईपीएल के प्ले ऑफ में खेलने की अनुमति नहीं दी थी। सऊदी की एसआरजे स्पोर्ट्स इन्वेस्टमेंट्स इस लीग में 4400 करोड़ रुपए निवेश करेगा सऊदी की एसआरजे स्पोर्ट्स इन्वेस्टमेंट्स ने इस नई लीग के लिए 400 मिलियन यूके पाउंड (लगभग 4400 करोड़ रुपए) निवेश करने की योजना बनाई है, जिसमें आठ टीमें हर साल चार अलग-अलग जगहों पर टूर्नामेंट खेलेंगी, जैसे टेनिस के ग्रैंड स्लैम खेला जाता है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इस नई लीग के पक्ष में है। वह चार में से एक टूर्नामेंट अपने यहां कराने के लिए भी राजी है। क्योंकि उनकी बिग बैश लीग में अभी तक बड़ा निजी निवेश नहीं हुआ है। दूसरी ओर, ईसीबी ने अपनी द हंड्रेड लीग की 49प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 520 मिलियन यूके पाउंड (लगभग 5700 करोड़ रुपए) कमाए हैं, और क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने एसए 20 लीग की फ्रेंचाइजी बेचकर ने सिर्फ100 मिलियन (5000 करोड़) से ज्यादा जुटाए हैं। भारत-इंग्लैंड के बिना लीग का महत्व कम हो सकता है भारतीय और इंग्लिश खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी से इस नई लीग का महत्व कम हो सकता है। वहीं, वर्ल्ड कैलेंडर पहले ही 20 से ज्यादा टी-20 और 10 ओवर की लीग से भरा है। रॉयल चौंलेजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2025 का खिताब अपने नाम किया। आईसीसी से इस लीग पर अभी आधिकारिक बयान नहीं आए आईसीसी ने अभी इस लीग पर कोई औपचारिक फैसला नहीं किया है। वहीं उसके बीसीसीआई के खिलाफ जाने की संभावना भी कम है। आईसीसी के नए चेयरमैन शाह पहले बीसीसीआई के सचिव रह चुके हैं।

# भारत ने इंग्लैंड को दो विकेट से हराया

### भारत की मिश्रित दिव्यांग टीम ने सीरीज के तीसरे मुकाबले में रोमांचक जीत दर्ज की

**लंदन, वार्ता।** भारत की मिश्रित दिव्यांग टीम ने ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मिश्रित दिव्यांग विटालिटी टी-20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में इंग्लैंड को आखिरी ओवर में दो विकेट से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की।

यह अवसर इसलिए भी ऐतिहासिक रहा क्योंकि पहली बार कोई भारतीय दिव्यांग टीम इस मैदान पर खेल रही थी।तारीख, मैदान और नतीजा तीनों ने 1983 की यादें ताजा कर दीं, जब कपिल देव की कप्तानी में भारत ने 25 जून को लॉर्ड्स में ही विश्व कप जीता था। जीत के बाद भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) के महासचिव रवि चौहान ने कहा कि हम अपनी टीम की इस ऐतिहासिक जीत को कपिल देव सर की 1983 की विश्व कप विजेता टीम को समर्पित करते हैं। मुकाबले के दौरान दोनों टीमों ने भारत के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर दिलीप दोषी के सोमवार को लंदन में निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए काली पट्टियां बाँधी थीं।

इसके अलावा इस दिन यहां 25 जून को ही विश्व मिश्रित दिव्यांग दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। लॉर्ड्स में यह मुकाबला क्रिकेट डिसएबिलिटी डे का हिस्सा था।

# हर्षित को टीम से रिलीज किया गया

### बर्मिंघम नहीं गए, पहले टेस्ट के लिए टीम में शामिल किए गए थे हर्षित राणा



**लंदन, वार्ता।** भारत के तेज गेंदबाज हर्षित राणा को इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट से पहले टीम से रिलीज कर दिया गया है। युवा गेंदबाज को पहले टेस्ट में कवर के तौर पर टीम में शामिल किया गया था।

रिपोर्ट के मुताबिक, राणा टीम के साथ लीड्स से बर्मिंघम नहीं गए हैं। टीम इंडिया लीड्स से बर्मिंघम रवाना भारतीय टीम लीड्स से बर्मिंघम के लिए रवाना हो गई। टीम अगले दो दिन आराम करेगी और फिर दूसरा टेस्ट शुरू होने से पहले ट्रेनिंग शुरू करेगी। दूसरा टेस्ट 2 जुलाई से खेला जाना है। भारतीय टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से पीछे है। कोच ने राणा को टीम से रिलीज के दिए थे संकेत कोच गौतम गंभीर ने राणा के बारे में कहा, श्मैंने अभी चीफ सिलेक्टर से बात नहीं की है, लेकिन कुछ खिलाड़ियों को छोटी-मोटी चोट की आशंका थी। इसलिए हमने उन्हें बैकअप के तौर पर रखा था।

लेकिन अब सब ठीक लग रहा है, तो अगर सब फिट हैं, तो उन्हें वापस जाना होगा। भारत हेडिंग्ले टेस्ट में पांच बल्लेबाजों के शतक लगाने के बाद भी टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा।

यह टेस्ट इतिहास में पहली बार हुआ कि किसी टीम ने पांच शतक लगाने के बावजूद मैच गंवाया। यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल और ऋषभ पंत (दो बार) ने शतक बनाए, लेकिन इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 371 रनों का लक्ष्य हासिल कर पांच विकेट से जीत दर्ज की। बेन डकेट ने दूसरी इनिंग में 149 रनों की पारी खेली। दोनों टीमों के बीच कुल 1673 रन बने, जो भारत-इंग्लैंड टेस्ट में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा टेस्ट 2 जुलाई को एजबेस्टन में खेला जाएगा।

## पाकिस्तान के खिलाफ तीन टी-20 की मेजबानी करेगा बांग्लादेश

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश 20 जुलाई से मीरपुर में तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए पाकिस्तान की मेजबानी करेगा। इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान में इतने ही टी-20 मैच खेलने वाले दोनों देश एक बार फिर सबसे छोटे प्रारूप में एक दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। पाकिस्तान में सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद बांग्लादेश आगामी मुकाबले में जीत की राह पर लौटना चाहेगा। जुलाई में होने वाले सभी तीन मैच मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। यह सीरीज दोनों टीमों के लिए उपमहाद्वीपीय परिस्थितियों में तैयारी का काम करेगी, क्योंकि अगले साल आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप होना है। बांग्लादेश इस समय श्रीलंका के दौरे पर है जहां वह दो टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी-20 मैच खेलने गयी है। गॉल में टेस्ट सीरीज़ का पहला मैच ड्रा समाप्त हुआ था।



# सर्जरी के बाद सूर्या की सेहत में सुधार

**म्यूनिख, वार्ता।** भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव जर्मनी में हर्निया की सर्जरी के बाद स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं और उनकी सेहत में अपेक्षित सुधार है। सूर्यकुमार ने सोशल मीडिया पर खुलासा किया कि उन्होंने यहां सर्जरी करवाई है और वह पहले की तरह ही मैदान पर वापसी के लिए उत्सुक हैं। उन्होने लिखा कि पेट के निचले हिस्से में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी करवाई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सर्जरी के बाद मैं स्वास्थ्य लाभ ले रहा हूं। वापसी का बेसब्री से इंतजार है। भारत के इस विस्फोटक बल्लेबाज ने भारत के लिए आखिरी बार फरवरी की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज में खेला था। इसके अलावा 34 वर्षीय खिलाड़ी हाल ही में हुए इंडियन प्रीमियर लीग में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। इस लीग में उन्होंने मुंबई इंडियंस के लिए 16 पारियों में 717 रन बनाए थे और इस इवेंट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। भारत ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला शुरू की है।

# विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन के साथ 9 साल के आरित ने ड्रॉ खेला

### अर्ली टाइटल्ड टयूसडे टूर्नामेंट में किया कारनामा, भारत के वी.प्रणव बने चैंपियन

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के 19 साल के गुकेश के बाद अब 9 साल के आरित कपिल ने वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन के साथ ड्रॉ खेला है। दिल्ली के आरित ने कार्लसन को ऑनलाइन शतरंज टूर्नामेंट 'अर्ली टाइटल्ड टयूसडे' में ड्रॉ पर रोक दिया।



आरित ने पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन कार्लसन के हर मूव का शानदार जवाब दिया और उन्हें पूरी तरह हार की स्थिति में पहुंचा दिया था। हालांकि, मैच के आखिरी पलों में आरित के पास समय बहुत कम बचा था। सिर्फ कुछ सेकंड बचे होने के कारण वह अपनी बढ़त को जीत में नहीं बदल सके और मुकाबला ड्रॉ हो गया। गुकेश से हारने के बाद कार्लसन ने चेस बोर्ड पर गुस्सा उतारा था हाल ही में डी गुकेश का सामना करते हुए जब मैग्नस कार्लसन को हार मिली थी, तो उन्होंने अपनी झल्लाहट को खेल की मेज पर दिखाया था। हाथ पटककर उन्होंने सारे मोहरे गिरा दिए और चेस रूम से बाहर चले गए। वहीं, आर प्रागनंदा 16 वर्ष की उम्र में कार्लसन का हरा चुके हैं। कार्लसन के खिलाफ ड्रॉ, एक बड़ी उपलब्धि कार्लसन को शतरंज इतिहास के महानतम खिलाड़ियों में गिना जाता है। वे 2013 से 2023 तक वह वर्ल्ड चैंपियन रहे हैं। उन्होंने क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज तीनों फॉर्मेट में वर्ल्ड खिताब जीते हैं। नॉर्वे के इस दिग्गज खिलाड़ी को मात देना या उनके खिलाफ ड्रॉ निकालना किसी भी युवा खिलाड़ी के लिए बड़ी उपलब्धि होती है।

## अब शिक्षा के मैदान पर नई पारी की शुरुआत करेंगे रिंकू

**लखनऊ, वार्ता।** टीम इंडिया के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह जल्द ही शिक्षा के क्षेत्र में अपनी नयी पारी की शुरुआत कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार की अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नीति के तहत खेल विभाग ने रिंकू की बीएसए के पद पर नियुक्ति का प्रस्ताव शासन को भेजा है जिसे जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद जतायी जा रही है। यूं तो रिंकू ने नौवीं कक्षा तक पढाई की है मगर उन्हे पद के लिए न्यूनतम योग्यता पूरी करने के लिए पर्याप्त समय दिया जा सकता है। इस संबंध में बेसिक शिक्षा निदेशालय ने पत्र जारी कर रिंकू से शैक्षणिक दस्तावेज और अन्य औपचारिकताएं पूरी करने को कहा है। आईपीएल में दो साल पहले अपनी धुआंधार पारी के बाद चर्चा में आये अलीगढ़ के 28 वर्षीय रिंकू ने 2023 में आयरलैंड के खिलाफ टी20 मैच में भारत के लिए पदार्पण किया था।

# दूसरे टेस्ट से पहले आर्चर घरेलू मैच खेलें तो बेहतर: वॉन

### आर्चर काउंटी मैच में फिट रहे तो दूसरे टेस्ट में उन्हें खिलाया जाएगा

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट खेलने से पहले लाल गेंद से एक और घरेलू मैच खेलने की सलाह दी है। तेज गेंदबाज आर्चर भारत के खिलाफ दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।

आर्चर रविवार से काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स टीम से खेलेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, आर्चर काउंटी मैच में फिट रहे तो दूसरे टेस्ट में उन्हें खिलाया जा सकता है। दूसरा टेस्ट दो जुलाई से एजबेस्टन में खेला जाएगा। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने भी भारत-इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले बयान दिया था कि 30 साल के आर्चर फिर से टेस्ट जर्सी पहनने के लिए बेताब हैं। आर्चर चार साल से टेस्ट टीम से बाहर हैं। आर्चर ने इस सप्ताह की शुरुआत में चार साल से अधिक समय के बाद लाल बॉल से अपना पहला मैच खेला। वह चेस्टर-ले-स्ट्रीट में डरहम के खिलाफ चार दिवसीय मैच में ससेक्स के लिए उतरे और अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की झलक दिखाई। आर्चर ने 31 रन बनाए और 18 ओवरों में 32 रन देकर एक विकेट हासिल किया था। राष्ट्रीय चयनकर्ता ल्यूक राइट ने आर्चर के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी को टेस्ट क्रिकेट में वापसी का रास्ता माना था, लेकिन वॉन को भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इस बेहतरीन दाएं हाथ के गेंदबाज को जल्दबाजी में शामिल करने का कोई कारण नहीं दिखता। इंग्लैंड पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाए हुए है। वॉन का मानना है कि आर्चर को रविवार से वारविकशायर के खिलाफ ससेक्स के लिए एक और चार दिवसीय मैच खेलना चाहिए और देखना चाहिए कि वह अपनी चोट से कितने उबर गये है, उसके बाद ही उन्हें टेस्ट टीम में शामिल किया जाना चाहिए। वॉन ने बीबीसी से कहा कि अच्छी बात यह है कि जोफ्रा की वापसी हो रही है, लेकिन मैं उसे एक और चार दिवसीय मैच खेलते देखना चाहूंगा। वह चार साल से लंबे प्रारूप में नहीं खेले हैं, तो डरहम के खिलाफ ससेक्स के लिए एक मैच के बाद आप उसे वापस क्यों बुलाएंगे। उन्होने कहा कि हम जानते हैं कि टेस्ट मैच के स्तर पर काउंटी क्रिकेट से बहुत अलग होता है। उसे एक और चार दिवसीय मैच खेलने दें। मैं उसी लाइन-अप के साथ जाऊंगा, जब तक कि गेंदबाज ठीक हैं और कोई परेशानी नहीं है तभी उसे खिलाना चाहिये। इंग्लैंड और भारत के बीच दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में शुरू होगा।

## विंडीज ने दबदबा बनाया मगर ऑस्ट्रेलिया ने की वापसी

**बारबाडोस, वार्ता।** जेडन सील्स और शमर जोसेफ की घातक गेंदबाजी की मदद से वेस्टइंडीज ने पहले टेस्ट के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को 180 रन पर समेट दिया। 1995 के बाद से कैरेबियाई क्षेत्र में ऑस्ट्रेलिया का सबसे कम पहली पारी का स्कोर है। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला ऑस्ट्रेलिया के लिए कठिन जान पड़ा जब उसके तीन अहम बल्लेबाज मात्र 22 रन पर पवेलियन लौट गये। हालांकि उस्मान ख्वाजा (56) और ट्रैविस हेड (59) ने 89 रनों की साझेदारी करके पारी को कुछ हद तक संभाला।

# जूनियर हॉकी: भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया

### अजीत यादव 52वें मिनट पर चौथे क्वार्टर में गोल करके जीत सुनिश्चित की

**बर्लिन, वार्ता।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने यहां चल रहे चार देशों के टूर्नामेंट में तीसरे स्थान के लिए ऑस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया। रोहित ने 45वें मिनट में भारत के लिए बराबरी का गोल किया, जबकि अजीत यादव ने 52वें मिनट पर चौथे क्वार्टर में गोल करके जीत सुनिश्चित की।

इससे पहले, कप्तान टोबी मैलन ने बुधवार को दूसरे हाफ में ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिलाई थी। पहले हाफ में दोनों टों ने एक दूसरे पर हमले किए लेकिन शुरुआती दो क्वार्टर में कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो पाई। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरकार तीसरे क्वार्टर में गोल किया, जब टोबी मैलन ने 40वें मिनट में फील्ड गोल करके टीम को 1-0 से आगे कर दिया। भारत ने तेजी से जवाब दिया और पांच मिनट बाद ही बराबरी का गोल कर दिया। रोहित ने पेनल्टी कॉर्नर के बाद गोल करके बराबरी हासिल की। भारत ने अपनी लय को बनाए रखते हुए अंतिम क्वार्टर में जीत हासिल की। 52वें मिनट में अजीत यादव ने ओपन प्ले में गोल करके भारत को बढ़त दिलाई और जीत सुनिश्चित की। इस जीत के साथ ही चार देशों के टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त हो गया। पूल चरण में भारत ने मेजबान जर्मनी से 1-7 से हार के साथ शुरुआत की, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3-1 की जोरदार जीत के साथ वापसी की और फिर स्पेन के खिलाफ 1-5 से हार का सामना किया।

# पाक क्रिकेटर अब्बास ने ईशान के साथ फोटो शेयर की

### दोनों काउंटी चैंपियनशिप में नॉटिंघमशायर के लिए खेल रहे, ईशान ने 87 रन बनाए

**नई दिल्ली, वार्ता।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद अब्बास ने भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन के साथ दो फोटो शेयर की है। दोनों खिलाड़ी फिलहाल काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन वन में नॉटिंघमशायर की ओर से खेल रहे हैं। नॉटिंघमशायर और यॉर्कशायर के बीच खेला गया मैच ड्रॉ रहा। इस मैच में ईशान किशन ने 87 रनों की पारी खेली। वहीं, उन्होंने अब्बास की गेंद पर यॉर्कशायर के ओपनर एडम लिथ का कैच पकड़ा। लिथ बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। ईशान किशन ने मोहम्मद अब्बास की गेंद पर यॉर्कशायर के ओपनर एडम लिथ का कैच पकड़ा। ईशान का नॉटिंघमशायर के साथ दो मैचों के लिए अनुबंध ईशान किशन नॉटिंघमशायर के साथ इस सीजन के दो काउंटी चैंपियनशिप मैचों के लिए एक अनुबंध किया है। किशन ने साउथ अफीका के खिलाड़ी काइल वेरिन का स्थान लिया है, जो इस महीने जिम्बाब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए नेशनल डड्यूटी पर हैं। किशन ने कहा कि इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट खेलने का मेरा पहला अनुभव बहुत रोमांचक है और मुझे अपनी प्रतिभा को दिखाने का शानदार मौका मिला है। मैं बेस्ट क्रिकेटर बनना चाहता हूं।श ईशान की इस साल सेंट्रल क्रॉन्ट्रेक्ट में वापसी हुई ईशान की इस साल 2024-2025 के सेंट्रल क्रॉन्ट्रेक्ट में वापसी हुई। उन्हें ग्रेड सी में रखा गया है। इस ग्रेड के खिलाड़ियों को 1 करोड़ रुपए मिलते हैं। पिछले साल ईशान को बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट 2023-24 से बाहर किया गया था। ईशान मानसिक थकान की बात कहकर साउथ अफीकी दौरे के बाद से टीम में शामिल नहीं हुए थे। उसके बाद वह घरेलू क्रिकेट में भी उपलब्ध नहीं रहे थे। ईशान ने 2023 में हुए रणजी मैच में झारखंड टीम से नहीं खेला था, वहीं अगले सीजन में भी वह अपने टीम के साथ खेलते नहीं दिखे।




# हार्दिक पांडया संग रिश्ते पर ईशा गुप्ता ने तोड़ी चुप्पी

### कहा: सिर्फ कुछ समय तक बातचीत हुई, हम दोनों एक दूसरे के लिए नहीं बने थे

**नई दिल्ली, वार्ता।** एक्ट्रेस ईशा गुप्ता ने क्रिकेटर हार्दिक पांडड़ा के साथ रिश्ते को लेकर बात की है। उन्होंने बताया कि दोनों कुछ समय के लिए एक-दूसरे से बातचीत कर रहे थे, लेकिन वह रिश्ता कभी डेटिंग तक नहीं पहुंचा।

ईशा ने सिद्धार्थ कन्नन को दिए एक इंटरव्यू में कहा, ष्हां, कुछ समय तक हमारी बातचीत हुई थी। मैं इसे डेटिंग नहीं कहूंगी, लेकिन हम कुछ महीनों तक बात कर रहे थे। हम उस स्टेज पर थे जहां लगता था शायद कुछ हो जाए, शायद नहीं। ये बातचीत डेटिंग स्टेज तक पहुंचने से पहले ही खत्म हो गई। हम एक या दो बार ही मिले थे।ष जब ईशा से पूछा गया कि क्या उनके बीच कपल बनने की संभावना थी, तो उन्होंने कहा, ष्शायद हो सकता था, लेकिन लगता है कि ऐसा होना नहीं था। उस समय हार्दिक पहले से ही टीवी पर कुछ बयान देकर विवादों में थे और तब तक हमारी बातचीत भी बंद हो चुकी थी।ष ईशा गुप्ता ने अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत फिल्म श्जन्नतश 2 से की थी।

ईशा ने 'कॉफी विद करण' के उस एपिसोड का भी जिक्र किया जिसमें हार्दिक पांडड़ा और केएल राहुल साथ आए थे। इस एपिसोड में हार्दिक के बयानों पर विवाद हुआ था। उन्होंने कहा कि मैं उस समय तक खुद को काफी मजबूत बना चुकी थी।

# विश्वास की कमी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प व कतर के शासकों के प्रयासों से यूं तो ईरान-इजरायल के बीच जो सीजफायर हुआ, वह बदस्तूर जारी है, लेकिन जिस तरह दोनों तरफ से अभी भी शब्दों के बाण चल रहे हैं। वह यह बताने के लिए काफी हैं कि जो शांति दिखाई दे रही है वह केवल सतही है। इसमें गहराई नहीं है और दोनों देशों के बीच जो अविश्वास की खाई है, वह किसी भी तरह से भरती दिखाई नहीं दे रही है। ईरान के विदेश मंत्री सईद खातिबजादेह ने एक लेबनानी चैनल के माध्यम से कहा है कि अमेरिका ने जिस तरह ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया है, वह उसका मुआवजा वसूलेगा। इसके लिए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज कराने की बात भी कही है। ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला खामेनेई ने ईरान के लोगों को जंग जीतने की बधाई दी है और एक्स पर कहा है कि ईरान ने अपने हमलों से इजरायल को धराशाई कर दिया, उसको कुचल दिया। यह कहते हुए उन्होंने अमेरिका पर भी हमला बोला और कहा कि अमेरिका ने इजरायल का खुलकर साथ दिया और जंग के आखिर में तो वह खुलकर मैदान में आ गया क्योंकि उसे डर था कि अगर वह जंग में नहीं कूदा तो इजरायल का ईरान के हाथों खात्मा तय है। खामेनेई ने कहा है कि हालांकि अमेरिका भी कुछ नहीं कर पाया और ईरान ने अमेरिका के मुंह पर जोरदार तमाचा मारा। ईरान ने अमेरिकी एयरबेस पर हमला किया और उसे नुकसान पहुंचाया। इस तरह ईरान ने बता दिया कि मिडिल ईस्ट में अमेरिका के ठिकाने उसकी पहुंच से दूर नहीं हैं। ब्रिटिश संसद के उच्च सदन हाउस ऑफ लॉर्ड्स के कन्जर्वेटिव सदस्य रिचर्ड भी मानते हैं कि ईरान व इजरायल के बीच युद्ध विराम से सैन्य कार्रवाई में कमी आ सकती है, लेकिन इससे शांति समझौते की संभावना नहीं है। वहीं दूसरी तरफ अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट सामने आई है कि जो कहती है कि सीजफायर कराना ही डोनाल्ड ट्रम्प के लिए भारी पड़ सकता है। द टेलीग्राफ की एक खबर के अनुसार सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि असली जवाब ईरान अमेरिका की सरजमीं से दे सकता है और वह भी स्लिपर सेल्स के जरिये। अखबार यहां तक कहता है कि यह बात ट्रम्प समेत पूरे सिस्टम के लिए खतरे की घंटी है। ये तमाम बातें हैं, जो यह बता रही हैं कि भले ही सीजफायर हो गया है, लेकिन अभी यह गारंटी मिलनी बाकी है कि समय के साथ इसमें मजबूती आएगी, क्योंकि कोई भी पक्ष झुकने के लिए जरा भी तैयार दिखाई नहीं दे रहा है और सबसे बड़ी बात यह है कि जिन बातों को लेकर यह युद्ध शुरू हुआ था वे मुद्दे जस के तस हैं। उनको लेकर कोई समाधान निकलता दिखाई नहीं दे रहा है। गाजा की समस्या भी जस की तस बनी है। इजरायल वहां रोज हमले कर रहा है। इजरायल ईरान के बीच सीधी भिड़ंत के दौरान ही 12 दिनों में 800 से अधिक फलस्तीनियों की जान इजरायली हमलों में चली गई है। ईरान बराबर अपने परमाणु कार्यक्रम से पीछे न हटने की बात कह रहा है। जब तक झगड़े का कारण बने मुद्दों पर बैठकर बातचीत नहीं होती तब तक मध्य पूर्व में शांति स्थापना को लेकर कुछ नहीं कहा जा सकता।

## सपना बनकर रह गया घर खरीदना



महंगाई चरम पर है और शहरी अर्थव्यवस्था में गरीब तथा मध्यम वर्ग के लोगों के लिए घर खरीदना सपना बनकर रह गया है, मुंबई में घर लेने के लिए भारत के सबसे अमीर पांच प्रतिशत लोगों को भी 109 साल तक अपनी आमदनी का 30 प्रतिशत बचाना पड़ेगा, यही हाल ज्यादातर बड़े शहरों का है, जहां आप अवसर और सफलता की तलाश में एडियां घिस देते हैं, कहां से आएगी इतनी बचत, गरीब और मध्यम वर्ग की विरासत दौलत नहीं, जिम्मेदारियां होती हैं, बच्चों की महंगी शिक्षा, महंगे इलाज की चिंता, माता-पिता की जिम्मेदारी या परिवार के लिए छोटी-सी गाड़ी, फिर भी दिलों में रहता है एक सपना एक दिन एक घर होगा अपना।

**-राहुल गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता**

# इस्लामी हिज़्री के पहले महीने मोहर्रम की अज़ीम है फज़ीलत




आलमे इन्सानियत में जब भी नए साल की बात जेहन में आती है हर इंसान खुशी और जश्न के तसव्वुर में डूब जाता है, मगर मजहबे-इस्लाम एक ऐसा वाहिद मजहब है जिसका नया साल अल्लाह-तआला की इबादत, वाजिबात की अदायगी और रंज व गम के साथ इंसानी जेहन को मकसदे-जिन्दगी की फिक्र और तहफ्फुजे दीन की दावत देता हुआ शुरू होता है। मोहर्रम जहां मजहबे-इस्लाम का पहला महीना है वहीं यह इस्लाम के चार मोअतबर महीनों में से एक है। जिसमें अल्लाह तआला की तरफ से किसी भी तरह की लड़ाई पर पाबंदी है। माहे- मुहर्रम की एक खुसूसियत यह भी है कि तारीख में यह महीना हमेशा से एक अहम महीना रहा है फिर चाहे वह नुजूले-इस्लाम के पहले का दौर हो या बाद का, क्योंकि इसमें तारीख के अहम वाकिआत गुजरे हैं और इन्हीं वाकिआत की वजह से यह गौर का मौजू रहा है कि आखिर वो कौन सा वाकिआ है जिसने इस महीने को इतनी अहमियत दी।

वैसे अगर हम तारीख में इसका जवाब तलाश करें तो पाएंगे कि इस महीने में तारीख के दो अहम वाकिआत गुजरे हैं जिसमें पहला तो यह है कि इस महीने में हजरत मूसा अलै. ने फिरऔन पर फतह हासिल की थी और दूसरा वाकिआ यह है कि इस महीने में सन 61 हिजरी में पैगम्बरे इस्लाम के नवासे इमाम हुसैन (अलै.) ने दीने- इस्लाम की रूह को बचाने के लिए कर्बला के मैदान में अपने अहले बैत और असहाब के साथ अपनी अजीम कुर्बानी दी, जिसके बाद माहे - मुहर्रम इमाम हुसैन (अलै.) और करबला से ऐसा मंसूब हुआ कि मोहर्रम का जिक्र आते ही आलमे-इंसानियत के जेहन में जो पहली बात आती है वो वाकि. आ-ए-करबला है।

दूसरा सवाल जो जेहन में आता है कि आखिर क्या वजह थी जो नवासा-ए-रसूल को इतनी अजीम कुर्बानी देनी पड़ी। इस सवाल का जवाब दो तरह से दिया जा सकता है, जिसमें पहला तो यह है कि उस वक्त का खलीफा जिसका नाम यजीद इब्ने माविया था, वह एक फासिको फाजिर इंसान था और जाती तौर पर शराब खोरी का आदी था जुआ खेलने वाला, तमाम हराम कामों को करने वाला इंसान था, यहां तक कि उसने अपने दौर हुकूमत में काबे का भी एहतराम ना किया और उसमें भी आग लगवा दी थी इसके बाद मआशरे पर मजहबे- इस्लाम के हलाल की हुई चीजों को हराम और हराम की हुई चीजों को हलाल करने पर आमादा था और अपने अमल को जायज करार देने के लिए वो इमाम हुसैन से बेअत लेना चाहता था, क्योंकि वह जानता था कि अगर इन्होंने बेअत कर ली तो तमाम आलमे-इस्लाम की जबान उसके खिलाफ चुप हो जाएगी। मगर इमाम हुसैन ने बेअत करने के बजाए अपना पूरा कुनबा इस्लाम पर कुर्बान करना कुबूल किया और शहादत तक बेअत कुबूल ना की।

इसी के मद्देनजर उन्होंने यजीद इब्ने माविया के खिलाफ कयाम किया और अपने अहलेबैत और असहाब के साथ करबला के मैदान में 3 दिन की भूख और प्यास के साथ इस्लाम पर कुर्बानी पेश की। एक और सवाल जो मेरे जेहन में इस वक्त आया वह यह कि करबला की जंग हुकूमत के लिए हुई थी या जंग- इस्लाम के दिफा के लिए हुई थी। अगर हम दूसरे सवाल के जवाब पर गौर करें तो खुद बखुद समझ सकते हैं कि यह इस्लाम जंग खुदा की राह में थी। जिसमें इमाम हुसैन (अलै.) ने दीने इस्लाम की खातिर अपना भरा घर लुटा दिया।

पैगम्बरे इस्लाम ने फरमाया: 'हसनैन (हसन और हुसैन) जवानाने जन्नत के सरदार हैं यानि जन्नत में मर्दों के सरदार हैं और कुरआन कहता है कि दुनिया की मुहब्बत गुनाह है, तो अब समझने की बात यह है कि अगर कुरआन दुनियावी मुहब्बत को गुनाह समझता है और गुनहगार का जन्नत में कोई तसव्वुर नहीं तो जन्नत में मर्दों के सरदार से दुनियावी हुकूमत की ख्वाहिश कैसे मनसूब किया जा सकता है।

अब दूसरी जगह कुरआन कहता है कि अहलेबैत, खुदा तो बस यह चाहता है कि तुमको हर तरह की बुराई से दूर रखे और जो पाक व पाक. ीजा दिखने का हक है वैसा पाक व पाकीजा रखे। तो कुरआन जिस हुसैन (अलै.) (अहलेबैत) की पाकीजगी की गवाही दे रहा है उन्होंने मदीने से निकलते वक्त एक खुत्बा दिया जिसमें इमाम हुसैन (अलै.) ने फरमाया, मैं अपने नाना की उम्मत की इस्लाह के लिए कयाम कर रहा हूं, तो अब मानना पड़ेगा के कयामे हुसैन (अलै.) खालिस खुदा के लिए था। अब आखिर में एक हदीस और बयान करना चाहूंगा, जिसमें उन्होंने फरमाया कि मेरा लाल हुसैन करबला की मिट्टी पर कत्ल किया जाएगा, हर इंसान जो उस वक्त मौजूद हो तो उसको चाहिए कि हुसैन की मदद करे।

अब यह बात मुकम्मल तौर पर जाहिर है कि अगर कयामे हुसैन (अलै.) दुनिया की मुहब्बत में होता तो पैगम्बरे इस्लाम कभी हसैन (अलै.) का साथ देने के लिए न कहते, तो अब यह काफी है इस बात को समझने के लिए कयामे इमाम हुसैन खालिस रजाए परवरदिगार को हासिल करने के लिए था। यजीद हुसैन को कत्ल कर के भी हार गया और हुसैन (अलै.) अपना सब कुछ लुटा कर भी दुनिया और आखिरत में कामयाब हो गए।



**ज़िया अब्बास ज़ैदी**

**सीनियर जर्नलिस्ट**

**मोबाइल नंबर 9837776610, मेल आईडी- ziaabbaszaidist@gmail.com**

# बेटियों के लिए मोह बढ़ना संतुलित समाज का आधार

**भारत में भी यही स्थितियां देखने को मिल रही है। जबकि सदियों से भारत की समाज-व्यवस्था एवं परिवार-परम्परा पुत्र मोह की ग्रंथि से ग्रस्त रहा है। जिसके चलते शिशु लिंग अनुपात में असंतुलन बढ़ता गया है। देश में हुई 2016 की जनगणना में लड़कों की तुलना में लड़कियों की घटती संख्या के आंकड़े चौंकाते ही नहीं बल्कि दुखी भी करते हैं। जिस तरह से लड़के-लड़कियों का अनुपात असंतुलित हो रहा है, उससे ऐसी चिन्ता भी जताई जाने लगी है कि यही स्थिति बनी रही तो लड़कियां कहां से लाएंगे?**



ललित गर्ग

दुनियाभर में माता-पिता आमतौर पर अब तक बेटियों की तुलना में बेटों को ज्यादा पसंद करते आ रहे हैं, लेकिन प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में एक सूक्ष्म, महत्वपूर्ण और बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि अब लड़के की तुलना में लड़कियों को अधिक पसंद किया जाने लगा है।

ऐसा इसलिए हो सकता है, क्योंकि लड़कियों के प्रति पूर्वाग्रह कम है और संभवत: लड़कों के प्रति पूर्वाग्रह ज्यादा है। नए साक्ष्य एवं अध्ययन इस बदलाव का संकेत देते हैं, जो संभवत: बढ़ते एकल परिवार परम्परा, तथाकथित आधुनिक-सुविधावादी जीवनशैली एवं कैरियर से जुड़ी प्राथमिकताओं के चलते लड़कों से जुड़े एक सूक्ष्म भय, उपेक्षा एवं उदासीनता को उजागर करते हैं। द इकोनॉमिस्ट द्वारा ताजा प्रकाशित रिपोर्टों में, लिंग प्राथमिकताओं को लेकर वैश्विक दृष्टिकोण में कुछ ऐसे ही दिलचस्प रुझान सामने आए हैं, जिसमें लड़कों के प्रति सदियों पुराना झुकाव अब कम हो रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाभर में माता-पिता अब लड़कों की तुलना में लड़कियों को भविष्य की सुरक्षा को लेकर अधिक पसंद कर रहे हैं। विकासशील देशों में, लड़कों के प्रति पूर्वाग्रह कम हो रहा है, जबकि अमीर देशों में लड़कियों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, युवा पुरुषों और महिलाओं के बीच लैंगिक भूमिकाओं को लेकर विचारों में अंतर बढ़ता जा रहा है।

ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में, भारत 148 देशों में 131वें स्थान पर है, जो पिछले वर्ष की तुलना में दो स्थान नीचे है और इसका लैंगिक समानता स्कोर 64.1 प्रतिशत है।

वर्तमान प्रगति की दर से, पूर्ण लैंगिक समानता प्राप्त करने में 134 वर्ष लगेंगे, जो दर्शाता है कि प्रगति की समग्र दर धीमी है। इन रिपोर्टों से पता चलता है कि दुनिया भर में लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति हो रही है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। भारत के लिए लैंगिक समानता की दिशा में दो पायदान की गिरावट का सबसे बड़ा कारण महिला समानता को लेकर चल रहे आन्दोलन है। भारत की बेटियां आज अंतरिक्ष से लेकर खेल के मैदान तक में बुलंदियां छू रही हैं। वे परिवार की जिम्मेदारियों को निभाने में उल्लेखनीय भूमिकाओं का निर्वाह कर रही है। सरकार द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'सुकन्या समृद्धि योजना' जैसे सराहनीय पहल के जरिए बेटियों को आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। 21वीं सदी की चौखट पर खड़ी दुनिया में बड़े व्यापक बदलाव हो रहे हैं। इंसानी रिश्तों की अहमियत को लेकर भी नई सोच पनप रही है। अब अमेरिका, दक्षिण कोरिया, भारत और चीन में, लिंग अनुपात सामान्य या यहां तक कि बेटी की पसंद के संकेत दिखाने लगा है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस बदलाव की असल वजह क्या है? दरअसल, माता-पिता में यह धारणा बलवती होती जा रही है कि बेटियां उनकी ढलती उम्र में धीरे-धीरे अधिक विश्वसनीय देखभाल करने वाली साबित हो सकती हैं। उन्हें परिवार से गहरे तक जुड़े रहने की अधिक संभावना के रूप में देखा जाने लगा है। आज बेटियों को बेटों के मुकाबले बेहतर शैक्षणिक प्रदर्शनकर्ता, परिवार सार-संभालकर्ता, माता-पिता के प्रति जिम्मेदारी निर्वाहकर्ता के रूप में देखा जाने लगा है। तेजी से कामकाजी दुनिया का हिस्सा बनने के कारण वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी होने से अनेक पारिवारिक जिम्मेदारियों के लिए अधिक संवेदनशील है। ऐसा माना जाने लगा है कि बेटियां बेटों के मुकाबले में ज्यादा संवे. दनशील होती हैं और जीवन के अंतिम पड़ाव में मां-बाप को सुरक्षा कवच प्रदान कर सकती हैं। जिसके चलते लोग बेटों के मुकाबले बेटियों को अपनी प्राथमिकता बनाने को तरजीह देने लगे हैं। पश्चिमी देशों में गोद लेने और आईवीएफ के डेटा दिखाते हैं कि बेटियों को चुनने की दिशा में स्पष्ट झुकाव है। दरअसल, पश्चिमी देशों के एकल परिवारों में बेटे अपनी गृहस्थी बसाकर मां-बाप को उनके भाग्य पर छोड़ जाते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# लाइलाज बीमारी डीएमडी से जूझते देश के बच्चे



रजनीश कपूर

ड्यूशेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी (डीएमडी) एक ऐसी दुर्लभ और लाइलाज जेनेटिक बीमारी है, जो मुख्य रूप से लड़कों को प्रभावित करती है। यह बीमारी मांसपेशियों को धीरे-धीरे कमजोर करती है, जिससे रोगी का चलना-फिरना, सांस लेना और अंतत: जीवित रहना मुश्किल हो जाता है। भारत में हर 3500 पुरुष जन्मों में से एक बच्चा इस बीमारी का शिकार होता है। इसका इलाज इतना महंगा है कि यह सामान्य परिवारों की पहुंच से बाहर है। ऐसी ही एक मार्मिक कहानी है अमृतसर के जंडियाला गुरु निवासी हरप्रीत सिंह और उनकी पत्नी की, जो अपने 9 वर्षीय बेटे इशमीत को बचाने के लिए दिन-रात संघर्ष कर रहे हैं। इशमीत को डीएमडी है और उसके इलाज के लिए 27 करोड़ रुपये की जरूरत है, एक ऐसी राशि जो किसी सामान्य परिवार के लिए असंभव-सी प्रतीत होती है।

हरप्रीत सिंह भारतीय सेना में सैनिक हैं और उनकी पत्नी का जीवन तब तक सामान्य था, जब तक उनके इकलौते बेटे इशमीत में कुछ असामान्य लक्षण दिखाई नहीं दिए। इशमीत जब चार साल का था तब उसके माता-पिता ने देखा कि वह ठीक से चल नहीं पाता, बार-बार गिरता है और अन्य बच्चों की तरह दौड़-भाग नहीं कर पाता। शुरू में उन्होंने इसे सामान्य कमजोरी समझा, लेकिन जब लक्षण बढ़ने लगे, तो वे उसे स्थानीय डॉक्टरों के पास ले गए। कई जांचों और अस्पतालों के चक्कर काटने के बाद, दिल्ली के एम्स में डॉक्टरों ने पुष्टि की कि इशमीत डीएमडी से पीड़ित है।



यह खबर सुनकर हरप्रीत और उनकी पत्नी के पैरों तले जमीन खिसक गई। डीएमडी एक अनुवांशिक बीमारी है, जो डिस्ट्रोफिन जीन में उत्परिवर्तन के कारण होती है। यह जीन शरीर में डिस्ट्रोफिन प्रोटीन का निर्माण करता है, जो मांसपेशियों को मजबूत रखने के लिए जरूरी होता है। इस प्रोटीन की कमी से मांसपेशियां कमजोर होकर धीरे-धीरे नष्ट हो जाती हैं। डीएमडी से पीड़ित बच्चों की औसत आयु 11 से 21 वर्ष तक होती है और ज्यादातर मरीज किशोरावस्था के अंत तक व्हीलचेयर पर निर्भर हो जाते हैं। जब हरप्रीत को पता चला कि उनके बेटे का इलाज संभव है तो उनके चेहरे पर उम्मीद की किरण जगी। एम्स के डॉक्टरों ने बताया कि अमेरिका में एक जीन थेरेपी उपलब्ध है, जिसमें एक विशेष इंजेक्शन जोल्जेंस्मा या समकक्ष दवा के जरिए डीएमडी का इलाज किया जा सकता है। डॉक्टरों ने आश्वा. सन दिया कि यह इंजेक्शन इशमीत को पूरी तरह स्वस्थ कर सकता है, लेकिन इस उम्मीद के साथ एक ऐसी सच्चाई भी सामने आई जिसने परिवार को हताश कर दिया। इस इंजेक्शन की कीमत 27 करोड़ रुपये है।

27 करोड़ रुपये की यह राशि किसी मध्यमवर्गीय परिवार के लिए कल्पनातीत है। हरप्रीत सिंह ने अपनी सारी जमा-पूंजी, जमीन, और अन्य संसाधनों को बेचने की कोशिश की, लेकिन इससे भी इस राशि का एक छोटा सा हिस्सा ही जुट पाया। भारत में डीएमडी का कोई किफायती इलाज उपलब्ध नहीं है और स्टेरॉयड जैसी दवाएं केवल लक्षणों को कुछ समय के लिए नियंत्रित कर सकती हैं, जिनके गंभीर दुष्प्रभाव भी हैं। हरप्रीत और उनकी पत्नी ने हार नहीं मानी। उन्होंने अपने बेटे को बचाने के लिए क्राउड फंडिंग का सहारा लिया। सोशल मीडिया, स्थानीय समुदाय और विभिन्न संगठनों के माध्यम से उन्होंने लोगों से मदद की अपील की। हरिमंदिर साहिब के बाहर खड़े होकर उन्होंने गुहार लगाई, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग उनकी कहानी सुन सकें। उनकी मेहनत रंग लाई और अब तक करीब दो करोड़ रूपए जमा हो चुके हैं।

अभी भी पच्चीस करोड़ रूपए की जरूरत है और समय तेजी से बीत रहा है। डीएमडी जैसी दुर्लभ बीमा. रियों के इलाज के लिए भारत में कोई ठोस नीति या सरकारी सहायता नहीं है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने 2021 में दिल्ली हाईकोर्ट में बताया था कि देश में करीब पांच लाख लोग डीएमडी से पीड़ित हैं और प्रत्येक मरीज के इलाज पर सालाना पांच करोड़ रूपए का खर्च आता है, लेकिन बजट की कमी के कारण सरकार इस दिशा में कोई कदम नहीं उठा पा रही। हरप्रीत ने कई बार सरकार से मदद की गुहार लगाई, लेकिन उन्हें केवल आश्वा. सन ही मिले। डीएमडी के मरीजों के लिए न तो मुफ्त दवाएं उपलब्ध हैं, न ही फिजियोथेरेपी जैसी सहायक सेवाएं। ऐसे में परिवार अकेले ही इस जंग को लड़ने के लिए मजबूर हैं। डीएमडी के बारे में भारत में जागरूकता का अभाव भी एक बड़ी समस्या है।

बहुत कम लोग इस बीमारी को समझते हैं, जिसके कारण मरीजों और उनके परिवारों को सामाजिक समर्थन नहीं मिल पाता। 2023 में दिल्ली के जंतर-मंतर पर डीएमडी जागरूकता के लिए एक रैली निकाली गई थी जिसमें 21 राज्यों से करीब 500 परिवार शामिल हुए। इस रैली में माता-पिता ने सरकार से सस्ती दवाओं, शोध के लिए फंड और मुफ्त इलाज की मांग की थी। हरप्रीत जैसे परिवारों का मानना है कि अगर समाज इस बीमारी को समझे और सरकार इसमें शोध को प्रोत्साहित करे, तो शायद भविष्य में इलाज किफायती हो सके। हरप्रीत और उनकी पत्नी का संघर्ष केवल इशमीत के लिए नहीं, बल्कि उन सभी परिवारों के लिए एक मिसाल है, जो डीएमडी जैसी बीमारियों से जूझ रहे हैं।

उनकी कहानी यह सवाल उठाती है कि क्या भारत जैसे देश में, जहां स्वास्थ्य सेवाएं पहले से ही चुनौतियों से भरी हैं, दुर्लभ बीमारियों के मरीजों को जीने का हक मिलेगा? क्या समाज और सरकार मिलकर इन परिवारों के लिए कोई रास्ता निकाल सकते हैं? यह न केवल हृदयविदारक है, बल्कि यह समाज और सरकार के लिए एक आंख खोलने वाली सीख भी है। 27 करोड़ रुपये का इलाज एक असंभव लक्ष्य जरूर है, लेकिन अगर समाज एकजुट हो जाए और सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाए, तो इशमीत जैसे बच्चों को नया जीवन मिल सकता है। डीएमडी से जूझ रहे बच्चों के लिए जागरूकता, शोध और किफायती इलाज की जरूरत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# न्यूक्लियर ठिकानों पर अमेरिकी हमलों की संयुक्त राष्ट्र में भरपाई मांगेगा ईरान

## बंकर बस्टर बम गिराना अमेरिका को पड़ेगा भारी

**तेहरान।** ईरान और इजरायल के बीच दो हफ्तों तक चली जबरदस्त जंग के बाद भले ही सीजफायर हो गया हो, लेकिन तनाव अब भी बना हुआ है। इस पूरे टकराव में अमेरिका भी इजरायल के साथ खुलकर सामने आया था और ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों पर बंकर बस्टर बम गिराए। अब ईरान इस हमले की कीमत वॉशिंगटन से वसूलने की तैयारी कर रहा है।

ईरान के डिप्टी विदेश मंत्री सईद खतिबजादेह ने लेबनानी चैनल अल-मयादीन से बातचीत में कहा कि तेहरान संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज करेगा और न्यूक्लियर ठिकानों को हुए नुकसान की भरपाई की मांग करेगा। ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराक्ची ने भी पहली बार माना है कि न्यूक्लियर ठिकानों को भारी नुकसान हुआ है। उनके मुताबिक, ये टकराव इजरायली मिसाइल हमलों से शुरू हुआ था, जिनमें ईरान के



न्यूक्लियर, मिसाइल और सैन्य ठिकाने सीधे निशाने पर थे। अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गैबार्ड के मुताबिक, ईरान के तीन प्रमुख न्यूक्लियर ठिकाने नतांज, फोर्दो और इस्फहान पूरी तरह तबाह हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि अगर ईरान चाहे भी तो इन्हें दोबारा तैयार करने में सालों लग जाएंगे। इजरायल की एटॉमिक एनर्जी कमीशन ने भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के उस बयान का समर्थन

### हमले की कीमत वॉशिंगटन से वसूलने की तैयारी, ईरान करने जा रहा है मुआवजे के लिए मुकदमा

किया है जिसमें उन्होंने कहा था कि फोर्दो ठिकाने को पूरी तरह मिटा दिया गया है। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता हुसैन केर्मनपौर के मुताबिक, संघर्ष में 627 लोगों की मौत हुई है जबकि 4870 लोग घायल हुए हैं। सबसे ज्यादा जानें राजधानी तेहरान में गई हैं। हालांकि गोलीबारी थमी है, लेकिन हालात सामान्य नहीं हुए हैं। अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत की संभावना है, लेकिन इजरायल और ईरान के बीच दुश्मनी फिर से भड़क सकती है। ईरान जहां मुआवज़े के लिए केस की तैयारी में है, वहीं अमेरिका और इजरायल इसे अपनी जीत बता रहे हैं।



श्रीनगर। डल झील पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर आयोजित 'शिकारा रैली' में भाग लेते शिकारा वाले।

## इजरायली बसाने वालों के हमले में तीन फलस्तीनी मारे गए

**रामल्लाह/यरूशलम।** वेस्ट बैंक के मध्य रामल्लाह के पूर्व में काफ़र मलिक शहर पर बुधवार को इजराइली बसने वालों के हमले में तीन फलस्तीनी मारे गए और सात अन्य घायल हो गए। फलस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएफए ने यह जानकारी दी। स्थानीय स्रोतों का हवाला देते हुए डब्ल्यूएएफए ने कहा कि दर्जनों बसने वालों ने काफ़र मलिक शहर पर हमला किया और शहर में नागरिकों के वाहनों और घरों को जला दिया, जबकि शहर और आस-पास के गांवों के निवासियों ने उनका सामना करने का प्रयास किया। डब्ल्यूएएफए ने कहा कि इजरायली बलों ने बसने वालों को सुरक्षा प्रदान की, फलस्तीनियों पर गोलियां चलाईं और एंबुलेंस को घायलों तक पहुंचने और उन्हें ले जाने से रोका। इजरायली अखबार हारेत्ज़ ने एक स्थानीय निवासी का हवाला देते हुए बताया कि यह इजरायली सेना थी जिसने तीन फलस्तीनियों को मार डाला, हालांकि बसने वालों ने हैंडगन से भी गोलियां चलाईं।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में बर्फ की झील के फटने की चेतावनी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने देश के उत्तरी पहाड़ी क्षेत्रों में बढ़ते तापमान के कारण बर्फ की झील (जीएलओएफ) के फटने के खतरे को लेकर अलर्ट जारी किया है। बुधवार को जारी चेतावनी में तेजी से बढ़ते तापमान और पश्चिमी मौसम प्रणाली के प्रभाव का हवाला दिया गया है। एनडीएमए ने कहा कि प्रमुख घाटियों में ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने से बर्फ की झीलों के फटने का खतरा बढ़ गया है जिससे अचानक बाढ़ आ सकती है और सड़कों और पुलों सहित बुनियादी ढांचे को नुकसान हो सकता है।

### उत्तरी इराक में दो आतंकवादी को किया ढेर

**बगदाद।** उत्तरी इराक में एक सैन्य अभियान के दौरान इस्लामिक स्टेट (आईएस) के दो आतंकवादी मारे गए। इराकी आतंकवाद निरोधी सेवा ने बुधवार को एक बयान में कहा कि खुफिया रिपोर्टों पर कार्रवाई करते हुए आतंकवाद निरोधी बलों ने किरकुक प्रांत के बीहड़ इलाके में आतंकवादियों पर घात लगाकर हमला किया जिसमें दो आतंकवादी मारे गए। आतंकवाद निरोधी सेवा ने कहा कि वह इराक के हर कोने से आतंकवाद का मुकाबला करना जारी रखेगी। गौरतलब है कि इराक ने वर्ष 2017 में आईएस पर जीत की घोषणा की थी, लेकिन आईएस समूह शहरी क्षेत्रों, रेगिस्तान और दूरदराज के क्षेत्रों में सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ हमले करते रहते हैं।

### मेक्सिको में संत उत्सव में गोलीबारी में दस की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मध्य मेक्सिको के गुआनाजुआटो राज्य के एक शहर इरापुआटो में संरक्षक संत उत्सव में 24 जून की रात को गोलीबारी में बच्चों सहित कम से कम 10 लोग मारे गए। राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने बुधवार सुबह इसकी पुष्टि की। राष्ट्रपति ने मेक्सिको सिटी में नेशनल पैलेस में अपने दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह वास्तव में एक झड़प थी, लेकिन दुर्भाग्य से बच्चों की मौत हो गई। शीनबाम ने कहा कि जो हुआ वह बहुत खेदजनक है। उन्होंने कहा कि घटना की जांच चल रही है और उन्होंने राज्य में चल रही हिंसा से निपटने के लिए गुआनाजुआटो के गवर्नर लीबिया डेनिस गार्सिया मुनोज़ लेडो के साथ मिलकर काम करने का वादा किया है।

## इजरायल को बचाने जंग में कूदा अमेरिकाः खामेनेई



### सुप्रीम लीडर ने कहाः ईरान ने कतर में अमेरिकी एयरबेस पर हमला कर मुंह पर तमाचा मारा

### ईरान में इजरायली हमलों में 13 जून से अब तक 627 लोगों की मौत

**तेहरान।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने ईरान के लोगों को इजरायल के खिलाफ जंग जीतने की बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में कहा कि मैं झूठे इजरायली सरकार पर जीत के लिए बधाई देता हूं।

ईरान ने अपने हमलों से इजरायल को धराशाई कर दिया, कुचल दिया। खामेनेई ने कहा कि अमेरिका दोनों देशों के बीच खुली जंग में इसलिए कूदा क्योंकि उसे डर था कि अगर उसने दखल नहीं दिया, तो इजरायल पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। लेकिन अमेरिका को कुछ हासिल नहीं हुआ। ईरान ने अमेरिका के चेहरे पर जोरदार तमाचा मारा। ईरान ने अमेरिकी एयरबेस पर हमला किया और उसे नुकसान पहुंचाया, जो मिडिल ईस्ट में अमेरिका के प्रमुख ठिकानों में से एक है। ईरान के पास मिडिल ईस्ट में अमेरिका के अहम ठिकानों तक पहुंच है। अगर कोई हमला हुआ, तो दुश्मन को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। इजरायल ने 13 जून को ईरान पर सबसे पहले हमला किया था। इसके बाद दोनों तरफ से जंग छिड़ गई। 12 दिनों तक चली जंग के बाद ट्रम्प ने 24 जून को सीजफायर का ऐलान किया था। ईरान में जंग से 627 और इजरायल में 28 लोगों की मौत हुई। वहीं ईरान में 13 जून से अब तक इजरायल के हवाई हमलों में कम से कम 627 लोग मारे गए हैं और 4870 अन्य घायल हुए हैं।

## ब्रिक्स समिट में शामिल नहीं होंगे जिनपिंग

### पीएम मोदी को स्टेट डिनर का न्योता दावाः भारत के प्रधानमंत्री को बुलाए जाने से नाराज

**रियो डी जेनेरियो/बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले हफ्ते ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में होने वाले ब्रिक्स समिट में भाग नहीं लेंगे। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट (एससीएमपी) ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया है कि जिनपिंग समिट के बाद स्टेट डिनर में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुलाए जाने से नाराज हैं।

ब्राजील में 6-7 जुलाई को 17वां ब्रिक्ससमिट होने वाला है। समिट के बाद स्टेट डिनर के लिए ब्राजीलियन राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा ने पीएम नरेंद्र मोदी को बुलाया है। एससीएमपी के मुताबिक, जिनपिंग को लग रहा है कि मोदी के सामने उन्हें कम तवज्जो मिलेगी। हालांकि, चीन ने ब्रिक्ससमिट के मेजबान ब्राजील को राष्ट्रपति जिनपिंग के बिजी शेडयूल का हवाला देते हुए उनके न आने की जानकारी दी है। बैठक से करीब



**ब्राजील में 6-7 जुलाई को 17वां ब्रिक्स समिट होने वाला है, समिट के बाद ब्राजीलियन राष्ट्रपति सिल्वा ने पीएम मोदी को बुलाया है**

10 दिन पहले चीनी राष्ट्रपति के इस फैसले से ब्राजील के नाराज होने की भी खबरें हैं। शी जिनपिंग के बतौर राष्ट्रपति 12 सालों के कार्यकाल में ऐसा पहली बार होगा, जब वे ब्रिक्ससमिट में नहीं जाएंगे। वे 2013 से हर साल समिट में शामिल हुए हैं। कोविड महामारी के दौरान, उन्होंने दो साल ब्रिक्स में वर्चुअली भाग लिया था। शी जिनपिंग और पीएम मोदी 23 अक्टूबर, 2024 को रूस के कजान में ब्रिक्स समिट में मिले थे। 2020 में गलवान झड़प के बाद दोनों नेताओं की यह पहली बाइलैटरल मीटिंग थी। जिनपिंग की जगह चीनी पीएम के ब्राजील जाने की संभावना एससीएमपी के मुताबिक, ब्रिक्स समिट में चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग की जगह अब प्रधानमंत्री ली कियांग देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने 2023 में भी जिनपिंग की जगह भारत में जी-20 समिट में भाग लिया था। हालांकि, चीन की तरफ से अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने ब्राजील के अखबार फोल्हा से कहा कि सही समय आने पर इसकी जानकारी दी जाएगी। शी जिनपिंग के समिट में भाग न लेने की रिपोर्ट्स पर ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह विदेशी प्रतिनिधिमंडलों के आंतरिक फैसलों पर टिप्पणी नहीं करेगा। मई 2025 में ब्राजीलियन राष्ट्रपति से मिले थे जिनपिंग एससीएमपी ने चीनी अधिकारियों के हवाले से बताया कि जिनपिंग पहले ही एक साल से भी कम समय में दो बार ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा से मिल चुके हैं। इसलिए उनका मानना है कि ब्रिक्स समिट में उनका जाना उतना जरूरी नहीं है। जिनपिंग नवम्बर, 2024 में दक्षिण अमेरिकी देश में जी-20 समिट और फिर मई, 2025 में बीजिंग में चीन-सेलाक फोरम में ब्राजील के राष्ट्रपति से मिले थे।

## इजरायल जैसा डिफेंस सिस्टम तैयार कर रहा ताइवान

### यूक्रेन और इजरायल से सबक लेते हुए ताइवान अपनी सुरक्षा को नए सिरे से मजबूत कर रहा

**ताइपे।** चीन के बढ़ते खतरे के बीच ताइवान अब पूरी तरह से तैयारियों में जुट गया है। यूक्रेन और इजरायल जैसे देशों से सबक लेते हुए ताइवान अपनी सुरक्षा व्यवस्था को नए सिरे से मजबूत कर रहा है। खासकर आम जनता की सुरक्षा के लिए अब एयर रेड शेल्टर यानी हवाई हमले से बचने के ठिकाने को लेकर गाइलाइंस में बड़ा बदलाव किया जा रहा है। ताइवान सरकार अगले हफ्ते नई एयर रेड शेल्टर गाइडलाइंस जारी करने वाली है।

इस गाइडलाइंस में बताया जाएगा कि अगर चीन की ओर से हमला होता है और एयर रेड सायरन बजता है, तो लोगों को कैसे और कहां शरण लेनी चाहिए। सरकारी दस्तावेजों के मुताबिक, अगर कोई व्यक्ति तय



समय (लगभग तीन मिनट) में किसी शेल्टर तक नहीं पहुंच पाता है, तो उसे क्या करना चाहिए, इसकी भी साफ हिदायत दी जाएगी।

एजैसे कम से कम दो दीवारों के पीछे छुपना और मुंह थोड़ा खुला रखना ताकि धमाके के असर से कान और सिर को कम नुकसान हो। ताइवान के एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि शहरों में बड़ी संख्या में लोग ऊंची बिल्डिंग्स में रहते हैं और तीन मिनट में शेल्टर तक पहुंचना मुश्किल होता है। इसलिए सरकार अब लोगों को घर में ही खुद को सुरक्षित रखने के तरीकों के बारे में जागरूक कर रही है। इस साल जुलाई में होने वाला हान कुआंग 41 सैन्य अभ्यास पहली बार 10 दिनों तक चलेगा। इसमें आम नागरिकों को भी शामिल किया जाएगा, ताकि इमरजेंसी में जरूरी सामान कैसे बांटा जाए और कैसे शांति बनाए रखी जाए, इसकी रिहर्सल कराई जा सके। ताइवान ने देशभर में एयर डिफेंस शेल्टर्स बनाए हैं, मेट्रो स्टेशन से लेकर मॉल तक। अकेले ताइपेई में 4,600 से ज्यादा शेल्टर्स हैं, जिनमें 1।2 करोड़ लोगों के बैठने की क्षमता है, जो कि शहर की आबादी से चार गुना ज्यादा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद ताइवान को एहसास हुआ कि अगला नंबर उसका हो सकता है। वहीं, इजरायल के 'आयरन डोम' जैसी तकनीकों और वहां के सिविल डिफेंस सिस्टम ने दुनिया को दिखाया कि आम जनता को भी युद्ध के वक्त तैयार रहना चाहिए। ताइवान का ये कदम बताता है कि अपने लोगों की जान बचाने के लिए वह किसी बड़े देश से कम नहीं।

## डोनाल्ड ट्रम्प की टेंशन बढ़ा रही खुफिया रिपोर्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जैसे ही ईरान-इजरायल के बीच संघर्ष विराम की घोषणा की, वॉशिंगटन के साथ पूरी दुनिया में कुछ राहत की सांस ली गई।

अब भले ही सीजफायर हो गया हो मगर अमेरिकी खुफिया एजेंसियों की एक रिपोर्ट सामने आई है जो कहती है सीजफायर कराना ही ट्रम्प के लिए भारी पड़ सकता है। द टेलीग्राफ ब्रिटेन की एक खबर के मुताबिक सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि असली जवाब ईरान अमेरिका की सरजमीं पर दे सकता है। वो भी स्लीपर सेल्स के जरिए। और यही बात ट्रम्प समेत पूरे सिस्टम के लिए खतरे की घंटी है। ये स्लीपर सेल्स आम ज़िंदगी जीते हुए किसी भी समय एक्टिव हो



### अमेरिका के कोने-कोने में एक्टिव है ईरान का खतरनाक 'हथियार'

सकते हैं। ये ऐसे लोग होते हैं जो दिखने में आम नागरिक लगते हैं। नौकरी करते हैं, समाज में घुल-मिल जाते हैं लेकिन असल में ये किसी विदेशी एजेंसी से जुड़े होते हैं। जैसे ही उन्हें ग्रीन सिग्नल मिलता है, वो हमला कर सकते हैं, ब्लैकमेलिंग कर सकते हैं या फिर किसी रणनीतिक टारगेट को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

रिपोर्ट में सामने आया है कि ईरान के एजेंट अमेरिका के शहरों में छुपे बैठे हैं। ये एजेंट ईरानी या आपराधिक नेटवर्क के ज़रिए मिशन पूरा करते हैं। अतीत में कई ऐसे ऑपरेशन पकड़े गए हैं, जहां ईरानी एजेंट्स ने हत्या या अपहरण की कोशिश की।

## भारत ने दिया पाक को करारा जवाब

### बच्चों के खिलाफ अत्याचार और आतंकवाद फैलाने वाले पाकिस्तान का संरा में उपदेश देना घोर पाखंड

**न्यूयॉर्क।** भारत ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। भारत ने संयुक्त राष्ट्र की प्रक्रियाओं पर पाकिस्तान के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पाकिस्तान अपने क्षेत्र में बच्चों के अत्याचार के मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने कहा कि बच्चों के खिलाफ अत्याचार और आतंकवाद फैलाने वाले पाकिस्तान का संयुक्त राष्ट्र में उपदेश देना घोर पाखंड है। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में बच्चों और सशस्त्र संघर्ष (सीएएसी) पर वार्षिक खुली बहस के दौरान भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि मैं पाकिस्तान के प्रतिनिधि की ओर से की गई राजनीति से प्रेरित टिप्पणियों पर खारिज करता हूं। पाकिस्तान सीएएसी एजेंडे के गंभीर उल्लंघनकर्ताओं में से एक है। पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र की प्रक्रियाओं पर गलत तरीके से संदेह व्यक्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपने नापाक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न चर्चाओं में भारत को बदनाम कर रहा है। ऐसा करके पाकिस्तान अपने ही देश में बच्चों के खिलाफ किए जा रहे अत्याचारों से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहा है। भारत इसे अस्वीकार करता है। इसके अलावा भारत सीमा पार से किए जा रहे बड़े पैमाने पर आतंकवाद को भी अस्वीकार कर रहा है। भारत के स्थाई प्रतिनिधि और राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि हमारी दुनिया संघर्षों और आतंकी हमलों में एक खतरनाक वृद्धि देख रही है और बच्चे उनके सबसे ज्यादा शिकार हो रहे हैं।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0:
8899777782
9897640744

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
M.B.B.S ABROAD
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज). वीजा एक्सटेंशन. इंश्योरेंस. मेडिकल. ट्रांसपोर्टेशन. लॉन्डरी.
एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)